

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 11 अगस्त 2024 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-135 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 12 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## कुछ लोग देश में पैदा करना चाहते हैं आर्थिक अराजकता:भाजपा

### हिंडनबर्ग रिपोर्ट से देश में मचा सियासी घमासान

**नई दिल्ली,11 अगस्त।** अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की नई रिपोर्ट आने के बाद से हंगामा मच गया है। रिपोर्ट में हिंडनबर्ग ने दावा किया है कि एसईबीआई चेयरमैन माधबी पुरी बुच की अडानी मनी साइफनिंग घोटाले में इस्तेमाल की गई अस्पष्ट ऑफशोर संस्थाओं में हिस्सेदारी थी। इसी कारण उन्होंने अडानी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। हिंडनबर्ग के दावे के तुरंत बाद केंद्र की मोदी सरकार पर विपक्ष हमलावर है। वहीं मामले में भाजपा की पहली प्रतिक्रिया भी सामने आई है। बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कुछ लोग देश में आर्थिक आराजकता पैदा करना चाहते हैं।एलआईसी और एचएल को भी पहले बदनाम किया गया था। पिछले कई वर्ष से विदेश से ऐसी रिपोर्ट आती है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि विपक्ष के तार सीमा पार जुडें हुए हैं। राहुल गांधी एक ब्रिटिश कंपनी में काम कर चुके हैं। विदेशी कंपनी के साथ कांग्रेस का यारान है और आर्थिक संस्था पर हमला किया जा रहा है। कुछ लोग देश में आर्थिक आराजकता पैदा करना चाहते हैं। एलआईसी और एचएल को भी पहले



बदनाम किया गया था। पिछ्ले कई वर्ष से जब जब संसद का सत्र चलता है तो विदेश से रिपोर्ट आती है। संसद सत्र के दौरान रिपोर्ट आते हैं। इस मामले पर टीएमसी सांसद ने कहा, यह एक तरह से सेबी का टकराव और कब्जा दोनों है। सेबी चेयरपर्सन अडानी ग्रुप में अपारदर्शी निवेशक हैं। गौतम आडानी के समधी सिरिल श्रॉफ कॉर्पोरेट गवर्नेंस कमेटी में हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि सेबी के पास सभी शिकायतें अनसुनी कर दी जाती हैं। महुआ मोइत्रा ने सिरिल श्रॉफ के नाम पर टिक लगाते हुए कहा कि जब तक ये सेबी के चेयरपर्सन हैं तब तक हम अडानी पर जांच को लेकर सेबी पर भरोसा नहीं कर सकते। यह जानकारी सार्वजनिक होने के बाद सुप्रीम कोर्ट को अपने फैसले पर दोबारा विचार करना होगा। अमेरिका स्थित शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने शनिवार को अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि सेबी की चेयरपर्सन माधबी बुच और उनके पति धवल बुच के पास अडानी समूह के कथित वित्तीय कदाचार से जुड़ी ऑफशोर एंटिटी में हिस्सेदारी है। व्हिसलब्लोअर दस्तावेजों का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि ये संस्थाएं गौतम के बड़े भाई विनोद अडानी की ओर से रुपयों की हेराफेरी करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले नेटवर्क का हिस्सा थीं। रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2017 से मार्च 2022 तक बुच की अगोरा पार्टनर्स नामक एक ऑफशोर सिंगापुर की कंसल्टिंग फर्म में 100 फीसदी हिस्सेदारी थी। 16 मार्च, 2022 को सेबी चेयरपर्सन के रूप में उनकी नियुक्ति के दो सप्ताह बाद उन्होंने चुपचाप अपने पति को शेयर ट्रांसफर कर दिए। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अडानी समूह के खिलाफ जांच करने में सेबी की निष्पक्षता संभावित हितों के टकराव के कारण 'संदिग्ध' है।

### अडानी ग्रुप ने आरोपों को सिरे से खारिज किया

नई दिल्ली,11 अगस्त। हिंडनबर्ग रिसर्च के नवीनतम आरोपों पर अडानी समूह ने प्रतिक्रिया दी है। अडानी समूह ने रविवार को एक बयान जारी कर हिंडेनबर्ग के आरोपों का खंडन किया। इसके अलावा उन्होंने हिंडनबर्ग पर निजी लाभ के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी का चुनिंदा रूप से उपयोग करने का आरोप लगाया। अडानी समूह ने अपने बयान में कहा, हिंडनबर्ग रिपोर्ट - एक भ्रामक आरोप, हिंडनबर्ग द्वारा लगाए गए नवीनतम आरोप सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी का दुर्भावनापूर्ण, शरारती और जोड़-तोड़ वाला चयन है, जो तथ्यों और कानून की अवहेलना करते हुए व्यक्तिगत मुनाफ़ा कमाने के लिए पूर्व-निर्धारित निष्कर्षों पर पहुँचता है।

## कोरोना काल में काम करने वाले कर्मियों को सरकारी नौकरी में मिलेगा 10 बोनस अंक

**बिलासपुर,11 अगस्त।** कोरोना काल में स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में 6 माह तक सेवा देने वाले कर्मियों को सरकारी भर्तियों में 10 नम्बर बोनस देने के निर्देश हाईकोर्ट ने दिए हैं. इसे लेकर राज्य शासन ने 3 साल पहले घोषणा की थी, लेकिन लाभ नहीं दिया जा रहा था. दरअसल, नवागांव जिला धमतरी निवासी याचिकाकर्ता चन्द्रकांत साहू ने कोविड-19 के दौरान अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेलरगांव द्वारा संयुक्त रूप से संचालित कोविड-19 कार्यक्रम में काम लिया था. 6 माह पूरे करने के बाद ऐसे कर्मचारियों ने आगे सर्विस जारी रखने की शासन से मांग की थी. जिस पर सरकार ने 7 दिसंबर 2021 को आदेश जारी किया कि कोविड काल में जिन कार्यकर्ताओं ने 6 महीने काम किया है, उनको प्रदेश में होने वाली तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर भर्ती प्रक्रिया में 10 अंक बोनस दिए जाएंगे. याचिकाकर्ता चंद्रकांत ने स्वास्थ्य विभाग धमतरी जिले की भर्ती में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन में किए गए अपने कार्य का प्रमाण पत्र पेश किया, लेकिन इसे अमान्य कर बोनस के 10 अंक नहीं दिए गए. इस पर चंद्रकांत ने अधिवक्ता अनुकूल विश्वास के जरिए हाई कोर्ट में याचिका लगाई. हाई कोर्ट जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई के बाद आदेश दिया है कि शासन के साथ संयुक्त रूप से संचालित कोविड-19 कार्यक्रम के काम करने वालों को भी 10 अंक बोनस दिए जाएं.



## संक्षेप

### स्कूली छात्रा से दोस्त ने किया दुष्कर्म

**रायपुर,11 अगस्त।** राजधानी रायपुर के एक स्कूली छात्रा से दुष्कर्म और इसका वीडियो वायरल होने का मामला सामने आया है. पूरा मामला राजधानी के एक स्कूल का है. पीड़िता की रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी भी उसी स्कूल का छात्र है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राजधानी में 15 वर्षीय एक नाबालिग छात्रा रेप का शिकार हो गई. घटना का वीडियो भी बनाया गया. दो दिन पीड़ित छात्रा को लेकर उसके माता-पिता रिपोर्ट लिखाने भटकते रहे. हालांकि बाद में भाजपा नेताओं की मदद से रिपोर्ट दर्ज की गई. मणिशंकर चंद्रा (सीएसपी, उरला) के मुताबिक पीड़िता और आरोपी दोनो नाबालिग है और घटना स्कूल परिसर से थोड़ी दूर की ही है. इस दौरान किसी अज्ञात ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया. अब पुलिस उसकी तलाश में जुटी है. पुलिस के मुताबिक पीड़िता व आरोपी दोनों की उम्र 15 से 17 साल के मध्य है. घटना एक हफ्ते पहले की है. अब पुलिस ने पास्को में केस दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है.

### दो बाइक में टक्कर 2 की मौत

**बिलासपुर,11 अगस्त।** जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है. दरअसल, सीपत क्षेत्र के मटियारी के पास बीती रात दो बाइक में जबरदस्त भिड़ंत हो गई. हादसे में दोनों बाइक में सवार 2 लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक महिला और युवक की हालत गंभीर है. उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती किया गया है. जानकारी के मुताबिक सीपत के अमलीपारा निवासी रामलाल सूर्यवंशी, अश्वनी सूर्यवंशी और सुशीला बाई बिलासपुर से काम के बाद लौट रहे थे. रामलाल सूर्यवंशी की बाइक मटियारी-पंधी के बीच नयनतारा कालेज के पास पहुंची थी. तभी सामने से आ रही बाइक से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई. इस हादसे में बिटकुला हरदुली निवासी बाइक सवार दीपेश सूर्यवंशी की मौके पर ही मौत हो गई. घायल रामलाल सूर्यवंशी, सुशीला बाई सूर्यवंशी और अश्वनी कुमार सूर्यवंशी गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की सूचना पर 108 की टीम मौके पर पहुंची. घायलों रामलाल सूर्यवंशी, सुशीला बाई सूर्यवंशी व अश्वनी कुमार सूर्यवंशी का प्राथमिक उपचार कर सिम्स लेकर पहुंचे. सिम्स में जांच के दौरान डाक्टर ने रामलाल को मृत घोषित कर दिया, वहीं घायलों का इलाज सिम्स में जारी है. इस मामले में सीपत पुलिस जांच में जुटी हुई है.

### खरगे के दावे पर भड़कीं मायावती

**लखनऊ ,11 अगस्त।** यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा आरक्षण को लेकर किए गए दावों पर सवाल उठाए हैं। मायावती ने एक्स पोस्ट में लिखा- कल बीएसपी की प्रेस कान्फ्रेंस के बाद कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिए बयान की जानकारी मिली, जिससे एससी व एसटी के समक्ष कांग्रेस पार्टी के बयान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को नहीं बल्कि पंडित नेहरू व गांधीजी को आरक्षण का श्रेय दिया गया है, जिसमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है।

उन्होंने कहा, वास्तव में आरक्षण का पूरा श्रेय बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को ही जाता है, जिनको किस तरह से कांग्रेस के लोगों ने संविधान सभा में जाने से रोकने का षड्यंत्र रचा और उनको चुनाव में भी हराने का काम किया। कानूनी मंत्री पद से भी इस्तीफा देने को विवश किया। मायावती ने कांग्रेस अध्यक्ष से सवाल पूछते हुए कहा, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह कहा कि देश में एससी व एसटी वर्गों के उपवर्गीकरण के संबंध में पार्टी के स्टैंड का खुलासा करने के पहले इनकी पार्टी एनजीओ व वकीलों आदि से विचार-विमर्श करेगी.

## पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का निधन

**नई दिल्ली,11 अगस्त।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का निधन हो गया है। लंबी बीमारी के बाद 95 साल की उम्र में उन्होंने शनिवार की रात अंतिम सांस ली। वह गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे, जहां उनका इलाज चल रहा था। नटवर सिंह के निधन पर पीएम नरेन्द्र मोदी और एस जयशंकर ने भी शोक व्यक्त किया। मोदी ने नटवर सिंह के कूटनीति और विदेश नीति की प्रशंसा की तो वहीं विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 2005 के भारत-अमेरिका परमाणु समझौते में उनके योगदान को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक्स हैंडल से नटवर सिंह के साथ एक



तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि नटवर सिंह जी के निधन से दुखी हूं। उन्होंने कूटनीति और विदेश नीति की दुनिया में समृद्ध योगदान दिया। वे अपनी बुद्धि के साथ-साथ विपुल लेखन के लिए भी जाने जाते थे। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति। बता दें कि कुंवर नटवर सिंह ने मई 2004 से दिसंबर 2005 तक विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया था। सिंह को 1953 में भारतीय विदेश सेवा में चुना गया था।1984 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सदस्य के रूप में चुनाव लड़ने के लिए सेवा से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने चुनाव जीता और 1989 तक केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। इसके बाद, 2004 में भारत के विदेश मंत्री बनाए जाने तक उनका राजनीतिक करियर उतार-चढ़ाव भरा रहा।

## सत्ता से हटाने में अमेरिका का हाथ: शेख हसीना

**नई दिल्ली,11 अगस्त।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश छोड़ने के बाद पहली बार बयान दिया है। इसमें हसीना ने इशारा किया है कि उन्हें सत्ता से हटाने के पीछे अमेरिका का हाथ हो सकता है। उन्होंने कहाकि मैंने इसलिए इस्तीफा दिया ताकि देश में अमन-चैन कायम रहे। मैं नहीं चाहती थी कि वहां पर हिंसा हो। शेख हसीना ने कहा कि वह लोग छात्रों की लाशों पर सत्ता हासिल करना चाहते थे। लेकिन मैंने पहले ही इस्तीफा देकर ऐसी नौबत ही नहीं आने दी। गौरतलब है कि बांग्लादेश में राजनीतिक हालात काफी ज्यादा खराब हैं। पांच अगस्त को छात्रों का विरोध प्रदर्शन तेज हुआ था। यह लोग सरकारी नौकरी में विवादास्पद कोटा सिस्टम खत्म करने की मांग कर रहे थे। इसके बाद बढ़ती हिंसा से डरकर शेख हसीना मिलिट्री एयरक्राफ्ट में सवार होकर भारत पहुंच गईं। फिलहाल वह भारत में ही मौजूद हैं। बांग्लादेश में नोबल विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार चुनी गई है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर मैंने अमेरिका को बंगाल की खाड़ी में अधिकार दे दिए होते तो मेरी सत्ता कायम रहती। उन्होंने कहा,



लेकिन मैंने अपने देश के लोगों का ख्याल रखा। शेख हसीना ने लोगों से यह भी अपील की कि वह उग्रवादियों के बहकावे में न आएं। गौरतलब है कि मई में हसीना ने बांग्लादेश और म्यांमार के कुछ हिस्सों को विभाजित करके पूर्वी तिमोर की तरह एक ईसाई राज्य बनाने की साजिश का आरोप लगाया था। उन्होंने दावा किया कि अगर वह किसी विदेशी देश को बांग्लादेश में एयरबेस स्थापित करने की अनुमति देती हैं तो उन्हें बेहद आसानी से एक बार फिर पीएम चुन लिया जाएगा। हालांकि उन्होंने उस वक्त देश का नाम नहीं बताया था। शेख हसीना ने अपने बयान में कहा कि अगर वह देश में रुकी होतीं तो और ज्यादा मौतें हो जातीं। इतना ही नहीं, प्रदर्शन भी काफी उग्र होता और इससे नुकसान भी काफी होता। उन्होंने बांग्लादेशवासियों से कहा कि मैं आपकी लीडर बनी, क्योंकि आपने मुझे चुना था। बता दें कि शेख हसीना के इस्तीफे के बाद बांग्लादेश में 300 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। इसके चलते अभी तक वहां पर मरने वालों की संख्या बढ़कर 560 हो चुकी है। हसीना ने कहा कि उनके शब्दों का गलत इस्तेमाल करके छात्रों को भड़काया गया।

### समुद्र के रास्ते भारत में दाखिल हो रहे बांग्लादेशी

**भुवनेश्वर,11 अगस्त।** बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल और हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार बढ़ने के बाद बड़ी संख्या में हिंदू भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं। बॉर्डर पर हजारों हिंदुओं को रोक दिया गया। वहीं कई रिपोर्ट में कहा गया कि बांग्लादेशी समुद्र के रास्ते भी भारत में प्रवेश कर सकते हैं। इसपर ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि बांग्लादेश में हिंसा के बाद बांग्लादेशियों के समुद्र मार्ग से तटीय राज्य में दाखिल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। पुलिस का कहना है कि भारतीय नौसेना, तटरक्षक बल और ओडिशा समुद्री पुलिस बांग्लादेश से सटी 480 किलोमीटर लंबी समुद्री सीमा पर त्रिस्तरीय सुरक्षा बनाए हुए हैं। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच बांग्लादेशियों के समुद्र मार्ग से ओडिशा में दाखिल होने की संभावनाओं से जुड़े पत्रकारों के सवाल के जवाब में हरिचंदन ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने तटरक्षक बल और ओडिशा समुद्री पुलिस को इस तरह की कोशिशों को नाकाम करने के लिए समुद्र तट पर गश्त करने का निर्देश दिया है।

## भूपेश बघेल के आरोपों पर डिप्टी सीएम का पलटवार

### हम दस्तावेजी प्रमाण की बात कर रहे, आप अपने आरोप प्रमाणित करें

**रायपुर,11 अगस्त।** मानपुर-मोहला में नक्सली सहयोगी विजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद शुरू हुआ सियासी आरोप-प्रत्यारोप के बीच पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आरोप पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि दस्तावेजी प्रमाण हैं, जिसकी हम बात कर रहे हैं. आपके आरोप का कोई प्रमाण थोड़ी ना है, अगर है बात को प्रमाणित करें. नक्सलियों के मनी ट्रेल पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि विवेक सिंह नाम के जो व्यक्ति निकले हैं, वो भूपेश बघेल के पिता के प्रतिनिधि



रहे हैं. मनी ट्रेल की एक चैन पकड़ी गई हैं, आगे भी लोगों को पकड़ा जाएगा. इनके रिश्तेदार, भाई आदि नक्सल कमांडर हैं. इसका भी रिकॉर्ड है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी स्वयं का व्यवसाय चलाने के लिए नक्सलियों को फंडिंग करते हो, उन्हें इससे बचना चाहिए. नक्सलियों के द्वारा पत्र भी जारी किया है कि हमे खेद है. मैं नक्सलियों से पूछना चाहता हूं कि क्या एक खेद हैं? हजारों के लिए खेद नहीं हैं?. उन्होंने कहा कि निःसंदेह नक्सलियों के बीच स्थिति ऐसी हो गई हैं कि खून खराब जैसी स्थिति वे स्वीकार नहीं कर रहे हैं. वो वहां से निकले, सरकार उन्हें पूरी सुरक्षा मुहैया कराएगी. उन्हें अपने नक्सली साथियों से डरने की आवश्यकता नहीं है.

### कार-ट्रक टक्कर में तीन की मौत

**जयपुर ,11 अगस्त।** बीती रात जयपुर के प्रताप नगर एनआरआई सर्किल पर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक कार और ट्रक की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो छात्र और एक ड्राइवर शामिल थे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार प्रताप नगर से जवाहर सर्किल की ओर जा रही थी, जब यह तेज रफ्तार से आकर ट्रक से टकरा गई। ट्रक में सब्जियों का भरा हुआ था और ड्राइवर उसे मोड़ने का प्रयास कर रहा था।

## गांजा तस्करी करते 'बंटी-बबली' गिरफ्तार

**रायपुर,11 अगस्त।** ऑपरेशन निजात के तहत राजधानी पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. कार में गांजा तस्करी करते बंटी और बबली में को गिरफ्तार किया गया है. आरोपियों को को पुलिस ने रायपुर के मंदिर हसौद इलाके में 50 किलो से अधिक गांजे के साथ पकड़ा है और स्विफ्ट डिजायर कार को भी जब्त किया है. जब्त मादक पदार्थ और कार की कीमत 15.50 लाख रुपये है. यह मामला मंदिर हसौद थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार,10 अगस्त को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की नारकोटिक्स सेल को सूचना मिली कि एक चार पहिया वाहन महासमुंद से रायपुर की ओर गांजा लाया जा रहा है. सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने मुख्य मार्ग पर नाकेबंदी की. नाकेबंदी के दौरान पुलिस ने मुखबिर बताए गए वाहन को रोका, जिसमें एक युवती और एक युवक सवार थे. पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सतीश अग्रवाल और कुमारी कामेश्वरी गोस्वामी बताया. कार की तलाशी लेने पर कार में अलग-अलग पैकेटों में 50 किलो 300 ग्राम गांजा पाया गया, जिसे ओडिशा से रायपुर लाया जा रहा था. पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है. 50 किलो से अधिक गांजा और गांजा परिवहन में प्रयुक्त स्वीफ्ट डिजायर कार सी जी 04 पी बी 4532 जुमला कीमती लगभग 15 लाख 50,000 रूपये जब्त किया गया है.



## मनसे कार्यकर्ताओं ने उद्धव ठाकरे के काफिले पर गोबर-टमाटर से किया हमला

**मुंबई,11 अगस्त।** इस वर्ष नवंबर में होन वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के चंद महीने शेष है। वहीं कुर्सी के लिए हर तरह के हथकंडे पार्टियां अजमाने लगी है। इन सबमें केंद्र में पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना और राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना आ गई है। दरअस शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे इलाके में मनसे के कार्यकर्ताओं ने पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के काफिले पर नारियल, गोबर, टमाटर और चूड़ियों से हमला स्थल पर पहुंचे, वैसे ही महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना पार्टी के कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ हमला बोल दिला। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। इस हमले में उनकी 16 से 17 गाड़ियों पर नारियल फेंके गए। उद्धव ठाकरे के काफिले पर यह एक जवाबी हमला था। दरअसल, हाल ही में बीड़ में राज ठाकरे पर उद्धव गुट की शिव सेना के कार्यकर्ताओं



किया। मनसे ने इसे राज ठाकरे के काफिले पर शिसवेना द्वारा सुपारी से किए गिए हमले का बदला करार दिया है।

राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने पूर्व सीएम के काफिले पर गोबर फेंका, नारियल और टमाटर और चूड़ियां फेंकी। यह हमला उस समय हुआ जब उद्धव ठाकरे अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करने गडकरी रंगयातन पहुंचे थे। उद्धव जिस गाड़ी में सवार थे उसी गाड़ी पर गोबर फेंका गया। उद्धव ठाकरे पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने पहुंचे थे, जैसे ही वो कार्यक्रम ने राज ठाकरे के काफिले पर टमाटर और सुपारी फेंकी थी। इसके जवाब में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने उद्धव ठाकरे के काफिले पर गोबर फेंका और नारियल, चूड़ियां फेंक कर बदला लिया। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नेता अविनाश जाधव ने कहा कि कल आप सब ने देखा कि किस तरह उद्धव गुट की शिव सेना के कार्यकर्ताओं ने राज ठाकरे के काफिले पर हमला किया था। उन्होंने कहा, हमारे महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने उन्हें आज जवाब दिया है। उन्होंने हम पर सुपारी फेंकी हमने उन पर नारियल फेंका।

### आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल, पेरिस : 2024 असफलता के लिए खिलाड़ी स्वयं दोषी

jasclaudius@gmail.com

## जीत के करीब क्यों होता है खेल से ध्यान भंग?

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

1 अरब चौवालीस करोड़ आबादी वाले देश में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं के लिए ओलंपिक खेल हो या गैर ओलंपिक खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं। इसका प्रमाण यह है कि ओलंपिक में ऐसे कई खेल हैं जिनकी विश्व स्पर्धाओं में भारतीय खिलाड़ियां ने स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक जीता है। इन खेलों में तीरंदाजी, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, हाकी, कुश्ती, भारोत्तोलन, निशानेबाजी, टेनिस आदि खेल शामिल हैं। इसी तरह गैर ओलंपिक खेल में शतरंज, कबड्डी, क्रिकेट आदि में हमारे देश के खिलाड़ियों ने कई बार विश्व स्तर की स्पर्धा को जीता है। एक प्रश्न बार-बार मन-मस्तिष्क में उभरकर आता है कि आखिरकार क्या वजह है कि भारतीय एथलीट बहु खेल स्पर्धा याने ओलंपिक खेलों या एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों में फिसड्डी साबित होते हैं। इसका सबसे ताजा उदाहरण भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी हैं जिन्होंने अप्रैल 2024 में विश्व तीरंदाजी प्रतियोगिता में एकल का स्वर्ण पदक जीता था लेकिन पेरिस में वह अपने प्रतिद्वंद्वी से हार गई। पिछले 10 वर्षों से केंद्र सरकार ने भारत में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रकार के सकारात्मक निर्णय लिये हैं।जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा के अनुसार चयनित करके उन्हें अत्याधुनिक प्रशिक्षण, खेल सामग्री, प्रशिक्षक, चिकित्सा, संतुलित आहार उपलब्ध कराने के लिए खेलो इंडिया जैसा क्रांतिकारी कार्यक्रम आरंभ किया है। इस तरह की योजना के लिए धनराशि की आवश्यकता होती है जिस पर भी केंद्र सरकार द्वारा समुचित बजट का प्रावधान 2014-15 वित्तीय वर्ष से निरंतर किया जा रहा है। केंद्र सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के लिए 2013-14 में 1219 करोड़ रुपये आबंटित किए गए थे जिसमें से खेल विभाग के लिए 792.72 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। 2024-25 के लिए केंद्र सरकार द्वारा युवा कल्याण मामलों तथा खेल विभाग के लिए 3442.32 करोड़ रुपये का आबंटन किया गया है जिसमें से खेल विभाग का पृथक बजट 2236.97 करोड़ रुपये है। स्पष्ट है कि केंद्र सरकार भारत को खेलकूद के विश्व मंच पर स्थापित करने के लिए लगातार कोशिश कर रही है। इसका प्रमाण यह है कि खिलाड़ियों के चयन, आवास, शिक्षा, पुरस्कार, खान-पान, प्रशिक्षण, अधोसंरचना निर्माण आदि को भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ मिलजुलकर सुनिश्चित करने के लिए पिछले दस वर्षों में बजट राशि को 792.72 करोड़ से 2236.97 करोड़ कर दिया गया है। अर्थात् दस वर्षों में करीब 182 प्रतिशत बढ़ा दिया गया ह। 2014-15 में भारतीय खेल विभाग की जिम्मेदारी पहली बार 2004 एथेंस में सम्पन्न निशानेबाजी के डबल ट्रेप इवेंट में रजत पदक विजेता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर को सौंपा गया। भारत के खेल इतिहास में यह विस्मयकारी परिवर्तन माना जाता है। कर्नल राज्यवर्धन ने अपने अनुभव के आधार पर भारत की खेल नीति में बदलाव के लिए कार्ययोजना बनाई और 2016-17 से उसे खेलो इंडिया के रूप में लागू किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में किरण रिजिजू, अनुराग ठाकुर और मनसुख मांडविया भारत के खेल मंत्री रहकर देश में शहर से लेकर गांवों तक खेलकूद का वातावरण तैयार करने के लिए प्रयासरत हैं। अब प्रश्न यह उठता है कि भारत की स्वतंत्रता के 77 वर्षों बाद भी दुनिया के प्रतिष्ठित खेल मंच पर भारतीय खिलाड़ी अपना छाप क्यों छोड़ पाये हैं? हमारे निशानेबाजों, पहलवानों, एथलटिक्स और हाकी खिलाड़ियों ने ओलंपिक जैसे सबसे महत्वपूर्ण बहुखेल स्पर्धा पेरिस 2024 में सफलता दिलाई जिसके कारण भारत को रजत के साथ 5 कांस्य पदक मिले। भारत की तरफ से 16 खेलों में 117 खिलाड़ियों ने पदक के लिए दावा ठोका था लेकिन सफलता सिर्फ चार खेलों में मिली। भारत सरकार द्वारा 2016-17 से उत्कृष्ट खिलाड़ी तैयार किए जाने के 8 वर्षों बाद खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन से उत्साह का संचार हुआ ऐसा नहीं कहा जा सकता है। इसकी वजह क्या है? अभी इस पर गंभीर मनन चिंतन की जरूरत है। भारतीयों की असफलता के पीछे लगता है सबसे बड़ा कारण मैच के अंतिम समय में अपनी क्षमता, प्रतिभा पर से भरोसा उठ जाना है। मुकाबले के दौरान मनोवैज्ञानिक दबाव में आ जाना, अपने प्रतिद्वंद्वी को हल्के में लेना और स्पर्धा पर कब्जा जमा लेने के ख्वाब में डूब जाना आदि कारण सबसे प्रमुख हैं जिस पर तुरंत विचार करना होगा।

## एक नजर

### लहसुन भी महंगा होने से ग्राहक परेशान



**कवर्धा 11 अगस्त।** लहसुन गांवो में 240 रुपया किलो सुनते ही ग्राहक ने कहा की कितनी महंगी हो गई है। महंगाई के बावजूद भी थोड़ा बहुत तो लहसुन तो खरीदना ही होगा। सब्जी पर नजर डाले तो आलू, प्याज के दामों में कोई कमी नहीं दिख रही है। लोग आधा किलो या एक किलो आलू प्याज खरीदकर घर पहुंचते हुए देखे जाते है द्य बाकी सब्जी एक पाव खरीदते और 200 रुपया में झोला भी आधा खाली रहता है। रक्षाबंधन त्योहार समीप है और कैसे अच्छी सब्जी दो प्रकार की बनेगी वो भी अभी से लोग चिंतित करने लगे है। महंगाई का असर कही त्योहार पर ना पड़ जाए।

### गांजा बेच रही महिला गिरफ्तार

**भिलाई 11 अगस्त।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र कैंप-एक वृंदा नगर में गांजा बेच रही 67 वर्षीय महिला को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपित से पौने पांच किलो गांजा जब्त किया गया है पुलिस ने आरोपित महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेजा है वीरो नाम की महिला अपने घर पर गांजा बेच रही थी मुखबिर से जानकारी मिलने पर पुलिस ने उसके घर पर छापामार कार्रवाई कर गिरफ्तार किया आरोपित महिला पूर्व में गांजा बेचने के मामले में जेल जा चुकी है जमानत पर छूटने के बाद वह फिर से गांजा बेच रही थी।

### छात्र से लूट लिया मोबाइल

**भिलाई 11 अगस्त।** भिलाई तीन थाना क्षेत्र पुरैना के शासकीय स्कूल के 12वीं के छात्र से दो बदमाशों ने मोबाइल लूट लिया घटना की शिकायत पर भिलाई तीन पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी कर पतासाजी शुरू की है पुरैना निवासी भोजराज मरकाम (17 साल) शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पुरैना में 12वीं का छात्र है वह आठ अगस्त की रात को अपने दोस्त जय देवांगन के साथ खेल का सामान लेने के लिए डी मार्ट पदुम नगर गया था वहां से रात में करीब पौने आठ बजे वह पैदल घर लौट रहा था बाथरूम लगने पर वह पुष्प वाटिका वसुंधरा नगर में चला गया इसी दौरान उसके भाई का फोन आया तो वह मोबाइल निकालकर उससे बात कर रहा था इसी दौरान दो अज्ञात बदमाश मुंह पर कपड़ा बांधकर पहुंचे थे।

### दो आरक्षक निलंबित

**भिलाई 11 अगस्त।** दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने दो आरक्षकों को निलंबित किया है जिसमें आरक्षक चौकी स्मृति नगर में पदस्थ विजय कुमार सिन्हा को लाइन अटैच किया गया है आरक्षक शराब के नशे में दो बार अपने पुलिस कर्मियों से उलझ बैठा था 6 अगस्त को शराब के नशे में धुत होकर जामुल थाने पहुंचा जहां समन वारंट मददगार आरक्षक गजेंद्र सिंह के साथ वाद-विवाद करना शुरु कर दिया आरक्षक कोर्ट के समन और वारंट को छीनने का भी प्रयास किया था 9 अगस्त को थाना सुपेला में डायल 112 में ड्यूटी पर तैनात आरक्षक रमेश जायसवाल ने जब उसके शराब के नशे में घूमने की शिकायत किया तो उसके साथ भी अभद्रता करने लगा वहीं दुर्ग सिटी कोतवाली थाना पदस्थ आरक्षक किशोर भगत को भी निलंबित किया

### पुलिस कस्टडी से फरार आरोपी पकड़या

**भिलाई 11 अगस्त।** पेशी के दौरान पुलिस कस्टडी से फरार हुए आरोपी भूपेंद्र सागर को दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने पुलगांव क्षेत्र के एक ढाबा से पकड़ लिया है आरोपी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने मारपीट के एक मामले के आरोपी भूपेंद्र सागर पिता राजा राम सागर (22 साल) निवासी डिपरापारा दुर्ग को न्यायालय में पेशी के लिए लाए थे आरोपी भूपेंद्र को आरक्षक किशोर भगत एवं पृथ्वीराज तोमर हथकड़ी लगाकर पेश किए थे आरोपी पुलिस की उपस्थिति में हथकड़ी से हाथ छुड़ाकर न्यायालय के पहले माले से नीचे कूद गया था इसके बाद आरोपी भूपेंद्र वहां से फरार हो गया था घटना के बाद से ही पुलिस टीम आरोपी की तलाश में लगी हुई थी पुलिस ने पुलगांव क्षेत्र से आरोपी को पकड़ लिया है।

### स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया



**भिलाई, 11 अगस्त।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के पं. जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र तथा व्यवसायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र द्वारा 1 से 7 अगस्त तक विश्व ब्रेस्टफीडिंग सप्ताह 2024 मनाया गया। इसी कड़ी में भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) में एक विशेष ब्रेस्टफीडिंग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 7 अगस्त को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाप्रबंधक प्रमोद कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के महाप्रबंधक टी बैठा तथा उमाशंकर परगनिहा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी डॉ आर राम, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संबिता पंडा, एसीएमओ डॉ कौशिक किशोर व सीनियर कंसल्टेंट डॉ माला चौधरी तथा एसएमएस-3 विभाग के अन्य अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# प्रकृति, संस्कृति के साथ देश की रक्षा में भी आदिवासी समाज का योगदान अतुलनीय:भावना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 11 अगस्त।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर श्री बुढ़ादेव राजगोंड समाज सेवा समिति द्वारा शनिवार को ग्राम महिडबरा में विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सभी को विश्वास आदिवासी दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं प्रकृति के संरक्षण में आदिवासी समाज की अतुलनीय भूमिका के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि प्रकृति और संस्कृति की रक्षा के साथ-साथ देश की रक्षा में भी आदिवासी समाज का योगदान अतुलनीय है। हमारे जल,जंगल और जमीन की सुरक्षा एवं पर्यावरण के प्रति आदिवासी समाज के अटूट प्रेम की वजह से ही आज हमारे प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। प्रकृति के साथ-साथ हमारी धार्मिक परम्पराओं, आस्था के केन्द्रों, पौराणिक सभ्यताओं और आने वाली पीढ़ियों को भारत की गौरवशाली धरोहरों से अवगत कराने के लिए आदिवासी समाज के अथक परिश्रम तथा योगदान को हम सभी नमन करते हैं। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की वीरता और भगवान बूढ़ादेव जी की कृपा से आदिवासी समाज की ऐतिहासिक उपलब्धियों, स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी तथा प्रकृति के प्रति उनकी आस्था से ही हमारे समृद्ध भारत की पुरातन संस्कृति जिवंत हो उठती है। भारत का अतीत, भारत का इतिहास, भारत का वर्तमान और भारत का भविष्य आदिवासी समाज के बिना पूरा नहीं होता। हमारी आजादी की लड़ाई का भी पग-पग, इतिहास का पन्ना-पन्ना आदिवासी समाज की वीरता से भरा पड़ा है।

छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज का हमारे सांस्कृतिक व पारंपरिक संस्कृति को सहेजने में बहुमूल्य योगदान है।वे देश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ ही प्राकृतिक धरोहर जल, जंगल और जमीन का संरक्षण करने का भी काम कर रहें हैं। यहां की परम्पराएं, रीति-रिवाज और संस्कृति अपने आप में खास है।देश का ऐसा कोई कोना नहीं होगा हमारे छत्तीसगढ़ के हमारे आदिवासी भाइयों-बहनों के वैभव सम्पदा को नहीं जानता होगा।हमारे आदिवासी समाज की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता उनकी सामूहिक जीवन, सामूहिक उत्तर दायित्व और भावात्मक संबंध, जो निःस्वार्थ भाव से एक दूसरे की सहायता करने और एकजुट होकर रहने की है।हमें गर्व है कि पुरे विश्व में भारत में सबसे आदिवासी समाज के लोग निवासरत हैं जो पौराणिक काल से ही हमारी सांस्कृतिक व प्राकृतिक धरोहर को सहेजने का अतुलनीय कार्य कर रहें हैं। भावना बोहरा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और भाजपा सरकार आदिवासियों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है।आदिवासी समाज के पास घर में बिजली हो, पक्का मकान हो, गैस का कनेक्शन हो, शौचालय हो, घर के पास चिकित्सा का केंद्र हो, कमाने के लिए आजीविका के साधन हो और बालकों के लिए पास में क्रीड़ास?थल और स्कूल हो, गांव तक आने वाली सड़क हो, इसके लिए मोदी सरकार निरंतर अभियान चला रही है। आज इन अभियानों से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आए हैं। आज हमारे छत्तीसगढ़ में भी आदिवासी समाज से आने वाले माननीय विष्णु देव साय जी प्रदेश के मुखिया के रूप में आदिवासी समाज के कल्याण हेतु कार्य कर रहें हैं। हमारे पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत भी कुई-कुकदुर जैसे वनांचल क्षेत्र में निवासरत आदिवासी समुदाय को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए भी अथक प्रयास किये जा रहें हैं। पीएम जनमन योजना के माध्यम से लगभग 33 करोड़ की लागत से 16 डामरीकृत सड़कों के निर्माण को स्वीकृति मिली है। यह विकास कार्य हमारे जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम करेगी। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा आदिवासी समाज के कल्याण हेतु इस साल के केन्द्रीय बजट में जनजाति उन्नत ग्राम अभियान योजना शामिल की गई है। इस योजना से राज्य के लगभग 85 विकासखंडों में शामिल गांवों को विभिन्न मूलभूत सुविधाएं मिलेगी। बस्तर के माओवादी आतंक से सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक तरफ सुरक्षा कैंपों की सख्या बढ़ायी जा रही है। वहीं सुरक्षा कैंपों के आसपास 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों में केन्द्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए नियद् नेल्लानार जैसी नवाचारी योजनाओं की शुरूआत की गई है। आदिवासियों की आय में वृद्धि और उन्हें बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है। राज्य सरकार ने तेन्दूपत्ता पारिश्रमिक दर प्रतिमानक बोरा 4000 से बढ़ाकर 5500 रूपए कर दिया है। इससे लगभग 13 लाख जनजाति परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। आज हमारे देश व प्रदेश में निवासरत जनजातीय समुदाय विकास की मुख्यधारा से जुड़कर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दे रहा है। मैं आप सभी की इस सहभागिता और प्रकृति के संरक्षण व उसके प्रति प्रेम की भावना हेतु कृतज्ञता व्यक्त करती हूं।इस अवसर पर उत्तम मसकोले, विदेशी राम धुर्वे, फगनु राम धुर्वे, सालीक राम मरावी, शेरसिंह पन्द्राम, विष्णु सिंह धुर्वे, मोहित मरावी, गणेश देवाम,रमेश मरावी, दीपा पप्पु धुर्वे, सुमीर पुषाम,सुंदर मरावी,कृपा राम धुर्वे,आनंद मरावी,रूपसिंग धुर्वे, भागसिंह मरावी,शोभित मरावी,तिहार सिंह मरावी, रामजी धुर्वे, सत्रुहन मरावी,जयसिंह धुर्वे,पंचराम सिन्द्राम, सुरेश मरकाम, भुवन धुर्वे,राजेश धुर्वे, श्याम सिंह परस्ते,तुलस पन्द्राम, राजकमल सिन्द्राम, पंचराम मरावी, नकुल सिंह परस्ते,तनगुराम अर्मो,बसंत वाटिया, जगतारन सिंह मरकाम, करताल सिंह धुर्वे,कबीर धुर्वे,फूलसिंह धुर्वे, वीरेंद्र धुर्वे, मोहन, तुलस धुर्वे सहित समस्त राजगोंड समाज एवं आदिवासी समाज भोरमदेव के सदस्यगण उपस्थित थे।

## सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिएं लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 11 अगस्त।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 9 अगस्त को मानव संसाधन विकास केंद्र के मुख्य सभागार में लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य महाप्रबंधक राकेश जोशी के मुख्य आतिथ्य एवं महाप्रबंधक प्रभारी संजय कुमार अग्रवाल के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न किया गया। लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन कार्यक्रम में कुल 69 अधिकारियों ने भाग लिया था। कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान राकेश जोशी ने घर से घर तक सुरक्षा नारे का उपयोग करते हुए दैनिक जीवन में सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। महाप्रबंधक ज तुलसीदासन तथा सहायक प्रबंधक अभिषेक सिंह ने सड़क सुरक्षा, टूल बॉक्स टॉक, नियर मिस की घटनाएँ, परमिट टू वर्क तथा क्वांसीक्वेंस मैनेजमेंट के विषय पर सविस्तार चर्चा की। आरम्भ में वरिष्ठ प्रबंधक अजय टल्लू द्वारा सुरक्षा शपथ दिलाई गई।



## ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसो. ने विधायक के जन्मदिन पर गिफ्ट किया एक हजार रेनकोट

**भिलाई, 11 अगस्त।** वैशालीनगर विधानसभा के विधायक रिकेश सेन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में उनके सामाजिक अपील पर भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह (छोटू) द्वारा अपने सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए ज़रूरतमंद बच्चो के लिए 1000 रेनकोट उपहार स्वरुप दिया गया। इसी कड़ी में भिलाई ट्रक टेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू यूनियन के तमाम पदाधिकारियों के साथ विधायक से मिलने भिलाई के निजी होटल पहुंचे जहां हजार से अधिक रेनकोट विधायक को जन्मदिन के अवसर पर गिफ्ट कर कहा कि यह रेनकोट जरुरतमंद लोगों तक विधायक रिकेश सेन आपके माध्यम से लोगों तक पहुंचाएंगे। इस दौरान अध्यक्ष इंद्रजीत सिंग (छोटू), संरक्षक गनी खान, प्रभुनाथ मिश्रा, महेंद्र सिंग (पप्पी), गोपाल खंडेलवाल, सुधीर सिंह, कार्यकारणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकित सिंह लल्लू, कोषाध्यक्ष जोगा राव, दिलिप खटवानी, बलविंदर सिंग, सुनील चौधरी, शाहनवाज़ कुरैशी, लाला यादव, वाजिद अली, धनंजय सिंह, वाजिद अंसारी, जगजीत सिंह, सुनील यादव, लाला, राजदीप नामदेव, कृष्णा कुमार, पंकज शर्मा, उपेंद्र यादव, सोमेश्वर, गिरीश खंडेलवाल, संजय तिलांथे, शिव पूजन, धीरमण अमित सिंग, अभिषेक जैन, सुधीर सोनू, रमन राव, आनंद सिंग, गुरमीत सिंग एवं एसोसिएशन के सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।



## समाचार संक्षेप

### दादी-पोती की हत्या की गुत्थी को सुलझाने के लिए नार्को टेस्ट का सहारा

**भिलाई 11 अगस्त।** पुलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गनियारी में करीब चार महीने पहले हुई दादी-पोती की हत्या की गुत्थी को सुलझाने के लिए नार्को टेस्ट का सहारा लिया है पुलिस ने दो संदेहियों को चिह्नित कर नार्को टेस्ट करवाया है इसके लिए पुलिस संदेहियों को गुजरात के गांधी नगर स्थित नार्को टेस्ट सेंटर लेकर गई थी दोनों से करीब 50-50 सवाल किए गए हैं हालांकि अब तक रिपोर्ट नहीं मिली है, लेकिन आरोपित लगभग चिह्नित कर लिया गया है, इसलिए संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा 19 मार्च की रात को गनियारी में राजबती साहू (65 सखल) और उसकी पोती सविता उर्फ माया साहू (19 साल) की निर्मम हत्या कर दी गई थी पुलगांव थाने पुलिस ने हत्या की धारा के तहत प्राथमिकी कर परिवार के सदस्यों सहित गांव के अन्य संदेहियों से पूछताछ की थी लगातार की गई पूछताछ के बाद भी जब मामले को सुलझाया नहीं जा सका तो पुलिस ने इस केस में नार्को टेस्ट का सहारा लिया पुलिस ने मृतका राजबती साहू के बेटे व सविता उर्फ माया साहू के पिता अश्वनी साहू और सविता के प्रेमी लल्ला निषाद को प्रमुख संदेही चिह्नित किया न्यायालय से अनुमति लेने के बाद दोनों संदेहियों का नार्को टेस्ट करवाया है इसकी वीडियो रिकार्डिंग भी हुई है हालांकि नार्को टेस्ट की अब तक रिपोर्ट नहीं मिली है इसलिए पुलिस ने किसी को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है हालांकि पुलिस संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर इस मामले का राजफाश कर लिया जाएगा चार माह पहले ग्राम गनियारी में हुई थी दादी-पोती की हत्या मामले के दो संदेहियों का कराया गया है नार्को टेस्ट।



### खेत में लगे झटका मशीन चोरी करने वाले दो पकड़ाए

**भिलाई 11 अगस्त।** नंदिनी थाना क्षेत्र एक खेत में लगे झटका मशीन चोरी करने वाले दो लोग पकड़े गए उनके कब्जे से मशीन जब्त की है मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 112 (2), 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है पुलिस ने बताया कि तारण दास खेती किसानी काम करता है उसका ग्राम नंदिनी -खुदनी हरदी रोड भर्री खार में 02 एकड कृषि भूमि स्थित है उसमें फसल लगाया है धान फसल को जानवरों से बचाने के लिए खेत में तार का घेराकर झटका मशीन लगाया है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 8 अगस्त की रात खेत को देखने के लिए प्रार्थी अपने भाई योगेश्वर के साथ गया तो देखा कि खेत में सोलर पैनल से लगे बैटरी के तार कटा हुआ था और करंट लगने वाली मशीन नहीं था तब मशीन को खोजबीन के लिए आस पास तलाश कर रहे थे कि मेन रोड में एक मोटर साइकिल खड़ी थी। पास गए तो भागने का प्रयास किए तब दौड़ाकर उसे पकड़ा तो अपना नाम थनेश्वर टंडन ग्राम मलपुरी खुर्द का रहने वाला बताया उसे अपने मशीन के संबंध में पूछा तो वह अपने साथी राजा टंडन के साथ झटका मशीन को चोरी करना बताया है तथा चोरी के झटका मशीन को वहीं पास में झाड़ी में छुपाकर रखना बताया है तब मै और मेरा भाई चोरी किये झटका मशीन तथा थनेश्वर टंडन को पकड़कर थाना लाए।


### साइकिल रैली निकालकर हर घर तिरंगा झंडा लगाने के लिए प्रेरित किया

**भिलाई, 11 अगस्त।** भिलाई नगर निगम क्षेत्र में हर घर तिरंगा झंडा लगाने की जागरूकता हेतु साइकिल रैली निकाली गई। जन जागरूकता रैली जोन क्रमांक 01, 02 में निकाली गई, जिसमें सैंकड़ो लोग शामिल हुए। रैली की शुरूवात नेहरू नगर जोन कार्यालय से भाजपा अध्यक्ष एवं पार्षद महेश वर्मा, जोन आयुक्त येशा लहरे, सुशील चैधरी, भारत विकास परिषद के अनिल कुमार डागा, जितेन्द्र सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। उत्साह एवं जोश-खरोस के साथ हाथों में तिरंगा झण्डा लिये छात्र-छात्राएँ, खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिकारी कर्मचारी बड़े ही स्वाभीमान के साथ चले जा रहे थे। भारत माता की जय, बन्दे मातरम की जय, कौन हमारी सबकी माता, भारत माता भारत माता, हर-हर गंगा, घर-घर तिरंगा का जयघोध करते हुए चले रहे थे। रास्ते में आने-जाने वालो से बहुत समर्थन मिल रहा था। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था से गुलाब देशमुख, श्रीधर अग्रवाल एवं सदस्यगण गाड़ी से उतर कर झण्डा लेकर खुद को रैली में शामिल होने से नहीं रोक पाये। रैली वहां से निकलकर केपीएस चौक, नेहरू नगर में भ्रमण करते हुए नेहरू नगर चौक पर स्थित शहीद पार्क में समापन किया गया। वहां पर एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा रैली में शामिल हुए सभी सदस्यों को तिरंगा शपथ दिलाया। ''मैं शपथ लेता हॅू कि मैं तिरंगा फहराउगां अपने स्वतंत्रता सेनानीयों और वीर सपूतो की भावना का सम्मान करूगां और भारत के विकास और प्रगति के लिए खुद को समर्पित करूगां।'' रैली में शामिल हुए सभी छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेन एवं रबर पेसिंल निरंकारी द्वारा वितरण किया गया। रैली का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



## बीएसपी ने सर्वश्रेष्ठ सेलेबल और फिनिश्ड स्टील का रिकार्ड उत्पादन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 11 अगस्त।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार महीनों अप्रैल से जुलाई 2024 तक की अवधि में उत्पादन के नए रिकॉर्ड बनाए हैं। संयंत्र ने 1.73 मिलियन टन का अब तक का सर्वश्रेष्ठ सेलेबल स्टील उत्पादन दर्ज कर, वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.68 मिलियन टन को पार किया। अप्रैल से जुलाई अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ फिनिश्ड स्टील उत्पादन 1.56 मिलियन टन दर्ज किया गया, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 1.48 मिलियन टन से अधिक है। 1.71 मिलियन टन सेलेबल स्टील की लोडिंग तथा ग्राहकों को डायरेक्ट डिस्पैच करने हेतु 9.14 लाख टन की लोडिंग की गई जो कि स्थापना के बाद से किसी भी अप्रैल से जुलाई की अवधि के लिए सर्वश्रेष्ठ लोडिंग है। संयंत्र ने वित्तीय वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 1.68 मिलियन टन सेलेबल स्टील लोडिंग और डायरेक्ट डिस्पैच लोडिंग 8.56 लाख टन को पीछे छोड़ा। संयंत्र ने वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल से जुलाई की अवधि में उत्पादन के अन्य क्षेत्रों में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। 3.24 लाख टन लांग रेल उत्पादन कर वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 3.07 लाख टन को पार किया। विश्व की सबसे लंबी रेल बनाने वाली यूनिवर्सल रेल मिल ने 2.62 लाख टन का उच्चतम लांग रेल उत्पादन दर्ज किया जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल से जुलाई अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 2.54 लाख टन से अधिक है। रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल ने भी सर्वश्रेष्ठ लांग रेल उत्पादन 63,152 टन दर्ज करते हुए, वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल से जुलाई अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 53,022 टन को पार किया। संयंत्र ने अप्रैल से जुलाई अवधि में भारतीय रेलवे को प्रेषण हेतु अब तक की सर्वश्रेष्ठ लांग रेल लोडिंग 3.26 लाख टन दर्ज की। अप्रैल से जुलाई अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ फिनिश्ड प्लेट उत्पादन 4.29 लाख टन किया गया, जो कि वित्त वर्ष 2010-11 की इसी अवधि में दर्ज 4.23 लाख टन उत्पादन से अधिक है। बार एंड रॉड मिल ने भी अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 3.25 लाख टन दर्ज करते हुए वित्त वर्ष 2023-24 के अप्रैल से जुलाई अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 2.95 लाख टन को पीछे छोड़ा। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल से जुलाई अवधि में दर्ज 7.32 लाख टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन की तुलना में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 7.80 लाख टन कास्ट बिलेट उत्पादन दर्ज किया। टेक्नो-इकोनॉमिक्स के क्षेत्र में, संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेसों ने जुलाई 2024 में 144 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल का सबसे अधिक कोल डस्ट इंजेक्शन दर दर्ज किया जो कि किसी भी महीने के लिए अब तक की सर्वश्रेष्ठ सीडीआई दर रही।

## पुलिस ने हत्या के 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 11 अगस्त।** प्रार्थी रामखेलावन साहु ग्राम कल्याणपुर दिनांक 22/07/2024 को थाना उपस्थित आकर रिर्पोट दर्ज कराया कि बेटी ग्वालीन साहु पति लुकेश साहु उम्र 28 साल घर से पेशी मे कवर्धा जा रही हूॅ कहकर दिनांक 18/07/24 के सुबह 11/00 बजे से निकली है जो आज दिनांक 22/07/24 तक घर वापस नही आई है कि रिर्पोट पर थाना स.लोहारा में गुम इंसान क्रमांक 43/24 कायम कर जांच कार्यवाही मे लिया गया। जांच के दौरान गुमशुदा के भाई मुकेश साहु से पुछताछ करने पर बताया कि ग्वालिन बाई साहू जो शादी होकर ग्राम चिमागोदी लुकेश साहू के घर गई थी, बहन और जीजा के बीच में 3 बच्चे - दो लडकी एक लडका है, जीजा लुकेश साहू बहन को चरित्र शंका के आधार पर पीछले तीन वर्ष से छोड दिया था तब से बहन अपने बच्चो के साथ हमारे घर कल्याणपुर रह रही है एवं इसी बिच बहन ग्वालिन बाई ग्राम चिमागोदी के राजा राम साहू के पास चली गई थी जिसे राजा राम साहु ने घोटिया रोड कवर्धा मे किराये के मकान में रखा था द्य बहन अपने पति लुकेश साहू से अपने व बच्चो के लिए भरण पोषण हेतु कवर्धा कोर्ट में नालिस किया था जिस पर कोर्ट द्वारा तीनो बच्चो के नाम पर 4500/- रूपये मासिक खर्च आदेश दिया था जिसका पैसा समय-समय पर लुकेश साहू कोर्ट में जमा करता था। दिनांक 18/07/2024 को भरण पोषण का पैसा लेने बहन ग्वालिन स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 09 जे क्यू 9044 से कवर्धा गई थी जो वापस घर नही आई है द्य मामले के गंभीरता को देखते हुए वरिष्ट अधिकारीयो को अवगत कराकर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के मार्गदर्शन मे एंव अति. पुलिस अधीक्षक विकास कुमार , पुष्पेन्द्र बघेल,एंव अनुविभागीय अधिकारी संजय ध्रुव के दिशा निर्देशन मे स.लोहारा प्रभारी निरीक्षक लालमन साव द्वारा संदेहीयो राजा राम साहु पिता मनोहर साहु उम्र 26 वर्ष और लुकेश साहु पिता नजरू साहु उम्र 29 वर्ष साकिनान चिमागोदी थाना कवर्धा जिला कबीरधाम को तकनीकी साक्ष्य - उनके मोबाइल लोकेशन, आईपीडीआर, सीडीआर के आधार पर थाना तलब कर कडाई से पुछताछ करने पर बताया कि दोनो ग्वालिन बाई साहु से तंग आकर उससे छुटकारा पाना चाह रहे थे जिसके लिए लगभग एक महीने से प्लान बना रहे थे द्य इस बिच राजाराम ने 04 बार और लुकेश ने 01 बार दृश्यम फिल्म देखा ताकी हत्या कर शव को ठिकाना लगा कर पुलिस से बचा जा सके द्य अंत में दोनो आरोपीगण दिनांक 19/07/24 को पुर्वनियोजित मंशा से एक राय होकर षडयंत्रपुर्वक ग्वालिन बाई साहु को घानीखुटा घाट के जंगल में ले जाकर उसके साड़ी से गला दबाकर हत्या कर दफ़ना दिये द्य आरोपियों के निशानदेही पर मृतिका के शव को और आरोपियों के मेमोरेंण्डम कथनानुसार उनके निशानदेही पर अलग -अलग जगहो से घटना मे प्रयुक्त एक मोटर सायकल आरोपी लुकेश के घर से, शव को दफनाने मे उपयोग किये एक गैती एंव एक फावडा कस्तूरबा स्कूल के पास नाले से, कर्रानाला बैराज पानी अंदर से मृतिका का लाल रंग का स्कुटी चाभी साहित, मृतिका का साडी घाटनस्थल के पास से, मृतिका द्वारा पहने गए सोने चांदी के जेवर को अरोपियों के गांव के पास मुड़घुसरी रोड के किनारे बिजली के खंभे के पास मिट्टी खोदकर निकल कर पेश करने पर बरामद किया गया। आरोपीगण राजा राम साहु पिता मनोहर साहु उम्र 26 वर्ष और लुकेश साहु पिता नजरू साहु उम्र 29 वर्ष साकिनान चिमागोदी थाना कवर्धा जिला कबीरधाम का कृत्य अपराध धारा - 103(1), 61(2)(क), 238(ख) भारतीय न्याय संहिता का घटित करना पाये जाने से आरोपीयो के विरूध्द थाना स. लोहारा मे अपराध क्रमांक 234/2024 कायम कर विवेचना मे लिया गया द्य आरोपीयो को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे साईबर सेल प्रभारी निरीक्षक आशिष कंसारी , संतोष मिश्रा , सहसपुर लोहारा थानाप्रभारी निरीक्षक लालमन साव, सउनि. चंद्रकांत तिवारी, एफएसएल प्रभारी मोहन पटेल, सउनि. आशिष सिंह ,सउनि. बलदाउ भट्ट, एंव थाना स. लोहारा पुलिस स्टाप, साईबर सेल टीम , नगर सेना रेस्क्यू टीम , डाग स्कॉड टीम का कार्य सराहनीय एंव विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### भारतीय जनता पार्टी यूवा मोर्चा के नेतृत्व में हर घर तिरंगा यात्रा



**छूरिया 11 अगस्त।** तिरंगा कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा महापुरुष वीर शहीद जवान की मूर्ति पर हार माला पुष्पा चढ़ा कर और युवाओं द्वारा तिरंगा लेकर बाइक रैली का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें आप सभी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी आमंत्रित है तथा आप सभी ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर इस कार्यक्रम को विशाल और भव्य बनाएं ।

### मोहल्ले मे मारपीट कर अशांति फैलाने वाला गिरफ्तार



**राजनांदगांव 11 अगस्त।** प्रार्थी विजय सिंग राजपूत पिता रूपसिंग राजपूत उम्र 31 साल साकिन शंकरपुर बजरंग चौक ओपी चिखली द्वारा चौकी चिखली हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मोहल्ले का सुनील चंदेल द्वारा बजरंग चौक शंकरपुर चिखली के पास पुरानी रंजीष की बात को लेकर शराब के नषे मे गाली गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया है कि रिपोर्ट पर नवीन कानून के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया विवेचना के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया गया मामला जमानतीय होने से जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। आरोपी जमानत पर रिहा होने के पष्चात मोहल्ले मे जाकर प्रार्थी एवं गवाहो को देख लेने का धमकी देकर वाद विवाद कर रहा था मौके पर पुलिस पार्टी पहूंच कर बदमाष को समझाने का प्रयास किया गया जो और मरने मारने पर उतावला हो गया था मोहल्ले मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु उक्त बदमाष को प्रतिबंधक धारा 170, 126,135(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कार्यवाही कर माननीय अनुविभागीय दण्डाधिकारी के समक्ष पेष कर आदेषानुसार जेल भेजा गया।उपरोक्त कार्यवाही मे चौकी चिखली प्रभारी उप निरी0 नरेष कुमार बंजारे, प्र.आर. सुनील कुमार वर्मा, समारूराम सर्पा, आर0 मनोज जैन का कार्य महत्वपूर्ण एवं सराहनीय रहा ।

### बच्चों के लिए तिरंगा भोजन है पोषक तत्वों से भरपूर पौष्टिक भोजन




**राजनांदगांव 11 अगस्त।** जिले में गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पोट्ठ लईका पहल कार्यक्रम के तहत युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा जनसहभागिता से संचालित इस अभियान में जनसामान्य को बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य के लिए खान-पान, पौष्टिक आहार, स्वच्छता संबंधी व्यवहार, स्वास्थ्य के प्रति सजगता के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। बच्चे के स्वास्थ्य के प्रति माताओं एवं परिवारजनों में जागरूकता लाने से यह एक स्थायी समाधान होगा। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध विभिन्न फल, सब्जी, अनाज का उपयोग करते हुए बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में इस अभियान अंतर्गत जिले भर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। कलेक्टर के नेतृत्व में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में इस अभियान के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत प्रत्येक शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्रों में पालक चौपाल का आयोजन किया जाता है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत पालकों को विशेष तौर पर तिरंगा भोजन का महत्व बताया गया और जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### जिले में 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा

**धमतरी 11 अगस्त।** जिले में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 09 से 15 अगस्त 2024 तक ''हर घर तिरंगा कार्यक्रम'' का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत हर व्यक्ति को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि आमजन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने जिले आयोजित गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंचायतों में तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रैलियां, तिरंगा दौड और मैराथन, तिरंगा कॉन्सट्र्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा सम्मान, तिरंगा मेला का आयोजन किया गया है। इस हेतु सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया। कार्यकम के सफल क्रियान्वयन हेतु सार्वजनिक उपक्रमों, स्व-सहायता समूहो, सामाजिक संगठनों का सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित किया जा रहा है। ग्राम सरपंचों एवं पंचायत के अन्य सदस्य एवं पदाधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित कर तिरंगा कोड को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त तिरंगा की मांग के लिए ग्रामसभा आयोजित करना, शासकीय स्तर पर प्रत्येक गांव में तिरंगा वितरण एवं बिक्री केन्द्र स्थापित करना, स्थानीय स्व-सहायता समूह को तिरंगा के निर्माण के लिए प्रोत्साहित करना, ग्राम पंचायतों द्वारा बड़े पैमाने पर समूह में खरीदी को प्रोत्साहित करना, पाम्पलेट, बैनर स्टैण्डिज आदि ।

# जनहित मुद्दों पर कांग्रेस जमीनी लड़ाई लड़ने तैयार:दीपक बैज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 अगस्त।** क्रांति दिवस एवं आदिवासी दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का शुक्रवार 09 अगस्त को राजनांदगांव शहर आगमन हुआ। इस दौरान कांग्रेसजनों द्वारा पटाखे फोड़कर पुष्पमाला से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज न्यू सर्किट हाउस बसंतपुर में कांग्रेसजनों की बैठक लेकर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई। तत्पश्चात शहर के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज का 06 अगस्त शुक्रवार को एक दिवसीय राजनांदगांव शहर प्रवास में आए थे। न्यू सर्किट हाउस पहुंचने पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज जी का शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत कर विश्व आदिवासी दिवस की बधाई दी। इस दौरान पीसीसी अध्यक्ष के साथ संगठन महासचिव एवं प्रशासन मलकीत सिंह गैंद विशेष रूप से मौजूद रह। न्यू सर्किट हाउस में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को पीसीसी अध्यक्ष ने विश्व आदिवासी दिवस की बधाई देते हुए बैठक लेकर राजनीतिक हालातों पर चर्चा कर आगामी कार्यक्रमों के संबंध में विचार-विमर्श किए एवं आने वाले नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए एकजुटता के साथ जनहित के मुद्दों पर सत्ता पक्ष को घेरने की बात कहीं। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि आने वाले 14 अगस्त को कांग्रेस द्वारा प्रदेश के हर वार्डों में संविधान यात्रा निकालेगी वहीं 16 अगस्त को गोवंश सत्याग्रह के अंतर्गत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भाजपा सरकार की नाकामी के कारण सड़क पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा रहता है जिसके कारण कई बार दुर्घटनाएं हो जाती है इसको लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। श्री बैज ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आते ही पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था ठप हो चुकी है। भाजपा राज में आदिवासी भाई सुरक्षित नहीं है, उनका जल, जंगल छीना जा रहा है। निर्दोष बस्तर के आदिवासियों को फर्जी नक्सली बनाकर उन्हें मारा जा रहा, प्रताड़ित किया जा रहा, जेल भेजे रहे हैं। जो इस सरकार ने पूर्व में 15 साल किया है वही आज भी कर रहे हैं। बैठक पश्चात पीसीसी अध्यक्ष स्टेट हाई स्कूल स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले क्षेत्र के वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद रामनगर वार्ड नं. 07 में आयोजित वृहद पौधरोपण समारोह में शामिल हुए जहां पर वार्डवासियों व कांग्रेसजनों से वृक्षारोपण के फायदे गिनाकर अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। तत्पश्चात पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज शहर कांग्रेस महामंत्री एवं पूर्व एल्डरमेन झम्मन देवांगन के पुत्र मयंक देवांगन के निधन पश्चात निवास मोतीपुर वार्ड नं. 03 पहुंचकर शोक संतृप्त परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया।

## तीरंदाजी अकादमी में प्रवेश के लिए कमार जनजाति के चार बच्चों का चयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 11 अगस्त।** आदिवासी विकास जिला धमतरी अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह विकासखंड नगरी, जिला-धमतरी में सत्र 2024-25 मे रिक्त पद के विरुद्ध लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु विज्ञापन जारी कर प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था,उक्त आयोजित प्रवेश परीक्षा में विशेष रूप से कमजोर जनजाति कमार आवासीय विद्यालय नगरी, विकासखंड-नगरी, जिला धमतरी के दो विद्यार्थी आशिष पिता श्री राजकुमार कक्षा-दसवीं एवं राधेलाल पिता श्री पुन्नू राम कक्षा- दसवीं का चयन कक्षा-ग्यारहवीं हेतु एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह के लिए हुआ है,

एनएमडीसी वित्तीय लिमिटेड के सहयोग से विभागीय तीरंदाजी खेल अकादमी रायपुर में तीरंदाजी खिलाड़ियों के चयन हेतु राज्य स्तरीय चयन ट्रायल 25 से 26 जून 2024 को आयोजित किया गया थाद्य जिसमें धमतरी जिलांतर्गत विशेष रूप से कमजोर जनजाति कमार आवासीय विद्यालय नगरी, विकासखंड-नगरी, जिला-धमतरी के चार विद्यार्थी कुमारी दीपेश्वरी पिता श्री हीरासिंग कक्षा-दसवीं, कुमारी भुवनेश्वरी पिता श्री तीजूराम कक्षा-दसवीं, अतुल कुमार पिता श्री बुधलाल कक्षा- नवमी एवं अमृत पिता श्री खेदूराम कक्षा-नवमी का चयन तीरंदाजी खेल अकादमी रायपुर में प्रवेश हेतु हुआ है।

मुख्यमंत्री बाल भविष्य योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय के कक्षा-नवमी में सत्र 2024-25 प्रवेश हेतु प्राक्रयन परीक्षा का आयोजन किया गया था द्य दिनांक 09-06-2024 को प्राक्रयन परीक्षा का परीक्षा परिणाम प्रतीक्षा सूची सहित घोषित किया गया हैद्य जिसमें विशेष रूप से कमजोर जनजाति कमार आवासीय विद्यालय नगरी, विकासखंड-नगरी, जिला-धमतरी के चार विद्यार्थी संतलाल पिता श्री विष्णु प्रसाद कक्षा-आठवीं, हरिक लाल पिता श्री मेघनाथ कक्षा-आठवीं, दीपक कुमार पिता श्री सोनू राम कक्षा-आठवीं एवं कुमारी धारणी पिता श्री कंवल कक्षा-आठवीं का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर मे प्रवेश हेतु हुआ है।

विद्यालय स्तर से चयनित होने वाले विद्यार्थियों को संस्था के प्राचार्य श्री महेश्वर सिंह जयसिंधु, पूर्व प्राचार्य श्री ललित कुमार सोम, शिक्षक श्री डिकेश्वर चिंडा, शिक्षक श्री लोकेश कुमार निषाद, अधीक्षक श्री कविलास ध्रुव,अधीक्षिका श्रीमती उर्मिला मरकाम एवं समस्त स्टाफ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## बैठक में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 11 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी मंडल छुरिया के तत्वाधान में युवा मोर्चा के द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर स्थानीय साहू धर्मशाला छुरिया में बैठक आहूत किया गया । जिसमें जिला प्रभारी पुर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ,जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेन्द्र सिंह भाटिया , राधे शर्मा ,महामंत्री संजय सिन्हा , खिलेश्वर साहू यात्रा प्रभारी भाजयुमों जिला उपाध्यक्ष कांता साहू भाजयुमों मंडल सोहन साहू प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

अपने उद्बोधन में जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने तिरंगा यात्रा को लेकर विस्तार से कार्यकर्ताओं जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनने के लिए सभी कार्यकर्ताओं इसमें जुटने को कहा- कार्यक्रम के मुख्यवक्ता जिला प्रभारी दिनेश गांधी ने भाजयुमों द्वारा तिरंगा यात्रा को लेकर चर्चा करते हुवे कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस अभियान को सफल बनाने के लिए हर घर तिरंगा अभियान को गांव गांव तक सफल बनाये, इस अभियान को सर्वधर्म समभाव की भावना के साथ हर घर तिरंगा लगाना है ,इस यात्रा में बच्चे, बूढ़े सभी वर्ग को साथ लेकर बाईक रैली के माध्यम से तिरंगा यात्रा ग्राम पंचायत घोघरे से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व श्री विद्याप्रसाद यादव जी व स्व श्री बिसेसर प्रसाद यादव जी के प्रतिमा पर पूजा अर्चना, माल्यार्पण कर यात्रा का शुभारंभ किया जाना है ,वहा से यात्रा छुरिया पुराना बस स्टैंड स्थित वीरांगना रानीदुर्गावती की प्रतिमा में माल्यार्पण कर यात्रा ग्राम तेंदूटोला के नक्सली हमले में शहीद हुए जवान सोहन कतलाम के प्रतिमा पर पूजा अर्चना,माल्यार्पण कर यात्रा भोलापुर गली भ्रमण के पश्चात वापस छुरिया नगर पहुंचकर उपस्थित सभी आमजनों द्वारा मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर यात्रा का समापन किया जाना है । यह जानकारी यात्रा प्रभारी श्री कांता प्रसाद साहू ने दी है ।



### बच्चों के टेस्ट पेपर देख खुश हुए पालक



**राजनांदगांव , 11 अगस्त ।** नवीन जिला मोहला - मानपुर - अंबागढ़ चौकी के चिल्हाटी रोड स्थित इंग्लिश मीडियम स्कूल में आज पालकों ने अपने बच्चों के प्रोग्रेस की जानकारी ली । एक माह की पढ़ाई के बाद आयोजित टेस्ट पेपर में बच्चों के कार्य को देख पालकों ने खुशी का इजहार किया । राम निवास सारडा एग्रीकल्चर कॉलेज कैंपस में संचालित इंग्लिश मीडियम स्कूल में शनिवार 10 अगस्त को पालकों ने अपने बच्चों की एक माह की पढ़ाई के बाद उनके द्वारा सीखे गए नंबरों और शब्दों के साथ शुरुआती अध्ययन का अवलोकन किया। संस्था प्राचार्य डॉ .एस. के.मिश्रा ने बताया कि प्राचार्य के आमंत्रण पर पालकों ने स्कूल में आकर प्रथम यूनिट टेस्ट में बच्चोंनके परफॉर्मेंस को देखा । लगभग सभी पालकों ने संतोष प्रकट करते हुए शिक्षिका श्रीमती चंद्रिका वर्मा तथा सुश्री मिस्बा की अध्यापन कला को बच्चों की शुरुआती शिक्षा के अनुकूल बताया । नवाचार के साथ बच्चों को अक्षर ज्ञान करने के तरीकों को भी सराहना मिली । प्राचार्य डॉक्टर मिश्रा ने पालकों से सुझाव भी मांगे ताकि बच्चों को अच्छे से अच्छी शिक्षा प्रदान की जा सके ।

## पंडरापानी से विचारपुर सड़क व पुल निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 11 अगस्त ।** सरपंच और ग्राम पंचायत के कार्य एजेंसी में बनाए गए 13लाख 70हजार रूपये की लागत से सड़क और पुल निर्माण महज 1 साल में ही ध्वस्त हो गया ।ग्रामीणों का अच्छा सड़क का सपना कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार का भेट चढ़ गया।विकासखंड के ग्राम पंचायत पंडरापानी में जून 2023 को प्रारंभ हुये बिचारपुर सड़क व पुल निर्माण में पुल और सड़क ने अगस्त 2024 में अपना दम तोड़ दिया। सड़क व पुल निर्माण में पूरी पोल खुल कर सामने आ गई है। इसका सारा दोष सरपंच पर लगाया जा रहा है। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि पंडरापानी से बिचारपुर के बीच बने पुल पर एक साल में ही पहली बारिश में ही सड़क ने अपना दम तोड़ दिया है, साइकिल चलने लायक भी नहीं है कीचड़ से शनि सड़क में पैदल चल पाना भी दुभर हो गया है। साथ ही सड़क निर्माण में बहुत ही निम्न स्तरीय मटेरियल का उपयोग किया गया है । पंडरापानी और बिचारपुर सड़क की दुर्दशा को देखकर ग्रामीणों में आक्रोश चरम पर है । जनहित के मुद्दों पर नेताओं की चुप्पी समझ से परे लगते है। नेता आरोप प्रत्यारोप की राजनीति ही करेगें जिसमें ग्रामीणों को कहीं कोई फायदा नहीं होगा । बारिश थमने के बावजूद इस सड़क पर लोगों को पैदल चल पाना भी दूभर है कीचड़ के चलते आवा जाही को लेकर कई मुश्किलें हैं इस मार्ग में जर्जर सड़क में बारिश के दौरान गिरने फिसलने का खतरा बढ़ गया है। स्कूल के बच्चे कॉलेज जाने वाले छात्रों के साथ ही क्षेत्र की हजारों की आबादी के लिए ब्लाक मुख्यालय तक पहुंचने वाली इस सड़क में सफर करना जान पर खेलने के माफिक साबित हो रहा है ।इस पुल निर्माण और सड़क निर्माण की विधिवत जांच कर दोषी ठेकेदार और इंजीनियर पर उचित कार्यवाही हों।

### यात्रा में नगर पंचायत के कोई भी जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि नजर नहीं आए

## नगर पंचायत नगरी में तिरंगा यात्रा की सिर्फ औपचारिकता निभाई गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 11 अगस्त।** नगर पंचायत नगरी में दिनांक 10.8.2024 दिन शनिवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया था, यात्रा में नगर पंचायत के स्वच्छता दीदीयों के साथ कुछ कर्मचारी नजर आए, जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि और भाजपाई नदारद रहे, जागरूक नगरवासियों में इस तिरंगा यात्रा को लेकर जबरदस्त चर्चा व्याप्त है कि प्रदेश के मुखिया के आह्वान पर तिरंगा यात्रा तो निकाल दिया लेकिन इस यात्रा में नगर पंचायत के अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं भाजपाइयों के शामिल नहीं होने पर सवाल उठाए जा रहे हैं, इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि नगरी के भाजपाई.पार्टी और सरकार के प्रति कितने निष्ठावान है..?

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए हुए लोगों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा वितरित कर 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत की। इधर नगरी के भाजपाईयों ने मुख्यमंत्री और पार्टी के आदेश की अवहेलना करके इस महाभियान को महज खानापूर्ति करके मात्र औपचारिकता निभाते नजर आए,

गौरतलब है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत सरकार और भाजपा के द्वारा स्वतंत्रता सप्ताह 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, इस दौरान देश भक्ति संगीत के साथ सार्वजनिक स्तर पर तिरंगा कॉन्सट्र्स आयोजित किए जाएंगे। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान किया जाएगा और तिरंगा प्रतिज्ञा ली जाएगी। लेकिन नगर पंचायत नगरी में निकाली गई तिरंगा यात्रा से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह कार्यक्रम महज खानापूर्ति के लिए किया गया है,.ऐसा लगता है ?

इस खबर पर नगर पंचायत के प्रभारी सीएमओ से उनके पक्ष लिखने फोन से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उक्त अधिकारी ने घंटी जाने के बाद भी फोन रिसीव नहीं किया,

## समाचार संक्षेप

### रक्तदान शिविर का आयोजन





**रायपुर 11 अगस्त।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी गोदरेज एण्ड बॉयस में. कं. लिमि. एवं रेड क्रॉस ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान मे गोदरेज के फाउंडर स्व. एन.पी.गोदरेज एवं स्व. डॉ. बी.पी.गोदरेज की पुण्य स्मृति में रक्त दान शिविर का आयोजन गोदरेज ब्रांच ऑफिस करेंसी टावर, वी.आई.पी रोड में दिनांक 10/08/2024 शनिवार को आयोजित किया गया ! इस शिविर का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग झा, टी.आई. तेलीबांधा थाना श्री विनय सिंग बघेल एवं गोदरेज के शाखा वाणिज्यिक प्रबंधक श्री तुषार भालेराव के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया ! इस शिविर मे गोदरेज कम्पनी मे कार्यरत समस्त स्टाफ, गोदरेज के डीलर, वेंडर एवं करेंसी टावर स्थित समस्त कम्पनियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर इस आयोजन को सफल बनाया ! श्री अनुराग झा ने रक्त दान के महत्व को बताते हुए समस्त उपस्थित लोगो को रक्त दान के लिए प्रोत्साहित किया एवं गोदरेज परिवार को इस सामाजिक हित मे एवं मानव जीवन की रक्षा हेतु किये जाने वाले आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### अन्तर्राज्यीय शराब कोचिया गिरफ्तार



**राजनांदगांव 11 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदशन मे अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु कड़ी कार्यवाही करने के संबंध में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था जिसके तहत दिनांक 08.08.2024 एवं 09.08.2024 को दो दिनों में थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 34(2), 34(1) आबकारी एक्ट के 02 प्रकरणों में 274 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 24,660/-रूपये, बिक्री रकम 190/-रूपये जुमला कीमती 24850/-रूपये, थाना लालबाग पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 140 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 12600/-रूपये, बिक्री रकम 190/-रूपये जुमला कीमती 12790/-रूपये एवं 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत 02 प्रकरण, थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा 34 (01) के 01 प्रकरण में 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1800/-रूपये एवं बिक्री रकम 250/-रूपये, जुमला कीमती 2050/-रूपये, थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 34(2), 34 (01) के 02 प्रकरण में 212 पौवा अंग्रेजी/देशी प्लेन शराब कीमती 28040/-रूपये व बिक्री रकम 900/-रूपये जुमला कीमती 29030/-रूपये एवं 36(सी) आबकारी एक्ट के 01 प्रकरण, थाना घुमका पुलिस द्वारा 34 (01) के 01 प्रकरण में 16 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1080/-रूपयें, ओपी चिचोला पुलिस द्वारा 34 (2) के 01 प्रकरण में 33 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2970/-रूपये, ओपी सुरगी पुलिस द्वारा 34 (1) के 01 प्रकरण में 15 पौवा देशी प्लेन शराब 1350/- एवं बिक्री रकम 270/-रूपये जुमला कीमती 1620/-रूपये, ओपी तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा 36 (च) आबकारी एक्ट के 01 प्रकरण, थाना गैंदाटोला पुलिस द्वारा 36 (च) आबकारी एक्ट के 02 प्रकरण। इस प्रकार दो दिनों में आबकारी एक्ट के कुल 15 प्रकरणों में 15 आरोपियों के कब्जे से 710 पौवा देशी/अंग्रेजी शराब कीमती 72,900/-रूपये एवं बिक्री रकम 900/-रूपये जुमला कीमती 73,800/-रूपये जप्त कर आरोपियो के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही।

### आंगनबाड़ी में स्तनपान सप्ताह मनाया



**राजनांदगांव 11 अगस्त।** समीपस्थल ग्राम धामनसरा में आंगनबाड़ी केंद्र 1मे स्तनपान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया जिसमें क्षेतीय जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव ने माताओं से कहा नवजात शिशु को स्तनपान कराते समय क्या-क्या सावधानियां बरर्तना चाहिए माता-पिता होने के नाते आपका अपने शिशु के लिए परेशानियां स्वाभाविक है शिशु का जन्म अपने साथ ढेर सारी जिम्मेदारी लेकर आता है नवजात शिशु को पूरा ध्यान और देखभाल की आवश्यकता होती है हमारे घरों में नवजात पिता माता अपने साथ बिस्तर पर सुलाते हैं क्योंकि रात को शिशु कई बार नींद से जगाता है वैसे इसलिए माता-पिता लोगों को सावधानियां भी बरर्तना करनी चाहिए हालांकि इस खतरे को कुछ सावधानियां टाला जा सकता है आपके लिए और जानना जरूरी है कि शिशु को अपने साथ सुलाते हुए बिस्तर को साफ रखें तकिया का उपयोग न करें परफ्युम उपयोग नहीं करना चाहिए और समय-समय में शिशु को स्तनपान कराना चाहिए मितानिन नंदेश्वरी पटेल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेखा पटेल मोना वैष्णव माताएं उपस्थित रहा।

# हंसी का ओवर डोज, आपका अपना जाकिर

दुनिया में सबसे महंगी हंसी है। मुस्कुराहट भी कम ही चेहरों पर देखने को मिलती है। किसी को हंसाना सबसे कठिन काम है। जगजीत सिंह के गाए गजल की एक पंक्ति है 'रोते हुए बच्चों को हंसाया जाएं। तनाव में डूबे इस कायनात को हंसाने का बीड़ा हास्य कलाकार व हाजिर जवाब जाकिर ने उठाया है। कमाल का व्यक्तित्व है जाकिर। सोनी टीवी पर अपने नए शो आपका अपना जाकिर में वे हंसी का असीमित डोज देंगे। यह शुद्ध शाकाहारी व 24 कैरेट मनोरंजन शो साबित होगा। यह शो टीवी पर हास्य शो की परिभाषा ही बदल देगा। परिवार के साथ ठहाके लगाने का शानदार समय होगा।

## मुझे सीखने का नशा है : जाकिर

होश संभालने के बाद हास्य को अपना मित्र बनाने वाले जाकिर कहते हैं कि कल्पना थी कि टीवी पर अपना भी शो आए। सोनी ने हम पर भरोसा किया



है। जाकिर कहते हैं कि इस शो का उद्देश्य केवल मनोरंजन ही नहीं बल्कि देश के किसी दूरस्थ गांव में छुपी बैठी प्रतिभाओं को प्लेटफार्म प्रदान करना है। सेलिब्रेटी तो शो में आएंगे ही साथ ही अनोखी प्रतिभाओं से दर्शकों का साक्षात्कार कराएंगे। हास्य में अश्लीलता व द्विअर्थी संवादों के सवाल पर उन्होंने कहा कि मुझे इसमें नहीं पडऩा है। टीवी के अपने दायरे हैं। उन्होंने बताया कि मुझे सीखने का नशा है। यह शो मेरे लिए नई क्लास है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि यह शो 30 प्रतिशत स्क्रीप्टिंग है। वे बताते हैं कि कलाकारों के साथ काम करने में मजा आ रहा है। आपका अपना जाकिर अलग ही शो है। इस शो में बहुत सारा भारत दिखाना है। परिवार का संघर्ष व संस्कृति से रूबरू कराना है। शो में भारत के गांवों के युवकों को बैठाना है। संगीत के शौकीन सितार वादक जाकिर ने कहा कि शो में भारत व इंडिया दोनों चाहिए। वे बताते हैं कि हंसाने का पूरा खेल पसंदगी व नापसंदगी का है। यह शो दस अगस्त से प्रति शनिवार-रविवार सोनी टीवी पर रात साढ़े नौ बजे से प्रसारित होगा।

## जाकिर रुला कर हंसाता है : परेश

आपका अपना जाकिर शो में जज की भूमि में नजर आने वाले हास्य अभिनेता परेश गनात्रा कहते हैं कि जाकिर की अपनी अलग ही स्टाइल है।



वह रुलाकर हंसाता है। इस शो में हास्य का अपना अलग अंदाज है। दर्शकों को हंसी के फ्रेम में अनोखी तस्वीर नजर आएगी। उन्होंने बताया कि मुझे कुछ नया करना था इस कारण इस शो में आ गया। एक ही तरह का रोल नहीं करना चाहता था। थिएटर का शौक शुरू से ही था। इंटर स्कूल ड्रामा में भाग लेता था। 18 वर्ष तक नौकरी करने के बाद अभिनय की दुनिया में आ गया। बा, बहू और बीबी पहला शो था। फिर चिड़ियाघर, भाखरबड़ी जैसे टीवी शो सहित फिल्मों में भी काम किया। परेश का कहना है कि इंडिया टैलेंट से भरा है। केवल प्लेटफार्म की कमी है। यह शो इस कमी को दूर कर देगा। शो सामान्य बातचीत से शुरू होकर फार्मेट में आता हैं। परेश ने कहा कि यह शो धमाकेदार होगा। पहले ही एपिसोड से इसकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

## एन्जाय करके हंसाना मुश्किल है : श्वेता

शो की जज जानी मानी अदाकारा खूबसूरत श्वेता तिवारी ने बताया कि शो में सेलिब्रेट के साथ साक्षात्कार का तड़का लगेगा। लोग प्रमोशन के लिए भी आएंगे। जाकिर छोटे-छोटे मजेदार सवाल करेंगे। यह शो कमाल का होने वाला है। श्वेता ने बताया कि इससे पूर्व भी वह कामेडी शो में काम कर चुकी है। उन्होंने कहा कि डबल मिनिंग वाले जोक्स के कारण कामेडी का स्तर गिरता जा रहा था, जाकिर ने अपने शो से साबित कर दिया है कि द्विअर्थी संवादों के बिना भी लोगों को हंसाया जा सकता है। वे किसी को निशाना भी नहीं बनाते हैं। श्वेता कहती है कि वास्तव में यह जाकिर का शो है, हम लोग तो सपोर्ट कर रहे हैं। विभिन्न टीवी धारावाहिकों में अपने अभिनय का जादू दिखा चुकीं श्वेता मानती है कि लोगों को हंसाना मुश्किल नहीं है। यहां तो कोई सड़क पर गिर जाए तो लोग हंसने लगते हैं। हकीकत तो यह है कि एन्जाय करके हंसाना मुश्किल है।



## लोगों को हंसाना आसान नहीं : ऋत्विक

जाने-माने होस्ट तथा कमाल के एक्टर ऋत्विक का कहना है कि लोगों को हंसाना मुश्किल है। आपका अपना जाकिर में ऋत्विक जज की कुर्सी पर बैठे नजर आएंगे। वे बताते हैं कि इस शो में सच्चाई व ईमानदारी है, किस्से कहानी है। पारिवारिक मनोरंजन का मुकम्मल पैकेज है। उन्होंने बताया कि आम जनजीवन व परिवार से ही कामेडी निकालते हैं। हाव-भाव से भी हंसी निकलती है। खिल्ली उड़ाना कामेडी नहीं है। यह शो काफी चैलेंजिंग है। ऋत्विक ने बताया कि जाकिर में गजब का कामेडी सेंस है। उनकी टाइमिंग कमाल की है। यह शो काफी लोकप्रिय होने वाला है। दर्शक कामेडी का असली व शुद्ध रूप देखेंगे।



# एन्टरटेनमेंट का डबल डोज़

इंडिपेंडेंस डे वीक में एण्डटीवी पर आपके चहेते शोज 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में मनोरंजन और हंसी से भरपूर सप्ताह का मजा लेने के लिये तैयार हो जाइये। एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' की इस खास कहानी के बारे में योगेश त्रिपाठी, ऊर्फ दरोगा हप्पू सिंह ने बताया, ₹कमिश्नर (किशोर भानुशाली) 15 अगस्त के कार्यक्रम के लिये हप्पू को एक क्लासिकल डांसर लाने की जिम्मेदारी देता है। उस कार्यक्रम में एक मंत्री भी आने वाला है। हप्पू एक नर्तकी के पास जाता है और उसकी परफॉर्मेंस देखकर प्रभावित होता है। कार्यक्रम के लिये हप्पू उसे ही चुन लेता है। घर में राजेश (गीतांजलि मिश्रा) अपने बच्चों मलाइका (सोनल पंवार) और चमची (ज़ारा वारसी) को कथक में जीते अपने पुराने इनाम और ट्रॉफीज दिखाती है। वे दोनों उससे कहती हैं कि उसे दोबारा डांस करना शुरू करना चाहिये। उन्होंने आगे कहा, ₹कमिश्नर कार्यक्रम का निमंत्रण देने हप्पू के घर आता है और राजेश का डांस देखकर उसे ही फाइनल कर लेता है। राजेश बड़े रोमांच से हप्पू को यह बात बताती है और हप्पू उस नर्तकी को मना करने के लिये बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) से कहता है। हालांकि, नर्तकी उनकी बात नहीं मानती है और उन्हें ब्लैकमेल करने लगती है। हप्पू कोशिश करता है कि कमिश्नर को राजेश की परफॉर्मेंस कैंसल करने के लिये मना ले, लेकिन कमिश्नर मना कर देता है। हप्पू इसके बाद राजेश से कहता है कि वह पीछे हट जाए, लेकिन वह भी मना कर देती है और अभ्यास जारी रखती है। वह कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) को चिढ़ाती है और अम्मा जलन में आकर उसे चोट लगने और डांस नहीं कर पाने का श्राप देती है। संयोग से राजेश को चोट लग भी जाती है। इस बीच वह नर्तकी धमकाने के लिये उनके घर पहुँच जाती है। बेनी उसे अपनी बातों में फंसाकर उसके ब्लैकमेल वाले वीडियो डिलीट करवा देता है।

## अभिनेत्रियों पर एक नज़र जो स्क्रीन पर पुलिस की भूमिका निभाती नज़र आएंगी

**सिंघम अगेन में दीपिका पादुकोण**-चूँकि रोहित शेट्टी पुलिस की दुनिया में अपनी अगली फिल्म 'सिंघम अगेन' की रिलीज़ के लिए तैयार हैं, इसलिए इस बार फ़िल्म निर्माता ने दीपिका पादुकोण द्वारा निभाई गई एक नई और पहली महिला पुलिस अधिकारी को जोड़ा है।

**द बकिंघम मर्डर्स में करीना कपूर खान**-करीना कपूर खान ने 'द बकिंघम मर्डर्स' के लिए एकता कपूर और हंसल मेहता के साथ हाथ मिलाया है। हंसल मेहता द्वारा निर्देशित इस फिल्म में करीना कपूर



खान एक भूतपूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी, जो बाद में जासूस बन जाती है। यह फिल्म 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**दलदल में भूमि पेडनेकर**-अमृत राज गुप्ता की आगामी एक्शन थ्रिलर दलदल में भूमि पेडनेकर पहली बार पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाती नजर आएंगी।

## ऋतिक रोशन ने प्रशंसा करते हुए पश्मीना रोशन के लिये लिखा दिल से एक संदेश: 'मुझे तुम पर गर्व है

बॉलीवुड के ग्रीक गॉड ऋतिक रोशन इस समय अपनी चचेरी बहन पश्मीना रोशन की सफलता का जश्न मना रहे हैं, जिन्होंने हाल ही में फिल्म ₹इश्क विश्क रिबाउंडर₹ में शानदार शुरुआत की है। अभिनेत्री को उनके अभिनय के लिए प्रशंसा मिल रही है और उनके ि र्ब्रत चचेरे भाई ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी साझा करने से खुद को नहीं रोका। इंस्टाग्राम पर ऋतिक ने पश्मीना के साथ एक तस्वीर पोस्ट की और उनकी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए एक दिल से लिखा संदेश। उन्होंने लिखाःअसली आप को जानना और आपको बड़े पर्दे पर पूरी तरह से किरदार में डूबे हुए देखना मेरे लिए एक रहस्योद्घाटन और किसी खुशी के अनुभव से कम नहीं है, पाश। मेरा विश्वास करो, तुम्हारी क्षमता आसमान छू रही है और तुम इसे बहुत जल्द ही प्रकट कर दोगे, ठीक वैसे ही जैसे तुमने अपना पहला इश्क विश्क प्रकट किया था। तुम्हारी मौजूदगी में कुछ बेहद खास है। एक बार जब तुम इसे महसूस कर लोगे, तो तुम जान जाओगे कि इसका उपयोग कैसे करना है, इसकी रक्षा कैसे करनी है.



## विद्या बालन ने सोशल मीडिया पर मजेदार वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनके हास्य अंदाज से प्रशंसक हैरान हैं

विद्या बालन भारतीय सिनेमा की सबसे बहुमुखी अभिनेत्रियों में से एक हैं। कई बेहतरीन प्रदर्शनों के साथ, अभिनेत्री ने दर्शकों के दिलों में एक अपूरणीय जगह बनाई है। चाहे ऑन-स्क्रीन हो या ऑफ-स्क्रीन, विद्या का व्यक्तित्व कुछ ऐसा है जिसे कोई भूल नहीं सकता। हाल ही में, उन्होंने प्रशंसकों को एक अद्भुत वीडियो दिया, जिसमें उन्होंने कपिल शर्मा और कृष्णा अभिषेक के हिट कार्यक्रम के एक हास्यपूर्ण ऑडियो क्लिप की नकल की। इस मजेदार सोशल मीडिया पोस्ट के साथ, अभिनेत्री प्रभावी रूप से एक कॉमेडियन बन गई, जिसने उनके प्रशंसकों को अवाक कर दिया। विद्या बालन ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक लोकप्रिय कॉमेडी शो का प्रसिद्ध ₹मैंने आपका ट्रेलर देखा₹ डायलॉग बोलती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने वीडियो में कृष्णा के डायलॉग पर लिप-सिंक भी किया है। विद्या बालन के मजेदार अवतार ने निश्चित रूप से प्रशंसकों और दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया है, और अपनी कॉमिक टाइमिंग के साथ, उन्होंने साबित कर दिया है.



## कुब्रा सैत ने करियर की चुनौतियों और सफलताओं के बारे में खुलकर बात की

पी सेफ के लिए पॉडकास्ट ₹पी रूम कन्वर्सेशन₹ पर एक स्पष्ट बातचीत में, अभिनेत्री कुब्रा सैत ने अपनी व्यक्तिगत और पेशेवर यात्रा की एक झलक पेश की। उन्होंने मनोरंजन उद्योग में अपने अनुभवों पर गहराई से चर्चा की, उन चुनौतियों और सफलताओं पर प्रकाश डाला जिन्होंने उनके करियर को आकार दिया है। कुब्रा ने मनोरंजन उद्योग में गहराई से डूबे रहने के बावजूद भी एक बाहरी व्यक्ति के दृष्टिकोण को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उनका मानना है कि इस अनूठे दृष्टिकोण ने उनके पेशेवर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, ₹जब हम इनसाइडर आउटसाइडर के बारे में बात करते हैं, तो यह वास्तव में भाई-भतीजावाद का एक बेवकूफी भरा हिस्सा बन जाता है।₹ ₹मैं कह रही हूँ कि इसे बाहर से एक शिल्प के रूप में देखें। अभिनेत्री ने एक होस्ट से एक अभिनेता बनने की चुनौतियों पर भी चर्चा की, लाइव दर्शकों के सामने प्रदर्शन करने और कैमरे के लेंस के माध्यम से प्रदर्शन देने के बीच के अंतर पर जोर दिया।



## रेखा, विद्या और कंगना को पसंद है हाथ से बने हुये पारंपरिक वस्त्र

रेखा, जो शालीनता और भव्यता की प्रतिमूर्ति हैं, लंबे समय से हथकरघा साड़ियों की संरक्षक रही हैं। कांजीवरम और बनारसी का उनका संग्रह प्रसिद्ध है, प्रत्येक साड़ी भारतीय बुनकरों के शिल्प कौशल को दर्शाती है। रेखा के पारंपरिक वस्त्रों के प्रति अटूट प्रेम ने उन्हें एक स्टाइल आइकन और हथकरघा फैशन की पथप्रदर्शक बना दिया है।

विद्या बालनः टाइमलेस आइकन विद्या बालन के परिधानों के चुनाव ने हमेशा भारत की कपड़ा विरासत का जश्न मनाया है। साड़ियों के प्रति उनका प्यार, खास तौर पर हथकरघा वाली साड़ियों के प्रति, जगजाहिर है। विद्या अक्सर खूबसूरत हथकरघा साड़ियों में बाहर निकलती हैं, जो साबित करती हैं कि पारंपरिक बुनाई ठाठ और समकालीन दोनों हो सकती है। उनका स्टाइल मंत्र कई लोगों को पसंद आता है, जो हथकरघा वस्त्रों के प्रति नए सिरे से प्रशंसा को प्रोत्साहित करता है।

कंगना रनौत सिर्फ़ अपनी दमदार अदाकारी के लिए ही नहीं बल्कि भारतीय हथकरघा की अपनी मज़बूत वकालत के लिए भी जानी जाती हैं। चाहे कैज़ुअल डे आउट हो या रेड कार्पेट इवेंट, कंगना अक्सर हथकरघा साड़ियों और आउटफिट्स को ही चुनती हैं। उनके फ़ैशन विकल्प हथकरघा वस्त्रों की बहुमुखी प्रतिभा और सुंदरता को उजागर करते हैं, जिससे कई लोग स्वदेशी बुनाई को अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं।

## शुभ मुखर्जी ने अपनी फिल्म कहवा को विश्व स्तर पर मिल रहे प्यार के बारे में ज़ाहिर की अपनी भावना

2011 में शुभ मुखर्जी ने अपनी पहली हिंदी निर्देशित फ़िल्म शक्ल पे मत जा रिलीज़ किया था जिसमें दिग्गज अभिनेता सौरभ शुक्ला और रघुबीर यादव नज़र आये थे । उसके बाद, उन्होंने विज्ञापन और डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म निर्माण की ओर रुख कर लिया था और बड़े ब्रांडों के लिए कई प्रशंसित प्रोजेक्ट बनाए।अब, 13 साल बाद, वह एक सच्ची कहानी पर आधारित दमदार फ़िल्म कहवा के साथ काल्पनिक कहानी कहने की ओर रुख कर रहे हैं। यह फ़िल्म अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म समारोहों में घूम रही है, जिसे सर्वसम्मति से प्रशंसा मिल रही है और हाल ही में, इसे रोम प्रिज्मा फ़िल्म अवार्ड्स में दिखाया गया, जहाँ यह फ़ाइनलिस्ट में से एक थे । डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण के दौरान शुभ ने सोमालिया की सीमाओं और कश्मीर में राजनीतिक अशांति जैसी कई संकटग्रस्त जगहों का प्रत्यक्ष अनुभव किया। कहवा कश्मीर में आतंकवादी बुरहान वानी के एनकाउंटर के बाद की सच्ची कहानी दर्शाती है, जिसके कारण राज्य में सबसे लंबे समय तक कर्फ़्यू लगा रहा और इसमें अभिनेता गुंजन उतरेजा और बशीर लोन भूमिका में नज़र आ रहे हैं.



## विद्या बालन को मिला जैकी श्रॉफ से तोहफा

विद्या बालन भारतीय सिनेमा की सबसे बहुमुखी अभिनेत्रियों में से एक हैं। प्रतिभाशाली अभिनेत्री होने के अलावा, विद्या बालन इंडस्ट्री के उन नामों में से हैं जो हमेशा अपने सोशल मीडिया में एक्टिव रहती हैं। समय-समय पर, अभिनेत्री ने दर्शकों को अपने दैनिक जीवन के बारे में जानकारी दी है और साथ ही सोशल मीडिया पर मजेदार पोस्ट भी किए हैं। हाल ही में उन्हें जैकी श्रॉफ से पर्यावरण के अनुकूल तोहफा मिला। दिग्गज अभिनेता पर्यावरण का बहुत ख्याल रखने के लिए जाने जाते हैं और कई मौकों पर वे प्रकृति के कल्याण को बढ़ावा देते हुए इसके बड़े समर्थक हैं। आज अपने सोशल मीडिया पर, विद्या बालन ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह जैकी श्रॉफ द्वारा उन्हें दिए गए पर्यावरण के अनुकूल तोहफे को दिखा रही हैं। जैकी श्रॉफ द्वारा दिए गए तोहफे में एक पौधे से बना लॉकेट है, जिसे अभिनेत्री ने पहना हुआ है और वह हमारी जीवनशैली में स्वस्थ पर्यावरण के महत्व और लाभों को भी साझा करती हैं।



## प्रसिद्ध गायक सुरेश वाडकर का नया रेडियो प्रोग्राम इस दिवाली से होगा शुरू

**लिपिका वर्मा** । पद्मश्री सम्मानित प्रसिद्ध गायक सुरेश वाडकर, जो संगीत में नई प्रतिभाओं को निखारने के लिए जाने जाते हैं, ने अपने जन्मदिन के अवसर पर एक नया रेडियो प्रोग्राम ₹ऐ ज़िंदगी गले लगा ले₹ की घोषणा की। इस प्रोग्राम का निर्माण स्टूडियो रीफ्यूल द्वारा किया गया है और यह प्रोग्राम इस दिवाली से शुरू होगा। सुरेश वाडकर ने इस कार्यक्रम के दौरान ₹बिहाइंड द स्टोरीज़₹ के बारे में एक झलक दी। हालांकि चैनल का अभी खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन यह प्रोग्राम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू होगा और फिर वैश्विक स्तर पर भी प्रसारित होगा। सुरेश वाडकर, जो अपनी मधुर आवाज और कालजयी गीतों के लिए जाने जाते हैं, ने इस अवसर पर फिल्म ₹सदमा₹ के सदाबहार गीत ₹ऐ ज़िंदगी गले लगा ले₹ के बारे में बात की। इस गीत की रिकॉर्डिंग और इसकी स्थायी लोकप्रियता पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, "यह लगभग 37 या 38 साल पहले की बात है, लेकिन यादें आज भी ताजा हैं। उन दिनों मैं एक स्टूडियो से दूसरे स्टूडियो में गाने रिकॉर्ड करने में व्यस्त रहता था। एक दिन जब मैं राजा साहब (इलैयाराजा) से मिला, तो मैं उनके छोटे कद और बड़ी प्रतिभा से आश्चर्यचकित हो गया। वह सबसे




प्रतिभाशाली संगीतकार हैं जिनसे मैं तब मिला था। उन दिनों, हमें दक्षिण भारतीय संगीत या संगीतकारों के बारे में अधिक जानकारी नहीं थी, इसलिए मैं उस दिन उनसे परिचित हुआ। गीत की लोकप्रियता के बारे में आगे बताते हुए उन्होंने कहा, "मुझे इस गीत की लोकप्रियता तब पता चली जब मैं दिल्ली में एक कार्यक्रम में प्रस्तुति दे रहा था और मुझे लगभग 50 पत्र मिले जिसमें ₹ऐ ज़िंदगी₹ गाने का अनुरोध था। मैंने भीड़ को बताया कि मुझे इसके बोल याद नहीं हैं। आश्चर्यजनक रूप से, 7 मिनट में एक खूबसूरत लड़की ने गीत के बोल लिखकर मुझे दे दिए। फिर मैंने दर्शकों की मांग पर यह गाना गाया। यह बहुत ही दिल को छू लेने वाला अनुभव था। उस दिन मुझे ₹ऐ ज़िंदगी₹ की लोकप्रियता का पता चला। जब भी मैं यह गाना सुनता हूं, श्रीदेवी की यादें जीवित हो जाती हैं।" शाहरुख खान अभिनीत फिल्म ₹डियर ज़िंदगी₹ के लिए अरिजीत सिंह द्वारा गाए गए गाने ₹ऐ ज़िंदगी₹ के बारे में सुरेश वाडकर ने कहा, ₹अरिजीत न केवल एक उत्कृष्ट गायक हैं बल्कि एक प्रशिक्षित शास्त्रीय गायक भी हैं। अरिजीत को मेरी पत्नी पद्मा ने गुरुकुल में प्रशिक्षित किया था और अरिजीत आज भी उन्हें माँ कहकर संबोधित करते हैं।

## रजत और बानी के रिश्ते में आई खटास

सोनी सब का शो 'बादल पे पांव हैं' बानी (अमनदीप सिद्धू) की यात्रा पर आधारित है। बानी एक दृढ़ निश्चयी और महत्वाकांक्षी लड़की है, जो न केवल अपने बल्कि अपने परिवार के जीवन को बेहतर बनाने के लिए बड़े सपने देख रही है। यह बात अलग है कि उनकी आर्थिक स्थिति उसे बड़े सपने देखने की इजाजत नहीं देते। हाल के एपिसोड में बानी को लावण्या (भाविका चौधरी) के साथ रजत (आकाश आहूजा) के पिछले रिश्ते की सच्चाई का पता चलता है, जिससे वह आहत हो जाती है और उसे यह धोखा लगता है। रजत खुद को समझाने के लिए संघर्ष करता है, वहीं नवविवाहित जोड़े के बीच भावनात्मक दूरी बढ़ती जाती है, जो उनके नए-नए रोमांस की परीक्षा होती है। आगामी एपिसोड में रजत के जीवन में लावण्या की दोबारा एंट्री से बानी के साथ उसकी शादी बर्बाद होने का खतरा है। रजत के साथ लावण्या के अतीत के खुलासे से पहले से ही आहत बानी को और भी उथल-पुथल का सामना करना पड़ता है, क्योंकि रजत उससे लावण्या के लौटने की जानकारी छिपाता है।



# परफेक्ट साथी: इन बॉलीवुड अभिनेताओं की सबसे अच्छी दोस्त उनकी बिल्लियाँ हैं

आज अंतर्राष्ट्रीय बिल्ली दिवस है, और हम शायद अपने प्यारे साथियों के साथ सबसे ज़्यादा उत्साहित रहते हैं। जबकि हमारे बिल्ली के समान दोस्त सुनिश्चित करते हैं कि हर दिन उनके बारे में हो, आज वे हमारे जीवन में जो अंतहीन खुशी और जादू लाते हैं, उसके लिए थोड़ा और जश्न मनाने के हकदार हैं। उनके प्यारे गले से लेकर चंचल पंजे तक, वे हमें किसी और की तरह बड़ी मुस्कान देते हैं! बॉलीवुड की प्रमुख डीवाज़ न केवल अपने शानदार लुक के लिए बल्कि जानवरों और अपने पालतू जानवरों के लिए बिना शर्त प्यार के लिए भी जानी जाती हैं। वे समय-समय पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने छोटे प्यारे बच्चों को गर्व से दिखाती हैं। आइए बॉलीवुड की उन अभिनेताओं पर करीब से नज़र डालें जिनके पास अपने प्यारे साथी हैं!

**आलिया भट्ट**-जबकि आलिया भट्ट बाकी दुनिया के लिए एक बड़ी स्टार हैं, वह अपनी बिल्ली एडवर्ड की एक ि र्ब्रत पालतू माता-पिता हैं, जो शायद अपनी माँ की तरह ही लोकप्रिय है! अपनी शादी के दिन से लेकर सैर-सपाटे तक, एडवर्ड हमेशा आलिया के साथ रहता है और



अभिनेत्री का सोशल मीडिया इसका सबूत है!

**जैकलीन फर्नांडीज**-जैकलीन फर्नांडीज एक या दो नहीं बल्कि चार बिल्लियों की मां हैं: योडा, लोकी, मिउमिउ और ज़ायज़ा। जब अभिनेत्री काम में व्यस्त होती हैं, तो उनके छोटे साथी कभी-कभी उनके आस-पास घूमते देखे जा सकते हैं। वह वास्तव में एक जुनूनी बिल्ली माँ है और हमें यह पसंद है!

**नुसरत भरूचा**=नुसरत भरूचा, जो अपने साहसिक और शांत स्वभाव के लिए जानी जाती हैं, उन्हें बिल्लियों से बहुत प्यार है। वह नोहा की एक स ि र्ब्रत बिल्ली माँ हैं। वह अक्सर अपने छोटे दोस्त को इंटरनेट पर पोस्ट करती हैं और उसे वह अतिरिक्त स्नेह और गर्मजोशी देने में कभी असफल नहीं होती हैं जिसके ये प्यारे साथी हकदार हैं!

**शमिता शेट्टी**=शमिता शेट्टी, जो अपनी ि र्ब्रवाद कृपा और शान के लिए जानी जाती हैं, एक सच्ची पालतू प्रेमी भी हैं! उनके पालतू जानवर, पिक्सी, लोला, लोकी और फोबे, अक्सर शमिता की पोस्ट और इंस्टाग्राम कहानियों में देखे जाते हैं।

## सोनी सब के 'वंशज' में, नील की मौत के बाद टूट जाएगी युविका यश जुटा है हार्ट डोनर की पहचान करने की कोशिश में

सोनी सब का 'वंशज', महाजन परिवार में लैंगिक भूमिकाओं और विरासत के विवादों को उजागर करके दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। तलवार परिवार के आगमन से इस सीरीज़ की दिशा बदल गई है, जो महाजन परिवार का दुर्जेय प्रतिद्वंद्वी है। हाल के एपिसोड्स में, जैसा कि यश तलवार (शालीन मल्होत्रा) की सफलतापूर्वक हार्ट ट्रांसप्लांट सर्जरी की जाती है, और वह घर लौट आता है, युविका (अंजलि तत्रारी) और उसका परिवार उसके मंगेतर नील (मोहित कुमार) की मौत के बाद गहरे दुःख से गुज़र रहा है। यश की सफल सर्जरी के बावजूद, वह असहज महसूस करता है, क्योंकि वह रहस्यमय हार्ट डोनर की पहचान नहीं जानता है। जबकि युविका के दुःख की कोई सीमा नहीं है, पहले तो वह नील की मौत को स्वीकार नहीं करती है, लेकिन फिर उसकी निराशा बढ़ने लगती है, और उसके लिए इस दुःखद खबर से उबर पाना मुश्किल हो जाता है। इस बीच, यश अपने हार्ट ट्रांसप्लांट के रहस्य और डोनर का पता लगाने की गुत्थी से ग्रस्त है। नील की मौत की खबर से उसका आंतरिक दुःख और बढ़ जाता है, जिससे वह व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता को एक तरफ रखकर युविका के प्रति संवेदना व्यक्त करता है।



## शुभांगी अत्रे ने मनीषा कोईराला से ली प्रेरणा

एण्डटीवी के मशहूर कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' ने लगातार मजेदार और मनोरंजन कहानियाँ प्रस्तुत की हैं, जिन्होंने हमेशा दर्शकों का दिल जीता है। शो की नई कहानी में प्यारी अंगूरी भाबी, जिसे शुभांगी अत्रे ने निभाया है, एक खूबसूरत लेकिन प्रेम में पागल तवायफ के रूप में नजर आएँगी। दर्शकों के लिये यह एक खास अनुभव होने वाला है, क्योंकि अंगूरी भाबी बेगम अनारा के शानदार अवतार में स्क्रीन की शोभा बढ़ाएँगी। शुभांगी अत्रे ने अपने किरदार के बारे में बताते हुये कहा, "कुछ नया और रोमांचक करने में मुझे हमेशा ही मजा आता है। इस शो की बदौलत मुझे हमेशा ही अलग-अलग चीजें करने और अपने लुक्स के साथ एक्सपेरिमेंट करने का मौका मिला है। मौजूदा कहानी में दर्शक मुझे बेगम अनारा के रूप में देखेंगे, जो प्रेम में पागल है। बेगम अनारा का किरदार निभाना मेरे लिये एक मजेदार अनुभव रहा। उन रंग-बिरंगे कपड़ों और पारंपरिक गहनों को पहनकर मुझे सचमुच एक राजसी अहसास हुआ। एक तवायफ के आकर्षण और गरिमा की बारीकियों को समझना आसान नहीं है, लेकिन कहानी में बुने गए हास्य ने इसे एक मजेदार अनुभव बना दिया। यह इतना मजेदार था कि इसकी शूटिंग के दौरान मैं और मेरे सह-कलाकार भी अपनी हंसी नहीं रोक पा रहे थे। सेट पर माहौल बहुत ही जोशीला था.



## कलाकारों द्वारा युवावस्था में लिये गये अहम फैसले

इंटरनेशनल यूथ डे युवाओं के योगदान का जश्न मनाता है। इस खास मौके पर, एण्डटीवी के कलाकारों ने पुराने दिनों को याद करते हुए उन बेहद महत्वपूर्ण व्यक्तिगत फैसलों के बारे में बताया, जो उन्होंने अपनी युवावस्था में लिये थे। इन कलाकारों में शामिल हैं- स्मिता सेबल ('भीमा' की धनिया), आशुतोष कुलकर्णी ('अटल' की कृष्णा बिहारी वाजपेयी), हिमानी शिवपुरी ('हप्पू की उलटल पलटन' की कटोरी अम्मा) और आसिफ शेख ('भाबीजी घर पर हैं' के विभूति नारायण मिश्रा)। एण्डटीवी के आगामी शो 'भीमा' में धनिया का किरदार निभा रहीं स्मिता सेबल ने कहा, "20-21 साल की उम्र में ही शादी कर लेना, जब मैंने बतौर एक्टर अपने करियर की शुरूआत भी की थी, मेरी जिंदगी के सबसे अहम फैसलों में से एक था। कई लोगों ने मुझसे पूछा कि अपने एक्टिंग के करियर की शुरूआत में ही मैंने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। मेरा जवाब बिल्कुल सीधा थाः मेरे लिए प्यार और परिवार उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितनी मेरी पेशेवर आकांक्षाएँ। इतनी कम उम्र में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल जिंदगी को बैंलेंस करना वाकई में एक चुनौतीपूर्ण काम था। कई बार मुझे शूटिंग शेड्यूल्स और फैमिली कमिटमेंट्स के बीच संघर्ष करना पड़ा, लेकिन मैंने कभी भी इसे एक बोझ के रूप में नहीं देखा।



## मुझे प्रमुख भूमिका मिलने में 16 साल लग गये: अमित भारद्वाज

अमित भारद्वाज, थिएटर, फिल्म और टेलीविजन की दुनिया का एक जानामाना नाम हैं और फिलहाल वो एण्डटीवी के नये सोशल ड्रामा 'भीमा'में एक प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। अमित इस शो की मुख्य किरदार भीमा के पिता मेवा बने हैं। एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में अमित ने इस शो, अपने किरदार, मनोरंजन उद्योग में अपने सफर और पारंपरिक बिहारी व्यंजनों से अपने प्रेम के बारे में बात की। प्रस्तुत है इस बातचीत के प्रमुख अंश -

**1. 'भीमा' में आपको मेवा का किरदार कैसे मिला?**

भीमा के बारे में मुझे अपने एक दोस्त से पता चला। उसने मुझे बताया कि राज खत्री प्रोडक्शन्स द्वारा उत्तर प्रदेश के एक किरदार के लिये ऑडिशन्स लिये जा रहे हैं। इस किरदार को लेकर मेरी दिलचस्पी जागी और मैंने अपना प्रोफाइल भेज दिया। फिर मुझे इस रोल के लिये शॉर्टलिस्ट कर लिया गया। मॉक टेस्ट और ऑडिशन में सफल होने के बाद मुझे 'भीमा'में एक प्रमुख किरदार निभाने का मौका मिल गया, जिससे मैं बहुत खुश हुआ।

**2. अपने अब तक के सफर के बारे में हमें कुछ बतायें।**

मेरे 16 सालों के करियर में यह पहली बार है, जब मुझे एक प्रमुख भूमिका मिली है। मैंने पहले भी बड़े किरदार के लिये ऑडिशन दिये हैं, लेकिन मुझे हमेशा छोटी-मोटी भूमिकाएं ही मिली। मेरे कॅरियर की शुरूआत 2008 में 'अगले जनम मोहे बिटिया ही कीजो' में एक कैमियो के साथ हुई थी। विभिन्न चुनौतियों के बावजूद मैंने कभी हार नहीं मानी। इंडस्ट्री में बने रहने के लिये मैंने बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर भी काम किया है।

# एयरपोर्ट में मनाया गया एविएशन सिक्योरिटी कल्चर वीक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 11 अगस्त।** ब्यूरो ऑफसिविल एविएशन सिक्योरिटी न्यू दिल्ली के निर्देशानुसार देश के सभी एयरपोर्ट में 5 से 11 अगस्त को एविएशन सिक्योरिटी कल्चर सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जगदलपुर के माँ दंतेश्वरी एयरपोर्ट में प्रबंधन, इंडिगो और आलाइंस इंडिया के द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और जागरूकता आधारित कार्यक्रम के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर विजय दयाराम के. कहा कि जगदलपुर एयरपोर्ट में यह दूसरा एविएशन सिक्योरिटी कल्चर वीक है। इस सप्ताह में एविएशन से जुड़ी सुविधाओं और सुरक्षा के लिए आम नागरिकों को जागरूक किया गया है। जगदलपुर के एयरपोर्ट में लगातार सेवाओं में विस्तार हो रहा है, वर्तमान में लगभग पाँच-पाँच विमान आ जा रही है। आगे भी कई जगहों को भी बस्तर से जोड़ने की पहल की जा रही है। उन्होंने कल्चर सप्ताह के लिए एयरपोर्ट प्रबंधन, विमान कंपनियों के स्टाफ को शुभकामनाएँ दी।कार्यक्रम कलेक्टर ने भी गाना गाकर कार्यक्रम को यादगार बनाया। कार्यक्रम में अति.पुलिस अधीक्षक श्री महेश्वर नाग ने संबोधित कर बधाई दी और गीत गाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम हिस्सा बने। विमानन विभाग से जुड़े अधिकारी, सुरक्षा अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर एवं एयरपोर्ट के नोडल श्री ऋषिकेश तिवारी, सुरक्षा अधिकारी डीएसपी श्री भाटी, एयरपोर्ट के प्रबंधन के अधिकारी श्री विदेश गुप्ता, श्री राठौर सहित इंडिगो, एलाइस एयर और एयरपोर्ट के कर्मचारी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### इंदिरा स्टेडियम बना वरदान



**जगदलपुर, 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खेल व युवा कल्याण विभाग द्वारा इंदिरा स्टेडियम को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्वरूप दिया गया है। जहां स्थानीय खिलाड़ी फुटबाल, एथलेटिक्स व दौड़ जैसी खेलों से अपनी प्रतिभा को बढ़ा रहे हैं। वहीं उच्च रक्तचाप व शुगर के मरीज वाक कर अपनी सेहत में सुधार ला रहे हैं। स्टेडियम में कृत्रिम घास लगाया गया है जो आकर्षण का केंद्र है। ज्ञात हो कि पूरे छत्तीसगढ़ में जगदलपुर के इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में कृत्रिम घास व मेट निर्मित किया गया है।

### एनएमडीसी को मिला फाइव स्टार रेटेड माइन पुरस्कार



**बचेली, 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 7 अगस्त को नई दिल्ली में खान मंत्रालय भारत सरकार और भारतीय खान ब्यूरो के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पुरस्कार समारोह में एनएमडीसी बचेली के बैलाडीला लौह अयस्क खान निक्षेप क्र. 5 को फाइव स्टार रेटेड माइन पुरस्कार प्राप्त हुआ। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री माननीय किशन रेड्डी के करकमलों से यह प्रतिष्ठित पुरस्कार अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) एनएमडीसी लिमिटेड एवं बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स के परियोजना प्रमुख बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक ने प्राप्त किया।

### यूपी-बिहार संस्कृति महिला समिति ने मनाया सावन झूला



**बचेली, 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बचेली में उत्तर प्रदेश व बिहार के महिला संघ हर साल की भांति इस साल भी सावन का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। उत्तर प्रदेश वह बिहार की महिलाएं अपने सांस्कृतिक परंपरा का सम्मान जनक हर त्यौहार व पूजा पाठ अपने सांस्कृतिक परंपरा को कायम रखते हैं। उत्तर प्रदेश व बिहार जहां पर भी है वहां अपने भाषा का परिचय भली भाती से परिचित है। सबको लेकर हर समय सांस्कृतिक परंपरा के साथ पूजा अर्चना करने में सक्षम रहते हैं। उत्तर प्रदेश व बिहार का कुछ-कुछ ऐसा विशेष पूजा पाठ है जो कि बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। अभी सावन के महीने में हरे रंग का बहुत महत्व माना गया है सावन में उत्तर प्रदेश व बिहार की महिलाएं अपने पति व्रता बड़े ही भाव पूर्वक से निभाते हैं। सावन के महीने में हरे रंग का पूरा श्रृंगार हर सुहागन के ऊपर दिखने लगता है और सावन माह के महीने में सबसे ज्यादा झूला झूलने का पर्व बड़े ही धूमधाम से उत्तर प्रदेश व बिहार के महिलाएं मनाती है। यही उत्तर प्रदेश व बिहार का सावन पर्व का झूला झूलने का विशेष महत्व माना जाता है। बचेली के उत्तर प्रदेश व बिहार संस्कृत महिला समिति द्वारा हर साल की भांति इस साल झूला का आयोजन हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।

### नारायणपुर में 'हर घर तिरंगा-यात्रा अभियान' को लेकर भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक



**नारायणपुर, 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नारायणपुर स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में 'हर घर तिरंगा - यात्रा अभियान' के अंतर्गत मंडल और जिला स्तर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की योजना पर विचार-विमर्श हेतु एक बैठक आयोजित की गई। नेताओं ने दिया मार्गदर्शन : इस बैठक में भाजपा जिला संगठन प्रभारी भरत मटियारा, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसाय सलाम, विधानसभा प्रभारी मनोज जैन और किसान मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष व किरण उसेंडी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए। सभी नेताओं ने कार्यकर्ताओं को अभियान के महत्व और इसकी सफलता के लिए समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान 'हर घर तिरंगा - यात्रा अभियान' की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई और इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बनाई गई। सभी उपस्थित नेताओं ने अभियान की सफलता के लिए अपना समर्थन और सहयोग प्रदान करने का वचन दिया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्षद्वय बृजमोहन देवांगन, नारायण मरकाम, भाजपा नेता गौतम गोलछा, जयप्रकाश शर्मा, भाजपा जिला महामंत्रीद्वय संजय नंदी, संदीप झा, तिरंगा यात्रा अभियान के जिला संयोजक नरेंद्र मेश्राम, संतनाथ उसेंडी, संतोष सुराना सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित थे। सभा का सफल संचालन व आभार तिरंगा यात्रा अभियान के सह संयोजक अविनाश देवांगन ने किया।

## एक नजर

### बस्तर पर्यटन स्थल के रूप में अपनी अलग पहचान बना रहा है : महेश



**जगदलपुर, 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि कोसारटेडा जलाशय बनवाने के लिए स्वर्गीय बलीराम कश्यप ने अथक प्रयास किया, जलाशय से क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा बढ़ी, अब यहाँ पर्यटन के केंद्र के रूप में विकास किया जाएगा। सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ हो रहा है। बस्तर को पहले अधिकारी कालापानी की सजा के रूप में जानकर आते थे अब विकास की गति और सरकार योजनाओं ने पर्यटन के स्थल के रूप में अलग पहचान बना ली है।



**जगदलपुर, 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिला पत्रकार संघ के वरिष्ठ पत्रकार गुरु दर्शन सिंह पोला जी का संघ कार्यालय में सभी पत्रकार एक जुट हो कर उनकी उनकी पुण्यतिथि मनाई।

### बीएस गौर उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



**भखारा, 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व आदिवासी दिवस 1995 से हर साल 9 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस के रूप में मनाते आ रहे है। यह दिन उनके योगदान और उनके अधिकारों की सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है इसी कड़ी में शनिवार को बिसाहू सिंह गौर शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय भखारा में विश्व आदिवासी दिवस व हरेली त्यौहार मनाया गया जिसमें फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें कक्षा पहली-दूसरी एवं तीसरी के छात्र-छात्राएं शामिल रहे एवं विभिन्न वेशभूषा एवं पोशाक में अपनी कला का प्रदर्शन किया। छात्र- छात्राओं ने छत्तीसगढ़िया दाई-बाबू, डोकरी - डोकरा, हल चलता किसान, डॉक्टर, इंजीनियर, सैनिक आदि बनकर डायलॉग प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक - शिक्षिकाओं द्वारा हरेली त्यौहार एवम विश्व आदिवासी दिवस क्यों मनाया जाता है एवं कैसे मनाया जाता है इसकी जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई! छात्र -छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी गानों में नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य राजकुमार गंजीर एवं शिक्षकगण - वैभव किरण, इस्मत रशीद, रिया साहू, अदिति लाल, मुस्कान बानो, भावना झा, अक्षय छिब्बर, धीरज ठाकुर, नियति पांडे, दिव्या साहू, नूरजहां, उर्मिला यादव, लिकांत राजपूत, अल्का जांगड़े उपस्थित रहे।

### कोसारटेडा सिंचाई जलाशय में ईको-टूरिज्म रिसोर्ट का वन एवं जल संसाधन मंत्री ने किया भूमिपूजन

# भाजपा सरकार बस्तर में दे रही पर्यटन को बढ़ावा : कश्यप



- बस्तर में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने का सार्थक प्रयास
- 3 करोड़ 51 लाख रुपए की लागत से विकसित किया जाएगा ईको-टूरिज्म रिसोर्ट
- कोसारटेडा जलाशय क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के साथ ईको-टूरिज्म पर्यटन के लिए मिलेगी नई पहचान : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 11 अगस्त।** वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर में प्राकृतिक सौंदर्य, वन उत्पाद, वन संसाधन की उपलब्धता बहुत है, सरकार द्वारा बस्तर में पर्यटन के लिए होम स्टे, कैंपिंग और ईको पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में कोसारटेडा जलाशय परिसर में भी ईको-टूरिज्म हब के रूप में विकास हेतु आज भूमिपूजन किया गया है। बस्तर जिले में कोसारटेडा जलाशय से सिंचाई सुविधा के साथ-साथ अब ईको-टूरिज्म हब के निर्माण से यहाँ के महिला स्व सहायता समूह और ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेगा। मंत्री ने कहा कि बस्तर अपनी अप्रतिम सौंदर्य के लिए विश्व प्रसिद्ध रहा है इस लिये बस्तर में सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। संभाग में कई जलप्रपात है जिनको पर्यटन नक्शे में जोड़ने की पहल की जा रही है। मंत्री कश्यप शनिवार को कोसारटेडा सिंचाई जलाशय में 03 करोड़ 51 लाख रुपए की लागत से विकसित की जा रही ईको-टूरिज्म रिसोर्ट का भूमिपूजन किया।कार्यक्रम में मंत्री केदार कश्यप ने इको रिसोर्ट के मुख्य द्वार निर्माण हेतु राशि 25 लाख, इको रिसोर्ट के चारों ओर टो वॉल के निर्माण हेतु 01 करोड़, अप्रोच रोड के दोहरीकरण, प्रशासनिक भवन के जीर्णोद्धार हेतु 50 लाख, रिसोर्ट के विकास हेतु रिसोर्ट के आसपास उपलब्ध अन्य विभागों के स्वामित्व की शासकीय भूमि को जल संसाधन विभाग को हस्तांतरित करने और हाईमास्ट लाइट हेतु 25 लाख रूपए की घोषणा की।

कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि कोसारटेडा जलाशय बनवाने के लिए स्वर्गीय बलीराम कश्यप ने अथक प्रयास किया, जलाशय से क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा बढ़ी, अब यहाँ पर्यटन के केंद्र के रूप में विकास किया जाएगा। सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ हो रहा है। बस्तर को पहले अधिकारी कालापानी की सजा के रूप में जानकर आते थे अब विकास की गति और सरकार योजनाओं ने पर्यटन के स्थल के रूप में अलग पहचान बना ली है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने भी संबोधित किया।

कलेक्टर विजय दयाराम के . ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोसारटेडा जलाशय बस्तर- नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के लिए जाना जाता था अब ईको-टूरिज्म पर्यटन के रूप में भी इसे नई पहचान मिलेगी। बस्तर जिला में पहले पर्यटन के रूप में चित्रकोट, तीरथगढ़, कुटुमसर गुफा की ख्याति थी इसमें अब कोसारटेडा ईको-टूरिज्म भी अलग पहचान दिलाएगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, जनपद अध्यक्ष टिकेशवरी मंडावी, सरपंच सालेमेटा फरसू बघेल अन्य जनप्रतिनिधि सहित सीसीएफआरसी दुग्गा, वन मण्डलाधिकारी उत्तम गुप्ता, जल संसाधन विभाग के भंडारी, वेद पांडेय सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के उपरांत जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने मंत्री को पूरे प्रोजेक्ट का विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में अतिथियों ने एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण किया और ग्रामीणों को पौध वितरण किए।

बस्तर जिले की कोसारटेडा मध्यम बहुउद्देश्यीय सिंचाई जलाशय परियोजना में सिंचाई के साथ ईको-टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया रहा है। करीब 03 करोड़ 51 लाख रुपए की लागत से निर्मित किये जा रहे कोसारटेडा जलाशय में ईको-टूरिज्म रिसोर्ट एवं अन्य पर्यटक सुविधाओं के जरिए बस्तर को नई पहचान मिलेगी। शासन की मंशानुरूप कोसारटेडा जलाशय ईको-टूरिजम हब के संचालन में स्थानीय मातृ शक्ति महिला स्वसहायता समूहों की व्यापक सहभागिता के साथ ही युवाओं और ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

**सुविधाओं का होगा विस्तार:** कोसारटेडा ईको टूरिस्ट रिसोर्ट में मुख्य तौर पर 06 नेचुरल बम्बू कॉटेज,04 लक्जरी विला टेंट, एक बम्बू से निर्मित रेस्टोरेंट, बच्चों के लिए चिल्ड्रन पार्क, एडवेंचर रोप कोर्स,वॉटर स्पोर्ट्स सुविधाएं सहित पूरे ईको-टूरिज्म हब इलाके को आकर्षक बनाने के लिए गार्डन डेवलपमेंट,बम्बू गजेबो,लैंड स्केपिंग,लॉन ग्रास वर्क,सीमेंट आर्ट वर्क,स्टेच्यू इत्यादि कार्यों के साथ ही एप्रोच रोड एवं पार्किंग स्थल भी निर्मित किया जा रहा है।

## धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम, 11 अगस्त।** सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक ईकाई गीदम के द्वारा बाजार स्थल गीदम में विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। रैली के साथ डोल नगाड़े तथा आतिशबाजी के साथ गीदम ब्लाक के सातों जोनों से आए सैकड़ों लोग गीदम बाजार स्थल से हारम चौक होते हुए वापस बाजार स्थल तक पहुंचे। बाजार स्थल में विधी विधान से पूजा अर्चना के साथ ध्वजारोहण समाज प्रमुख एवं संरक्षक चैतराम अटामी व मुगडू कड़ती के द्वारा किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र वेट्टी, मुख्य अतिथि भुनेश्वर भारद्वाज, संचालन रामलाल लेकाम तथा समाज के प्रमुखो एवं पदाधिकारीयों की गई। सभी को मंचासित कर साफा बांध कर स्वागत किया गया एवं बुद्धिजीवियो के द्वारा उद्बोधन दिया गया। जिसमे सामाजिक संगठन को मजबूत करने, रुढ़ि प्रथा, रिती रिवाज जल, जंगल, जमीन की संस्कृति को बनाएं रखने की बात कही गई। बीच-बीच में स्कूल आश्रम के छात्र छात्राओं के संस्कृति कार्यक्रम किया गया तथा समाज के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वालो को सम्मानित भी किया गया। जिसमे सर्व श्रेष्ठ समाज कार्यकर्ता जयदेव मरकाम, सर्व श्रेष्ठ कर्मचारी समाज कार्यकर्ता सत्यवान भास्कर, सर्व श्रेष्ठ सरपंच बीजूराम कश्यप, सर्व श्रेष्ठ शिक्षक मासाराम कड़ती, सर्व श्रेष्ठ किसान नरसिंह ओयाम, सर्व श्रेष्ठ टॉपर छात्र कु चेष्ठा भारद्वाज (नीट ), सर्व श्रेष्ठ निर्णायक शैलेश अटामी, सर्व श्रेष्ठ जोन क्रमांक - 02 को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुदरू कड़ती, बालसिंग कोरसा, सहित सभी गांवों से आए पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य सहित वरिष्ठ कनिष्ठ जन मौजूद रहे।

### खनन माफियाओं ने बस्तर के चार पत्रकारों को गांजा केस में आंध्र पुलिस से पकड़वाया

**बस्तर, 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर के चार टीवी पत्रकारों को आंध्रा पुलिस ने गाँजा तस्करी के मामले में पकड़ चारों पत्रकारों को चिंतूर थाने में बैठा रखा है.बताया जा रहा है कि ये सभी अवैध रेत मामले की ख़बर बनाने के लिए पहुँचे थे.. ख़बर पूरी तरह से अभी बनी भी नहीं थी कि चारों पत्रकारों की ही ख़बर बन गई .कहा जा रहा है.बताया जा रहा है की साजिशन पत्रकारों की गाड़ी में गाँजा रखवा कर आंध्रा पुलिस ने पत्रकारों को ही फँसा दिया असल में आंध्रा और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों के बॉर्डर वाले थानों के देख-रेख में ही अवैद्य खनन का कारोबार फलता-फूलता हैं और अवैद्य खनन की ख़बर में बार्डर के दोनों थाने समेत खनन माफिया को भी नुकशान होता हैं.इस मामले में छत्तीसगढ़ के कई वरिष्ठ पत्रकारों ने आंध्रा के पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की जांच करने की बात की है.बस्तर जिला पत्रकार संघ ने भी इस मामले को लेकर आंध्रा के पत्रकारों से मदद करने का आग्रह किया है।

### राष्ट्रीय स्तर से आई जाँच टीम ने किया अस्पताल में दी जा रही सेवाओं का तीन दिवसीय परीक्षण

# बेहतर सुविधाओं के लिए पुन: मिला जिला अस्पताल को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 11 अगस्त।** बलौदाबाज़ार नगर में स्थित जिला अस्पताल को एक बार पुनः राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र ज़ारी हुआ है एल। इसके लिए माह जून 2024 में अस्पताल में दी जा रही सेवाओं का तीन दिवसीय परीक्षण राष्ट्रीय स्तर से आई जाँच टीम ने किया। इस टीम में भुवनेश्वर से डॉ सुब्रज्योति राव, लखनऊ से डॉ रूपेंद्र कुमार और दिल्ली से ऋतु नायर सम्मिलित रहे जिन्होंने अस्पताल के 15 विभागों का बहुत ही बारीकी से निरीक्षण किया तथा मार्किंग की। परीक्षण के बाद अंतिम रूप से जिला अस्पताल उक्त मानकों पर खरा उतरा और प्रमाण पत्र जारी हुआ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में इसकी पूरी तैयारी की गई. राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र जिसे एन क्यू ए एस भी कहा जाता है, अस्पतालों में दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता जाँचने की भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा शुरू की गई मूल्यांकन व्यवस्था है। किसी संस्था को उक्त प्रमाण पत्र मिलना बेहतर होती सुविधा को प्रकट करता है।

जिला अस्पताल में इस एन क्यू ए एस के अंतर्गत परीक्षण के लिए 15 विभागों जैसे-आई पी डी, ओपीडी, आपातकाल, मैटरनिटी, लेबर, फार्मेसी, ब्लड बैंक, रेडियोलॉजी, लैब, ओटी, एस एन सी यू आदि के 8 क्षेत्रों की जाँच की गई, जो हैं- सर्विस व्यवस्था मरीज के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विस, क्लीनिकल सर्विस संक्रमण नियंत्रण तथा आउटकम।।जिला अस्पताल को एन क्यू ए एस के साथ-साथ लक्ष्य का भी प्रमाण पत्र हासिल हुआ है जो मातृ और शिशु स्वास्थ्य हेतु निर्धारित है.सीएमएच ओ के अनुसार निरीक्षण के लिए आई टीम ने अस्पताल के कुछ विभाग जैसे विशेष नवजात देखभाल इकाई (एस एन सी यू), पोषण पुनर्वास केंद्र (एन आर सी) एवं आपातकालीन को सबसे अधिक सराहा है। एक अस्पताल की सबसे विशेष उपलब्धि आपातकाल स्थिति में मरीज को दी जाने वाली बेहतर सुविधा होती है ऐसे में निरीक्षण टीम द्वारा आपातकालीन व्यवस्था की भी सराहना की गई. आपातकालीन सेवा को सौ में 98.88, एस एन सी यू को 95.48 और एन आर सी को 94.86 नंबर प्राप्त हुए हैं। पूरे जिला अस्पताल को 91.92 नंबर प्रास हुआ है। गौरतलब है की जिला अस्पताल को इससे पूर्व भी इस हेतु यह प्रमाण पत्र मिल चुका है। नया प्रमाण पत्र गुणवत्तापूर्ण सेवाओं को ज़ारी रखा गया है यह प्रकट करता है।

## एक नजर

### झाड़ियो में 30 वर्षीया युवती की लाश मिली

**बीजापुर 11 अगस्त।** अपने नया पारा सिथत निवास से प्रतिदिन की तरह 30 वर्षिया सरस्वती कडियामी धान रोपा लगाने पास के खेत की ओर गई थी लेकिन देर तक वापस. नहीं आने पर उसकी खोज खबर की गई तो सरस्वती की.लाश पास के झाडियों मे मिली इसकी सूचना थाने में दी गई जहां से थाना प्रभारी मौके पर पहुंच कर युवती की लाश को अपने कब्जे में लेकर पी एम हेतु जिला अस्पताल मे रखा गया है .. इधर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जल्द घटना का खुलासा होगा।

### 4 माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर 11 अगस्त।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान थाना बासागुड़ा एवं डीआरजी की संयुक्त कार्यवाही में 04 माओवादियों को पकड़ा गया । थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत थाना बासागुड़ा एवं डीआरजी की संयुक्त टीम द्वारा सर्चिंग कार्यवाही के दौरान मल्लेपल्ली बण्डागुड़ा के जंगल से 04 माओवादियों को पकड़ा गया । जिनके कब्जे से 01-01 नग धनुष और 02-02 नग तीर बरामद किया गया । पकड़े गये माओवादी दिनांक 03/06/2024 को पुतकेल कैम्प में फायरिंग करने एवं 11/12/2016 को पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने की घटना में शामिल थे ।

### एसडीएम ने पटवारी के खिलाफ जांच प्रक्रिया प्रारंभ की

**डोंगरगढ़ 11 अगस्त।** विकासखंड के ग्राम चौथाना में पटवारी नीरज हुमने पर फर्जी प्रमाणीकरण कर फर्जी तरीके से ऋण पुस्तिका बनाने के आरोप में जमीन मालिक राम मोहन द्विवेदी के द्वारा 5 अगस्त को राजनांदगांव जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल के समक्ष प्रस्तुत होकर पटवारी के खिलाफ जांच कर न्याय देने की गुहार लगाई गई थी । इस मामले को जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा गंभीरता से लेते हुए डोंगरगढ़ विकासखंड के राजस्व अनुविभागी अधिकारी मनोज मरकाम को पटवारी नीरज हुमने के खिलाफ गंभीरता से जांच कर पटवारी के खिलाफ कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया था । अपने उच्च अधिकारी के आदेश का पालन करते हुए डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम के द्वारा टीम तैयार कर जांच अधिकारी तहसीलदार मुकेश ठाकुर को बनाया गया है जिसमें पटवारी नीरज हुमने के खिलाफ फर्जी तरीके से प्रमाणीकरण कर ऋण पुस्तिका बनाने के जमीनी मामले को लेकर जांच प्रारंभ कर दी गई है ।

# पूरे जिले में उत्साहपूर्वक मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

## समाज की एकता और शिक्षा पर दिया गया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 11 अगस्त।** शुक्रवार को जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम मे बडे ही हर्षोल्लास के साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया सर्व प्रथम आदिवासी दिवस के अवसर पर नगर में विशाल रैली निकाली गई इस दौरान नये बस स्टेंड मे स्थापित बाबा अमबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया इसके पश्चात रैली मिनी स्टेडियम पहुंची जहां आदिवासी विधि विधान अनुसार पूजा पाठ किया जा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज प्रमुख मेधनाथ मांझी ने किया इसके पश्चात सभी पहुंचे अतिथि गणों की पगडी और तिलक लगाकर स्वागत किया गया आदिवासी संस्कृति अनुसार आदिवासी वेशभूषा मे विभिन्न क्षेत्रों से आये सांस्कृतिक दलों ने मनमोहन नृत्य प्रस्तुत किया इसके पश्चात समाज के प्रमुख लोगों ने अपने अपने विचार रखे तथा सभी संगठन को मजबूत रखने एंव शिक्षा पर जोर देने



की बात प्रमुखता से रखी इसके अलावा समाज के पदाधिकारी डी कामेश्वर ने सामाजिक गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया कार्यक्रम के अंतिम चरण में जिला कलेक्टर और क्षेत्रीय विधायक सभा स्थल पहुंच कर समाज के लोगों का उत्साह वर्धन करते हुए आदिवासी दिवस की बधाई दी एवं अपने विचार रखे समाज के लोगों ने भी जिला कलेक्टर व विधायक का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया इस प्रकार पूरे जिले में विश्व आदिवासी दिवस बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## विश्व आदिवासी दिवस पर विशाल रैली निकाली

**भोपालपटनम 11 अगस्त।** आदिवासियों कि सस्कृति के कलर से पूरा नगर रम गया हैं विश्व आदिवासी दिवस को विशाल रैली के साथ बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया हैं। सभी आदिवासी सुबह से ही पोशाख पहनकर भवन मे इकठ्ठा होते दिखाई दे रहे थे। बड़े ही उत्साह के साथ मानाने दो दिनो से ही तैयारियां जोरो पर चल रही थी सफ़ेद पोशाख गले मे पीला रंग का गमछा पहने ग्रामीणों के द्वारा आदिवासी वेशभूषा में नाच गाना के साथ आदिवासी भवन से नगर के मुख्य मार्ग पर विशाल रैली का आयोजन किया गया। हाईस्कूल मैदान मे सभा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे सैंकड़ो कि तादात मे आदिवासी शामिल हुए मंच मे संबोधित करते हुए संतोष मैपती नें आदिवासियों को अपना अधिकार कर्तव्य और नीति के बारे में बताया। आदिवासियों की संस्कृति और पहचान जल जंगल और जमीन है हमें इसे संरक्षित रखना हैं। हर वर्ष विश्व आदिवासी दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाता हैं आदिवासी समाज का इतिहास बहुत पुराना और समृद्ध है। दुनिया के हर कोने में यह समाज बिखरा हुआ है। लेकिन मूलनिवासी होने



के बावजूद आज भी विकास से वंचित है। आदिवासी समाज को विकास की मुख्य धारा में लाने और उनके संरक्षण के साथ-साथ उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना आदिवासी दिवस का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष मैपती, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष महेन्द्र काका, आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष अशोक मड़े, उपाध्यक्ष गंगाधर कोरम, संस्कृत प्रभारी शेखर वासम, कोषाध्यक्ष सुरेश गोटा, सह कोषाध्यक्ष महेश बोज्जी , सचिव कामेश्वर आलम सचिव, पूर्व अध्यक्ष वल्वा मदनैय्या, कामेश्वर राव गौतम, भरत देहारी, सैलिक नागवंशी, शंकर यालम, प्रवीर बोज्जी, योगेश वासम, सूर्यकिरण, रितेश आलम व बड़ी संख्या मे आदिवासी मौजूद रहे।

# नगर पालिका दफ्तर से कई निर्माण कार्यों की फाइल गायब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 11 अगस्त।** सत्ता परिवर्तन के बाद स्थानीय नगर पालिका परिषद में धमाल चल रहा है। नए सीएमओ चंद्रकांत शर्मा की कार्यप्रणाली से गलत कार्यों को प्रश्रय देने वाले नेताओं में भय के साथ-साथ असंतोष व्याप्त है। विगत 5 वर्षों में भ्रष्टाचार व अनियमिताओं को लेकर ढेरों शिकायतें की गई किंतु इस मामले में करवाई तो दूर जांच भी नहीं कराई गई। लगातार पालिका अधिकारियों के स्थानांतरण भी किये जाते रहे इस तरह का प्रयोग कितना कामयाब रहा है देखा जाए तो गलत 5 वर्षों में छः सात पालिका अधिकारी बदले गए और सत्ता के प्रभाव में जमकर अनियमिताओं और फर्जी भुगतान की शिकायतें भी दरकिनार कर दी गई। ऐसा कहा जा रहा है कि अब सत्ता परिवर्तन के बाद जब कार्रवाई का भय नजर आ रहा है तब कांग्रेसी धरना प्रदर्शन कर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। वर्तमान पालिका अधिकारी की कार्यप्रणाली को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। किंतु गत साढे चार वर्षो के कार्यकाल में गड़बड़ी के मामलों को संज्ञान लेकर जांच कराने में तुले पालिका अधिकारी कितने सफल हो पाते हैं यह तो समय ही बताएगा किंतु जिस नगर पालिका से गड़बड़ी की फाइलों के गायब होने का दौर लगातार चल रहा हो उस पर कार्रवाई के लिए पालिका अधिकारी किस तरह अपने उदेश्य में सफल होंगे कहना मुश्किल है किंतु आत्मविश्वास से भरे पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा इस पर अडिग है दूसरी ओर धरना प्रदर्शन कर कांग्रेस जहां दबाव बनाने में लगी है वहीं अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त होने के बाद उसके हौसले भी बुलंद है और तभी से कांग्रेस लगातार आक्रामक रुख बनाए हुए हैं।सड़क का भुगतान चर्चा में कांग्रेस के सत्ता में आते ही नगर के मुख्य मार्ग का निर्माण कराया गया था विगत 4 वर्षों से उसका भुगतान शेष था इस मामले को लेकर ठेकेदार ने न्यायालय में याचिका भी डाली थी न्यायालय के आदेश के बाद आनन-फानन गत पालिका अधिकारी ने अपने ट्रांसफर हो जाने के बाद पुरानी डेट में भुगतान भी कर दिया इस तरह की चर्चा का बाजार गर्म है कि लंबे लेनदेन के पश्चात दोनों दलों के नेताओं ने चुप्पी साधकर भुगतान होने दिया। जबकि सड़क निर्माण के समय नेता प्रतिपक्ष सहित अन्य भाजपा नेताओं ने लगातार इस मामले में धरना प्रदर्शन कर कार्य का भुगतान रुकवाने में सफलता प्राप्त की थी वे भी अब इसमें चुप्पी साधे हुए हैं। अब जानकारी लगी है कि पालिका अधिकारी के चले जाने के पश्चात जब इस प्रकरण पर शिकायत हुई तो नये पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा ने इस फाइल को रिओपन कर दिया है बताया जाता है कि निर्माण में शिकायत के बाद हुई जांच को दरकिनार कर कार्य से अधिक का भुगतान तत्कालीन पालिका अधिकारी ने कर दिया अब इस मामले के निष्पक्ष जांच के लिए भी शिकायत की जा रही है इसकी निष्पक्ष जांच हुई तो कई अधिकारी व नेताओं पर गाज गिरने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

**लगातार हो रही शिकायतें-** निर्माण कार्यों के लिए विगत 5 वर्षों में सीसी रोड आरसीसी नाली बाउंड्री वॉल पानी के नाम पर बोरवेल्स एलइडी लाइट व अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में लगातार शिकायतों का दौर जारी है इसमें किन फार्मो को भुगतान किया गया कौन पालिका अधिकारी थे इंजीनियर कौन थे लेखपाल कौन थे किसके हस्ताक्षर से भुगतान हुआ तथा कार्य का सत्यापन किसने किया क्योंकि गत 5 वर्षों में कई शिकायत हैं की कार्य के बिना ही भुगतान कर दिया गया अब शिकायतकर्ताओं को भी आज जगी है की उनकी शिकायतों पर न्यायपालिका अधिकारी कार्रवाई करने का प्रयास करेंगे।

**पालिका अधिकारी के स्थानांतरण का प्रयास भी-** सूत्रों की माने तो कई नेताओं से लेकर कुछ ठेकेदार भी कार्रवाई के भय से पालिका अधिकारी के स्थानांतरण के लिए लगे हुए हैं वे कितने सफल होंगे यह तो समय ही बताएगा किंतु दोनों दलों में इस तरह के प्रयास जारी हैं। हां शिकायतें तो लगातार मिल रही है। दस्तावेज जुटाने का कार्य चल रहा है जल्द ही जांच समिति के लिए जिलाधीश महोदय के आदेश पर गठन कर उचित कार्रवाई करने का प्रयास करेंगे ।

**चंद्रकांत शर्मा**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी डोंगरगढ़**

## समाचार संक्षेप

### विधायक विक्रम मंडावी ने भैरमगढ़ और नेलसनार हॉस्पिटलों का किया निरीक्षण



**बीजापुर 11 अगस्त।** शनिवार को बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैरमगढ़ और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेलसनार का निरीक्षण किया और हॉस्पिटलों का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटलों में इलाज करवा रहे मरीज़ों से मिलकर उनका हाल जाना और मरीज़ों से पूरी तरह स्वस्थ्य ठीक होने तक हॉस्पिटल में भर्ती होकर इलाज करवाने और स्वस्थ्य होने के बाद डॉक्टर की सलाह लेकर ही अपने घर जाने की समझाइस हॉस्पिटल में भर्ती मरीज़ों को दिया है। वहीं हॉस्पिटल में भर्ती मरीज़ों के द्वारा हॉस्पिटलों में पर्याप्त बिस्तर उपलब्ध करवाने की मांग पर विधायक विक्रम मंडावी इस समस्या को जल्द ठीक करवाने की बात मरीज़ों से की है। विधायक विक्रम मंडावी ने हॉस्पिटलों में उपलब्ध डॉक्टर, नर्स और दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता की जानकारी भी लिया है साथ सर्पदंत की दवा विशेष रूप से हॉस्पिटलों में रखने की बात विधायक ने डॉक्टरों से कही है। हॉस्पिटलों के निरीक्षण के दौरान जनपद अध्यक्ष दशरत कुंजाम, सुखदेव नाग, मोहित चौहान आदि साथ थे।

### हर घर तिरंगा अभियान का मकसद लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जगाना



**डोंगरगढ़ 11 अगस्त।** प्रदेश एवं जिला भारतीय जनता पार्टी के आदेशानुसार हर घर तिरंगा अभियान, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को लेकर शनिवार को खैरागढ़ रोड स्थित लोधी भवन में शहर भाजपा मंडल की बैठक रखी गई जिसमें मुख्य रूप से का प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री रामजी भारती , पूर्व विधायक श्री विनोद खांडेकर, विधानसभा प्रभारी श्री सुरेंदर सिंह बन्नोआना , जिला भाजपा के महामंत्री रविंद्र वैष्णव एवं हर घर तिरंगा अभियान जिला प्रभारी एवं शहर मंडल प्रभारी मूलचंद लोधी उपस्थित थे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि देश में सबसे ऊपर हमारा तिरंगा है राष्ट्र सुरक्षित तो हम सुरक्षित है राष्ट्र के सम्मान में भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा अभियान चलाया जा रहा है इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रभक्ति के प्रति का अलख जगाने का है । बैठक में बताया गया कि 13 अगस्त दिन मगलवार को मोटर साइकिल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी ताकि क्षेत्र में जनता को देशभक्ति का संदेश मिले और ज्यादा से ज्यादा इस अभियान में जुड़ कर इसे सफल बनाए । इसी प्रकार 16 अगस्त को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की पुण्य तिथि को स्मृति दिवस के रूप में मना कर क्षेत्र के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देना है और प्रधानमंत्री नरेड मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाते हुए अभियान के तहत अपने आसपास स्कूल ,कालेज, आंगन बाड़ी केंद, खाली मैदान में पेड़ लगाकर स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है इस बैठक में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक शशिकांत द्विवेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद भाई पटेल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, तुलसी मिश्रा ड्रा पन्नालाल बाफना ,प्रदीप बाघ, तुलसी मिश्रा, शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन ,शहर महामंत्री राकेश अग्रवाल ,संतोष राव नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबडा, सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ,युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, लक्ष्मी यादव, अलका सहारे, अर्चला सिंह ठाकुर ,अनीता इंदुरकर, शेख अब्दुल्ला , मधु अग्रवाल , रामकृष्ण कनोजिया दीपक ठाकुर, सुमित यादव , जयंत साहू, वीरेंद्र साहू, बलविंदर विक्की भाटिया, अजय दुबे, डीकेश राव, सुमित ताम्रकार ,जयस सहारे ,श्याम तिवारी ,मुकेश रामटेके ,हिमांशू सेन , अमन जनबंधु, मीना यादव ,चितरंजन साहू, रतन कोसे, अनिल पांडे , ललित शर्मा,गीता मानिकपुरी ,आवेश निगम, सहित अन्य उपस्थित थे।

# उर्स के मौके पर गुलफ्शानूर ने जीता विनर ऑफ द कॉम्पटीशन का खिताब

■ टेकरी वाले हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया के उर्स मुबारक मौके पर प्रतियोगिता आयोजित

**डोंगरगढ 11 अगस्त।** हर साल की तरह इस साल भी हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया यादगार उर्स मुबारक सूफ़ी ख्वाजा शैख़ फ़ौजी रियाजुद्दीन नूरे कुतबे आलम वेलफेयर ट्रस्ट रजा नगर में हर्षोल्लास से मनाया गया । 3 दिवसीय उर्स मुबारक मौके पर विभिन्न प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमे विनर ऑफ द कॉम्पटीशन का खिताब गुलफशानुर पिता मोहसिन खान ने जीता कैटेगिरी 01 में तिलावत मय तर्जुमा, सुरएफ़ातेहा सुरए अलमतरा सुरए अलमतरा नास आयतल कुरसी तिलावत मय तरजुमा कॉम्पिटिशन 4 वर्षीय हसनी राबिया ने जीता 4 से 14 वर्ष कैटेगिरी कॉम्पिटीशन में विनर ऑफ द कॉम्पटीशन एवम प्रत्येक कैटेगिरी प्रथम ,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पुरस्कार दिया गया इसी प्रकार सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार ट्रस्ट द्वारा दिया गया पुरस्कार प्राप्त करने वालो में कैटेगिरी 1 प्रथम हसनी राबिया दूसरा स्थान



इशबा फातिमा सुलैत तीसरा पुरस्कार जुबैरिया बानो इसी तरह अन्य कैटेगिरी में प्रथम स्थान द्वितीय अब्दुल एजाज, तृतीय साइमा खान, इरम फातिमा , प्रथम मोइन खान दूसरा स्थान हफ़सा कौसर तृतीय नूरजहां परवीन प्रथम अलिसबा फातिमा , मामूरा परवीन, गुलफ़सा नूर आतिब अहमद शेख गुलाम मसउद शमा परवीन मुआरिफ़ खान जैनब फातिमा मुमताज बानो ने खिताब जीता। सूफ़ी ख्वाजा शैख़ फ़ौजी रियाजुद्दीन नूरे कुतबे आलम वेलफ़ेयर ट्रस्ट ने बच्चो को हौसला अफजाई किया और दिनी तालीम से बच्चो को अवगत कराकर उर्स मुबारक को सफल बनाया ट्रस्ट ने उर्स मुबारक मौके पर हिस्सा लेने वाले एवम सहयोग करने वाले का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया।

# कलेक्टर की पहल से बीजापुर में विकास की नई उम्मीद जागी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर 11 अगस्त।** बीजापुर कलेक्टर अनुराग पांडे अपने अल्य कार्य काल मे बीजापुर मे विकास की नई उंचाईया गढने लगातार प्रयास रत है इसी कडी मे उन्होंने सर्व प्रथम बीजापुर बाईपास सडक हेतु पहल की जिसके परिणाम स्वरूप बाईपास सडक की मंजूरी मिल गई है ऐसा सूत्रों से पता चला है इसी प्रकार बीजापुर मे सैनिक स्कूल खोलने का एक प्रस्ताव भी उन्होंने शासन को भेजा है इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव बीजापुर को देश के विभिन्न राज्यों से जोडने दंतेवाड़ा से वाया बीजापुर होते हुए महाराष्ट्र के सिरोंचा तक रेल लाईन बिछाने का प्रस्ताव भी शासन को भेजा है यहां बतादें जिला कलेक्टर अनुराग पांडे अपने सेवा काल के अंतिम पादान पर है बावजूद उन्होंने अपने छोटे से कार्य काल मे बीजापुर के विकास को गति देने अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं शिक्षा स्वास्थ्य और भारी बारिश से निपटने मे उनकी भूमिका भी कारगर साबित हुई है। संभवतया वे 31 अगस्त. को सेवानिवृत्त होगे लेकिन अपने आठ नौ.माह के छोटे से कार्य काल मे उन्होंने. बीजापुर के लिए एक नई उम्मीद जगाई है आने वाले दिनों मे निश्चित रूप से उसका लाभ बीजापुर वासियों को मिलेगा यहां. यह भी उल्लेखनीय है कि बीजापुर जिला तेलंगाना महाराष्ट्र आंध्र प्रदेश से जुड़ा हुआ है और तिमेड और रामपुरम नदी में पूल के बन जाने से जिले का ,सीधा संबंध इन राज्यों से जुड गया है। चुंकि बीजापुर जिले के लोगों का इन राज्यो से रोटी बेटी का संबंध है इसलिए भी ये प्रस्ताव बीजापुर जिले के लिए मील का पत्थर साबित होगें इसके अलावा महत्वपूर्ण बात यह है कि यदि यंहा सैनिक स्कूल की स्थापना होती है तो यहां के बेरोजगार युवकों को उसका सीथा लाभ मिलेगा बल्कि नकसवाद की समस्या से भी काफी हद तक निजात मिलेगी।

## अछोली में निकाला तिरंगा यात्रा



**डोंगरगढ़ 11 अगस्त।** डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत अछोली में शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत ग्राम पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला के प्राचार्यों की अगुवाई में शिक्षको एवं स्कूली बच्चों द्वारा भारत माता एवं वंदे मातरम के जयघोष के साथ स्कूल प्रांगण से तिरंगा यात्रा निकालकर आजादी के अमृत महोत्सव पर घर- घर झण्डा लगाने के लिए प्रेरित करते हुऐ तिरंगा यात्रा गांव के विभिन्न चौक चुराहो से गुजरते हुऐ पुनः स्कूल प्रांगण पहुंचा इस बीच सरपंच मनीषा नेताम , सचिव पूर्णिमा मंडावी, मोहन साहू, ललीत साहू प्रधानपाठक, शिक्षकगण नीरज सिंह, अर्चना टंडन, मिताली सिंह, भरती देवांगन, एवं गांव के गणमान्य नागरिक अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# बारिश में स्वच्छ जल पीने पर बच्चों ने रखे विचार

■ प्रतियोगिता मे विजयी बच्चो को मिला आकर्षक गिफ्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव 11 अगस्त।** बारिश के मौसम मे जब शरीर के अंदर अनेक बैक्टेरिया स्वतः ही जन्म लेने लगते है उस समय बच्चो को बारिश के दिनो मे स्वच्छ जल पीने का फायदा बताने की प्रतियोगिता मे स्कूली बच्चो ने बढचढ कर भाग लिया। एक दर्जन से भी अधिक स्कूल के बच्चो ने बारिश के दौरान स्वच्छ जल पीने के फायदे बताये,जिस पर समाजसेवियों ने उन्हे आकर्षक गिफ्ट हैंपर व सर्टिफिक्रेट उपहार स्वरूप भेंठ किया। दरअसल यह प्रतियोगिता शुद्ध जल का इस्तेमाल पर आयोजित की गयी थी,बालाजी मिनरल एवं पंजाबी रेस्टोरेंट के संचालक हैप्पी गर्ग एवं शैंकी मेहरा ने बच्चो के कौशल विकास को लेकर यह प्रतियोगिता आयोजित की। अक्सर लोग गर्मी के दिनो मे ही मिनरल वॉटर की तलाश करते है,परंतु बारिश के दिनो मे मिनरल वॉटर के फायदे से लोग मुंह मोड लेते है। मिनरल वॉटर की उपयोगिता बताने के लिए शहर मे यह प्रतियोगिता लोगो को आकर्षित करने वाली थी। एक दर्जन से भी अधिक निजी एवं शासकीय विद्यालय के बच्चो ने बारिश के दौरान मिनरल वॉटर पीने की उपयोगिता एवं शरीर मे उससे होने वाले बैक्टेरिया के रोकथाम पर अपने विचार प्रस्तुत किये। आयोजन समिती के संचालको ने प्रत्येक स्कूल से तीन विद्यार्थीयों का चयन किया। चयन सबसे महत्वपूर्ण




विचारो के आधार पर किया गया था,सभी स्कूलो के तीन तीन बच्चो को आकर्षक उपहार देकर प्रतियोगिता का समापन किया गया। स्कूली बच्चे इस तरह की प्रतियोगिता मे भाग लेकर बेहद उत्साहित नजर आये। जोगपाल स्कूल के छात्र सचमन सिंह भाटिया ने कहा कि ऐसी प्रतियोगितायें दिमाग की कसरत के साथ-साथ कौशल विकास के क्षेत्र मे भी बेहद महत्वपूर्ण है,इस तरह की नयी प्रतियोगिता मे भाग लेकर स्कूली बच्चे बेहद उत्साहित नजर आये। प्रतियोगिता को दो स्टेज मे रखा गया,जिसमे कक्षा पहली से पांचवी मे प्रथम स्थान तान्या गर्ग रही,दूसरे स्थान पर हर्षिल अग्रवाल एवं तीसरे स्थान पर सानिया अग्रवाल व सचमन भाटिया थे। कक्षा 6वीं से 12वीं मे प्रथम स्थान तान्या गुप्ता,द्वितीय स्थान आदविक अग्रवाल एवं तृतीय स्थान पर अर्नव अग्रवाल थे। उसके अलावा आरूही अग्रवाल,सुर्यांश अग्रवाल,आयरा अग्रवाल ने भी स्वच्छ जल पीने पर अपने बेहतर विचार रखे थे।

# खेत में बैल घुसने के विवाद में एक की हत्या

■ बारेगुडा गांव में दिन दहाड़े मर्डर की घटना

**भोपालपटन 11 अगस्त।** रविवार कि सुबह बारेगुडा गांव मे दिन दहाड़े मर्डर कि घटना हुई हैं आपसी विवाद के चलते हमलावार नें ग्रामीण को मौत के घात उतारा हैं।अप्रत्यदर्शी के मुताबिक खेत मे बैल घुसने के विवाद को लेकर बारेगुडा मे मीटिंग बुलाई गई थी मीटिंग मे सबके सामने आरोपी नरेन्द कावटी नें चार ग्रामीणों पर हमला कर दिया जिसमे मोरला बनैय्या कि मौत हो गई व अन्य तीन घायल हो गए घायल उसी परिवार के हैं मृतक कि पत्नी को भी सर मे चोट आई हैं।



खेत मे बैल घुसनें के विवाद को आपस मे सुलझाने कि बैठक मे आरोपी आवेश मे आ गया सभी के सामने धारधार हत्यार से हमला कर दिया हमले के बाद ग्रामीनो के द्वारा बीच बचाव कर सभी को अस्पताल पहुंचाया गया हैं भोपालपटनम पुलिस थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं पुलिस मामला दर्ज कर तस्दीक मे जुटी हुई हैं।

## एक नजर

### हर घर तिरंगा कार्यक्रम : नपा टीम ने बाइक रैली निकालकर ली शपथ



**भाटापारा, 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत नगर पालिका परिषद भाटापारा क्षेत्रांतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल अजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका टीम के द्वारा नगर पालिका कार्यालय में हर घर तिरंगा शपथ लिया गया तत्पश्चात शहर के मुख्य मार्ग में तिरंगा बाईक रैली निकाली गई उक्त कार्यक्रम में उप अभियंता राकेश सोनी, राजस्व प्रभारी अजय नायडू, सहायक ग्रेड 03 पूर्णेन्दु त्रिवेदी,दीपक मिश्रा,प्रेम साहू, विकास वैष्णव, सौरभ ठाकुर केशव वैष्णव,राकिब बाठिया,हेमकुमार साहू, पन्ना दास मानिकपुरी, भीष्म साहू,रवि शर्मा, गिरवर साहू, भुनेश्वर बया, सुरेन्द्र जांगड़े, संजय बंजारे,धनेश साहू तथा निकाय के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



**तिल्दा-नेवरा, 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा के न्यादरी देवी मंगल भवन सरोरा में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिल्दा ग्रामीण मंडल की बैठक में मंत्री टंक राम वर्मा सम्मिलित होकर समस्त सुधीजनों से स्वतंत्रता दिवस के शुभउत्सव पर अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने का अनुरोध किया। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल के बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**तिल्दा-नेवरा, 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सोमनाथ में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर जला अभिषेक किया इस अवसर पर मंत्री टंक राम वर्मा पूर्व विधान सभा अध्यक्ष गोरी शंकर अग्रवाल सहित महिला मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे। केबिनेट मंत्री ने भगवान शिव शंकर की पूजा कर प्रदेश वासियों के लिए मंगल कामना की।

### मां भारती के जय घोष के साथ गूंजा हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा



**छुरा, 11 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा के नारों के साथ तिरंगा रैली निकाली गई। आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला एवं कन्या आश्रम प्राथमिक शाला छुरा के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आम नागरिकों के अंदर देशभक्ति की भावना विकसित करने हेतु विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। लोगों को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों ने अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा गीत गाते हुए जनसमूह को राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने का प्रेरणा दिया। मानव श्रृंखला बनाकर वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया। प्रधान पाठक निर्भय सिंह ठाकुर द्वारा तिरंगा प्रतिज्ञा का शपथ दिलाया गया। सभी ने तिरंगा झंडा हाथों में लेकर सेल्फी लिया। सुरक्षित शनिवार अंतर्गत समन्वयक शंकर लाल यदु ने आपदा प्रबंधन की जानकारी दिया। आपदा प्रबंधन समिति का गठन किया गया।

# आपसी सहयोग से स्थापित होगी सुदृढ़ कानून व्यवस्था : पुलिस अधीक्षक

## पुलिस ने आपरेशन विश्वास के तहत चैंबर ऑफ कॉमर्स भाटापारा पदाधिकारियों के साथ आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 11 अगस्त।** पुलिस-जनता परस्पर सहयोग की भावना को बढ़ावा देने, आपसी समन्वय, सूचनाओं के आदान-प्रदान सहित पुलिस आमजन निरंतर संवाद के लिए जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन, साइबर अपराध के संबंध में जानकारी देकर, सदैव सजग रहना, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में आम जनों में निरंतर सहयोग की भावना लाना है। जिसके तहत चैंबर ऑफ़ कॉमर्स पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ माहेश्वरी भवन भाटापारा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा की भाटापारा शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा सुदृढ़ सुरक्षा प्रबंध हेतु आप सभी व्यापारी वर्गों एवं आमजनों का सहयोग, पुलिस के साथ आपसी समन्वय एवं परस्पर सहयोग की भावना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नए कानून के विषय के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत में तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू किया गया है। नए कानून में प्रक्रिया, अधिनियम,



प्रथम सूचना दर्ज करने के तरीकों आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। नए कानून के तहत अब शून्य में कहीं पर भी एफआईआर दर्ज किया जा सकता है। आप सभी व्यापारी वर्ग हैं आप कहीं माल भेज रहे हैं जो संबंधित स्थान तक नहीं पहुंचा, तो उसके लिए शून्य में आप किसी भी नजदीकी थाने में अपराध दर्ज करवा सकते हैं, और यह अपराध ऑनलाइन माध्यम से संबंधित थाने में ट्रांसफर कर दिया जाएगा। साथ ही नए कानून में आम जनों की भावनाओं एवं उन्हें न्याय दिलाने के लिए अधिक से अधिक सुविधाओं एवं प्रावधानों का समावेश किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। इसी क्रम में उन्होंने भाटापारा शहर में अपराधों की रोकथाम एवं शहर के सभी प्रवेश मार्गों एवं महत्वपूर्ण स्थानों में 24 घंटे निगरानी रखने हेतु सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने पर बल दिया। भाटापारा शहर प्रमुख रेलवे स्टेशन है एवं यहां कई छोटे बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठान स्थापित है। सीसीटीवी कैमरा की उपस्थिति से किसी भी प्रकार के अपराध में आरोपी एवं असामाजिक तत्वों की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जा सकता है। इसलिए भाटापारा शहर में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु आप सभी पहल करें। कार्यक्रम में हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ऐश्वर्य चंद्राकर एसडीओपी भाटापारा एवं निरीक्षक परिवेश तिवारी थाना प्रभारी भाटापारा शहर द्वारा यातायात नियमों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। पुलिस टीम द्वारा उपस्थित व्यापारियों से अपील किया गया कि अपने संस्थानों में आने वाले वाहन चालकों को अपने वाहन पार्किंग स्थल में ही पार्क करने एवं यातायात समस्त नियमों का पालन करने के लिए सदैव प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम में सुभाष भट्टर, गोविंद गोविंदानी, कैलाश बालानी, श्रीचंद छाबड़िया, प्रताप ठाकुर, गोपाल अग्रवाल सहित व्यापार प्रकोष्ठ, सराफा एसोसिएशन, राइस मिल, दाल मिल, पोहा मिल, सदर बाजार संघ, फुटकर, थोक, कपड़ा, आदि ऐसे 27 संगठनों के प्रतिनिधि कार्यक्रम मे उपस्थित रहे।

## भारतीय जनता पार्टी मंडल छुरा की हुई बैठक

# हम सभी राष्ट्र प्रेम को जन-जन तक पहुंचाएं : चन्दूलाल साहू





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 11 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी छुरा मंडल की आवश्यक बैठक शनिवार को नगर में स्थित विश्राम गृह में सम्पन्न हुआ।बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष श्याम लाल सोरी, पूर्व जिला मंत्री देवसिर सिन्हा, नगरपंचायत अध्यक्ष खोमन चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी सहित संगठन के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति रही।बैठक हर घर तिरंगा यात्रा, विभाजन की विभीषिका एवं एक पेड़ मां के नाम जैसे महत्व पूर्ण विषयों में चर्चा हुई। स्वागतम उद्बोधन मण्डल अध्यक्ष पीलू राम यादव द्वारा किया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा बताते हुए कहा कि इस बार संघठन द्वारा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर स्वतंत्रता दिवस को व्यापक बनाने की तैयारी है।11 से 13 तक हर घर तिरंगा फहराने के लिए लोगो को जागरूक करना, बाइक रैली, साईकिल रैली व पदयात्रा के माध्यम से उन तक पहुँचने का कार्यक्रम होगा।दूसरे चरण में 12, 13 व 14 को नगर के अंदर महपुरुषों के प्रतिमाओं, मंदिर देवालाय में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू ने कार्यक्रम का उद्देश्य जाहिर करते हुए कहा कि हम सभी का यह उद्देश्य होना चाहिए हम सभी राष्ट्र प्रेम को जन जन तक पहुंचाये, अगर हमारे अंदर राष्ट्रभक्ति रहेगी तभी यह देश सुरक्षित रहेगा।उन्होंने वर्तमान में समस्या से झुलस रहे बांग्लादेश का उदाहरण देते हुए कहा कि सभी अपने देश के प्रति सजग रहे, अराजकता फैलाने वाले से सावधान रहे।श्री साहू ने छुरा से लगे आसपास के क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानी को याद करते हुए सभी के परिवारजनों को भी इस आयोजन से जोड़ने की बात कहीं।उन्होंने भी विभाजन की विभीषिका सहित सभी मुद्दों पर अपनी जानकारी साझा की कार्यक्रम का संचालन मण्डल महामंत्री रामलाल कुलदीप व आभार प्रदर्शन श्याम लाल सोरी ने किया।कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मण्डल अध्यक्ष व सरपंच संघ के अध्यक्ष लेखराज ध्रुवा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय दीक्षित, रमेश सिन्हा इमरान अली, थानेश्वर कंवर, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री इमरान मेमन, जगदीश यादव, संतराम ध्रुव, टंकेश्वर सोरी, थानेश्वर कंवर, रुपनाथ बंजारे, भोलेशंकर जायसवाल, अघारू राम, कैलाश साहू, रामरतन साहू, भवानी शंकर सेन, गिरवर लहरें, रामकुमार सोरी, पुष्पलता सिन्हा, मीना दुबे, खेमलाल यादव, सुरेश निर्मलकर, रजनी लहरें, आरती सिन्हा, लीना दुबे, बालक राम, भेवेन्द्र, चमन साहू, मंथिर राम, पतिराम, तुलसी राम साहू, लोकेश चन्द्राकर, राकेश शर्मा, भरत राम, नारायण सिन्हा एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## समाज एक सूत्र में बंध कर हर एक कार्य को करे : ओंकार शाह



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 11 अगस्त।** 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम मिनी स्टेडियम छुरा में पूरे सर्व आदिवासी समाज के संयुक्त तत्वाधान में बड़े ही धूमधाम से व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।जिसमे कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ओंकार शाह राजमहल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हर सामाजिक कार्यक्रम में अपनी सहभागिता देने के साथ कोई भी सामाजिक कार्यक्रम को एक भाईचारा के साथ मनाने व समाज एक सूत्र में बंध कर हर एक कार्य को करें।व समाज की हर सुख दुख के घड़ी में काम देवें ये सब बातें समाज के लोगो को संदेश दिया।और इस प्रकार के भव्य कार्यक्रम का आयोजन समाज को जागरूक करने के लिए हर साल होना चाहिए करके संदेश दिए और संवैधानिक बातों को अमल करने की बात कहा अगर हमारे समाज के कोई भी व्यक्ति ऊपर अन्य व्यक्तियों द्वारा कोई कृत्य किया जाता है तो उसके साथ सर्व आदिवासी समाज छुरा सदैव खड़ा रहेगा और साथ देने की बात कहा।कार्यक्रम की अध्यक्षता यशपेन्द्र शाह, अतिविशिष्ट अतिथि रणजीत सिंह ठाकुर राज अध्यक्ष अमात गोंड़ समाज, पुरन सिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष ध्रुव गोंड़ समाज, तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, महेश्वरी शाह राजमहल, आर.के.ध्रुव मुख्यकार्यपालन अधिकारी छुरा, विशिष्ट अतिथि सुदेराम ठाकुर अध्यक्ष छुरा सर्कल, गुलाब नेताम उपाध्यक्ष, गोपाल मरकाम, जनक राम ध्रुव सर्कल चिंगरमाल, भगवान सिंह ध्रुव अध्यक्ष, परदेशीराम ध्रुव, सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर, आदिवासी समाज के जिला संरक्षक छत्तरसिंह ठाकुर, गंगाराम ध्रुव, एडीओ हेमलाल कंवर, सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर, थानेश्वर कंवर जनपद, देवेश ठाकुर, कुलेश्वर दाऊ, महेश नागेश, रायसिंह ठाकुर, रोमन ठाकुर, कृषि ग्रामीण विस्तार अधिकारी छुरा, शिव ध्रुव, गणेश ध्रुव, परसराम सोरी, कुलेश्वर मरकाम अधीक्षक, सपना कंसारी आदि उपस्थित थे।

# गांवों व ढ़ाबे में बिक रही अवैध शराब से ग्रामीण परेशान

## ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 11 अगस्त।** पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के खिलाफ शराबबंदी को लेकर हमेशा मुखर रहने वाली भारतीय जनता पार्टी आज खुद की सरकार बनने के बाद शराबबंदी को लेकर चुप्पी साधते नजर आते है शराबबंदी को लेकर हमेशा मुखर रहने वाले के सरकार में आज गांव-गली और मोहल्ला में खुलकर शराब बिक्री का कारोबार तेजी से चल रहा है लेकिन इस पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नेता चुप्पी साध लिए हैं बता दें कि कुरूद विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कचना में विगत दिनों से अवैध शराब का कारोबार जमकर फल-फूल रहा है जिस पर आबकारी व पुलिस विभाग द्वारा छोटी-मोटी कार्यवाही करके खाना पूर्ति कर दिया जाता हैं जिनके चलते गांव के युवा पीढ़ी नशे की लत में समा रहे है अवैध शराब की बिक्री को लेकर ग्राम पंचायत कचना ने कलेक्टर व एसपी से मुलाकात कर अवैध शराब की बिक्री व ढाबा में छलक रहे जाम को लेकर लिखित शिकायत दी है और कार्यवाही की मांग की है ज्ञात हो कि पूर्व में भी अनेकों सामाजिक संगठनों द्वारा शराब बिक्री को लेकर कई शिकायत कर चुके हैं लेकिन विभागीय तौर पर अब तक कार्यवाही नही हुई है ग्रामीण व पंचायत पदाधिकारी अब भी कठोर कार्यवाही की प्रतीक्षा कर रहे हैं लेकिन प्रशासनिक अधिकारीयों की निष्क्रियता व निद्रा पर प्रश्न चिन्ह लगने दौर शुरू हो गया हैं!




इस सम्बंध में ग्राम पंचायत कचना के सरपंच पुरुषोत्तम चक्रधारी का कहना है कि गांव में अवैध शराब बिक्री का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है ग्राम विकास समिति, पंचायत व सामाजिक संगठनो द्वारा अवैध शराब बिक्री को रोकने के लिए तमाम हथकण्डे अपना कर देख लिए है लेकिन अब भी शराब बिक्री में नियंत्रण नही हो पाया है विभागीय स्तर से कोई ठोंस कार्रवाई नही होना भी वजह है गांव में ढाबा संचालित हो रहा है जिसमें में खुलकर शराब बिक्री हो रहा है जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नही की गई कार्रवाई न होना सांठगांठ की बू आ रहा है कचना में स्तिथ दीपक ढ़ाबा के ऊपर अवैध शराब बिक्री का आरोप लग रहे है जिस ढ़ाबा संचालक का कहना है कि यदि शराब की बिक्री नहीं करेंगे तो ढाबा में खाने के लिए ग्राहक नहीं पहुंचेंगे और हमारी रोजी-रोटी व भवन का किराया नही निकलेगा हम अकेले शराब का बिक्री नही करते गांव में 12 से 15 लोग भी बिक्री करते है पहले उन पर कार्रवाई करे फिर हम भी शराब बिक्री करना बंद कर देंगे!

## तीन दिवसीय अखंड पाठ साहब के समापन समारोह में शामिल हुए टंकराम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 11 अगस्त।** पुज्य सिंधी पंचायत तिल्दा में विगत 60 वर्षों से विश्व कल्याण हेतु अखण्ड पाठ साहब का 3 दिवसीय 8 अगस्त से 10 अगस्त तक आयोजन किया गया जिसके समापन के भोग साहब व भण्डारा कार्यक्रम में कटनी की विश्व प्रसिद्ध बालक मण्डली का भजन कीर्तन कार्यक्रम के साथ प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व विधायक टंक राम वर्मा भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू जगदीश रोहरा पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी महासचिव बलराम कोषाध्यक्ष कैलाश बालानी सिंधु सभा प्रदेश अध्यक्ष लधाराम नेनवानी महासचिव मुरलीधर शादिजा राजा मखीजा समाज की महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष भावना कुकरेजा व उनकी टीम हप्पू रमेश मिर्घानी, , राजेश वासवानी, , चेतन तारवानी, राजेश गुरनानी भाटापारा बिरादरी पंचायत टीम भाटापारा सेंट्रल पंचायत टीम बेमेतरा पंचायत टीम सिमगा पंचायत टीम तिल्दा भाजपा मंडल अध्यक्ष व महामंत्री गण पार्षद गण तिल्दा कांग्रेस मंडल से भी पार्षद व पदाधिकारी सहित प्रदेश भर से आये अथितियों का सम्मान कर तिल्दा पंचायत ने सभी का आभार माना तिल्दा से पूरा सिंधी समाज मिलकर इस आयोजन में अपनी भागीदारी दी समाज प्रमुख शमनलाल खुबचंदानी, हीरानंद हरिरामनी, राम गिन्दलानी, भीमसेन भोजवानी, किशोर सेतपाल, विक्की सुखवानी, राजेश सेतपाल, परमानंद बालचंदानी, रामचंद संतवानी, महेश वाधवानी, राम पंजवानी, धनराज खत्री, रमेश सेतपाल, हीरानंद भोजवानी, मोती ज्ञानचंदानी, राहुल तेजवानी, राजकुमार सुखवानी, कन्हैया जोतवानी महिला विंग की पुरी टीम युवा विंग की पूरी टीम ने मिलकर अपनी भागीदारी दी व कार्यक्रम को अत्यंत सफल बनाया समापन पर उपाध्यक्ष राजेश सेतपाल सभी का आभार ने किया।

## सिर्री हाईस्कूल में चलाया गया नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

# नशे से होती हैं स्वास्थ्यगत समस्याएं : मनोज साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 11 अगस्त।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिर्री में गुरुवार को नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।नशामुक्त भारत अभियान समाज कल्याण विभाग धमतरी, शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान, नशा मुक्ति केंद्र धमतरी, पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में चलाया जा रहा है। नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम करने का महत्वपूर्ण उद्देश्य ग्रामीण, सामाजिक परिवेश में मादक पदार्थ एवं नशीली पदार्थो से दूर रहने लोगों में जागरूकता और समझ को बढ़ाना है। समाज में नशेड़ी व्यक्तियों के लिए उनके स्वास्थ्य, सेहत, शिक्षा और सामाजिक प्रतिष्ठा पर ध्यान केन्द्रित करना होता है।

शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा आयोजित नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. मनोज कुमार साहू, उदय कुमार, खेमचंद जंजीर, मनीषा नेताम अधीक्षक दिव्यांग आवासीय विद्यालय सिर्री, प्रियंका नागवंशी, पुलिस थाना बिरेझर से शेष नारायण पांडे, भागवानी साहू, प्राचार्य सरोज कुमार साहू और अन्य शिक्षकों की उपस्थिती में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम में शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान के अध्यक्ष मनोज कुमार साहू ने कहा कि नशा से नुकसान ही होता है स्वास्थ्यगत समस्याए जैसे लीवर, किडनी, फेफड़ों का डेमेज होना, फोकस एण्ड कंसन्टेशन में कमी आना, माइण्ड डिसआर्डर एण्ड डिप्रेशन, सॉइकोसिस अर्थात भ्रम की बीमारी, पैनिक अटैक का होना, दुर्घटना, आत्महत्या करने की खतरा आदि के साथ समाज में अपराधों में बढ़ौतरी निरंतर देखा जा रहा है। इसके रोकथाम के लिए समाज में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम की आवश्यकता है।खेमचंद जंजीर ने बताया कि हमारे नशा मुक्ति केन्द्र धमतरी में नशा पीड़ित व्यक्तियों को निःशुल्क उपचार की सुविधा के साथ मनोवैज्ञानिक तरीके से योगाभ्यास मेडिटेशन एवं व्यायाम के साथ साथ नशे पीड़ित व्यक्तियों का ईलाज प्राकृतिक एवं आध्यामिक प्रक्रिया के तहत काउसलिंग एवं साइकोलॉजी कक्षाओं के बिना भेदभाव के ईलाज किया जा रहा है। उदय कुमार साहू ने बताया कि नशा से व्यक्तियों को बहुत सारे सामाजिक मानसिक पारिवारिक एवं आर्थिक तकलीफो से गुजरना पड़ता है। नशा करने वाले व्यक्ति का पतन होता ही जाता है क्योकि नशा नाश की जड़ होती है। हमे हमारे सभ्य समाज की स्थापना करने के लिए नशा मुक्ति समाज की कल्पना को साकार करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के द्वारा अपनी जिज्ञासा के आधार पर प्रश्न किये गए, नशा से संबंधित प्रश्नों के द्वारा अपने समाज में एवं आसपास हो रहे अपराधों एवं अनैतिक तथ्यों का सहउदाहरण पेश किया गया। प्रश्नों का समाधान डॉ. मनोज कुमार साहू द्वारा किया गया। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने इस प्रकार के कार्यक्रम बार-बार किये जाने की आवश्यकताओं पर जोर दिया। चिन्हित जिले नशा मुक्त भारत अभियान के क्रियान्वयन में जिला स्तरीय नशा मुक्त समितियों के माध्यम से अग्रणी भूमिका निभाएंगे, जिन्हें विशेष रूप से अभियान के लिए गठित किया गया है। इन समितियों की अध्यक्षता जिला कलेक्टर/मजिस्ट्रेट करेंगे, जो अन्य सदस्यों के साथ मिलकर अपने-अपने जिलों में जिला स्तरीय कार्य योजना में अभियान के क्रियान्वयन की योजना तैयार करेंगे। राज्य स्तरीय अभियान समितियां अपने राज्य के सभी चयनित जिलों की अभियान गतिविधियों की निगरानी करेंगी। समिति की अध्यक्षता राज्य में नशा निवारण कार्यक्रमों को लागू करने वाले विभाग के प्रधान/मुख्य सचिव द्वारा की जाती है। जिला स्तरीय समितियों की गतिविधियों की निगरानी करने तथा उन्हें सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करने में राज्य स्तरीय अभियान समिति की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।



### निकायों में किया गया जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन

**बालोद, 11 अगस्त।** राज्य शासन के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्रों में निवास करने वाले आम नागरिकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिले के नगरीय निकायों में जन समस्या निवारण शिविर के आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। आज नगरीय निकायों में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में बड़ी संख्या में नगरीय क्षेत्र के लोगों ने शिविर में उपस्थित होकर अपने मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। आज नगर पालिका बालोद के वार्ड क्रमांक 18 तिलक वार्ड एवं 19 स्वामी विवेकानंद वार्ड के निवासियों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान राशन कार्ड बनाने हेतु कुल 02, लोक निर्माण विभाग से संबंधित कुल 30, पेयजल से संबंधित 04, विद्युत विभाग से संबंधित कुल 13, महिला बाल विकास से 11, प्रधानमंत्री आवास हेतु 02 आवेदनों के अलावा शिविर में जन्म-मृत्यु, शहरी आजीविका मिशन, समाज कल्याण, भवन अनुज्ञा, सामाजिक पेंशन आदि से संबंधित कुल 87 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)

**फार्म - अ**

**सार्वजनिक सूचना**

**(नियम-6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है आवेदक असाप नेताम आ. श्री धनाजी राम, जाति गोंड़, उम्र 23 वर्ष, निवासी बालोदगहन, थाना व तह. गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका संगीता आ. श्री रामबलीस, जाति तेली, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम-बरदर, थाना व तह. खड़गवां, जिला कोरिया (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 20/08/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 23/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
आगामी तिथि:- 20/08/20204

मुहर

अपर कलेक्टर,
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला बालोद (छ.ग.)

## एक नजर

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर, 11 अगस्त ।** गुढ़ियारी व माना पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 39 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी पुलिस ने खालबाड़ा पानी टंकी के पास आरोपी भोले हाथी 44 वर्ष को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 19 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 110 रुपए जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने कमल विहार चौक के पास आरोपी दीनदयाल ढीमर 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब जब्त किया है।

### विंडसर में एयरो-लाउंज सीट

**रायपुर 11 अगस्त।** भारत में जल्द लॉन्च होने वाले क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल - MG विंडसर में इस सेगमेंट की पहली एयरो-लाउंज सीटें दी जा रही हैं। ये खास सीटें लग्जरी और कंफर्ट का बेजोड़ मिश्रण हैं, जो इसमें बैठने वालों को बेहतरीन सफर अहसास देंगी।MG विंडसर की सबसे खास खूबी इसकी 135 डिग्री तक रिक्लाइन होने वाली एयरो-लाउंज सीटें हैं। इन सीटों को लग्जरी और सुकून का अहसास कराने के लिए बेहद खास तरीके से डिजाइन किया गया है। इसका रिक्लाइन एंगल बहुत ही सावधानी के साथ तैयार किया गया है। यह सुनिश्चित करता है कि यात्री शहर की छोटी सी ड्राइव पर निकले हों या फिर लॉन्ग ड्राइव पर, वे पूरी स्टाइल और सुकून के साथ सफर कर सकें। विंडसर कैसल के भव्य आकार से प्रेरित, इस इंटेलिजेंट CUV में एक बड़े आकार का केबिन दिया गया है। इस कार के केबिन को एर्गोनॉमिक्स और सूबसूरती के साथ डिज़ाइन किया गया है। इसकी खूबसूरती आपको शांति और समृद्धि का अहसास कराती है।

### मंदिर के सामने खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 11 अगस्त ।** हरदेव लाला मंदिर के सामने खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हेमंत कुमार साहू 25 वर्ष ग्राम बोड़गा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 05 एसी 7998 को हरदेव लाला मंदिर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बैक टू कॉलेज ऑफर की घोषणा

**रायपुर 11 अगस्त।** लेनोवो, ग्लोबल टेक्नोलॉजी पावरहाउस, 18 अगस्त, 2024 तक लागू अपनी स्पेशल बैक-टू-कॉलेज (बीटीसी) ऑफ़र की घोषणा करते हुए उत्साहित है। ये ऑफ़र छात्रों को बेहतरीन टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन बेजोड़ कीमतों पर प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। सभी के लिए स्मार्टर टेक्नोलॉजी प्रदान करने के लेनोवो के दृष्टिकोण के अनुरूप, ब्रांड छात्रों के बीच प्रीमियम डिवाइस की मांग को पूरा करने के लिए लैपटॉप और एक्सेसरीज़ पर कई तरह की छूट दे रहा है। युवाओं के बीच लेनोवो द्वारा हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण से पता चला है कि कॉलेज के छात्रों में संगीत के प्रति गहरी रुचि होती है और उन्हें बेहतर गेमिंग अनुभव के लिए मॉनिटर, हेडसेट और माउस सहित एक बेहतर और सक्षम गेमिंग डिवाइस इकोसिस्टम की आवश्यकता होती है। लेनोवो ने इन जानकारियों के आधार पर युवाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने नए सीजनल ऑफ़र तैयार किए हैं, जो अपने उत्पाद रेंज में विशेष डील पेश करते हैं।

### गुल गोटी से जुआ खेलते चार लोग गिरफ्तार

**रायपुर, 11 अगस्त ।** गोलबाजार पुलिस ने अजय मेटल के सामने दबिश देकर गुल गोटी से जुआ खेलते चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से गुल गोटी और नकदी 1860 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने अजय मेटल के सामने गुल गोटी से जुआ खेलते आरोपी चिंटू यादव 22 वर्ष सहित अन्य तीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से गुल गोटी और नकदी 1860 रुपए जब्त किया है।

### दुकान से लाखों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 11 अगस्त ।** ग्राम टेकारी के बाजार चौक स्थित दुकान से अज्ञात चोर ने लाखों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी यश्वनी कुमार तिवारी 35 वर्ष मांढर का रहने वाला है। प्रार्थी ग्राम टेकारी के बाजार चौक में दुकान चलाता है। बताया जाता है कि बीती रात अज्ञात तचोर ने प्रार्थी के दुकान में छत के रास्ते से अंदर प्रवेश किया और कांच के दरवाजे को तोड़कर दुकान में रखे सिगरेट, पान मसाला, 20 बंडल साड़ी, 20 बंडल जींस पैंट व 10 बंडल टॉप पार कर दिया।

### अवैध डीजल के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर, 11 अगस्त ।** मंदिरहसौद पुलिस ने टिल्लू नगर के पास अवैध डीजल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 40 लीटर डीजल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद पुलिस ने टिल्लू नगर के पास दबिश देकर आरोपी मनराज सिंह 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 जरीकेन में मौजूद 40 लीटर डीजल जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

# कलम, कागज ही मेरे हाथ में है! जो लिखना है वो तेरे हाथ में है!

गलादेश की पूर्व पीएम शेख़ हसीना ने लोकतंत्र, संविधान को कुचल डाला था। जिसने विरोध किया उसे जेल में डाल दिया, विपक्ष के नेताओं को देश द्रोही,ग़द्दार कहा, विदेशी एजेंट कहा , 6 महीने पहले ही चुनाव में 300 में 280 से ज़्यादा सीटें जीत गईं थीं,क्योंकि विपक्ष ने तो चुनाव का बहिष्कार कर दिया था। शेख़ हसीना के इशारे पर न्यूज़ चैनल चलते थे ?अदालतें उनके हिसाब से ही फ़ैसले लिखती थीं? पूर्व पीएम ख़ालिदा जिया को जेल में डाल दिया था उन्हें इलाज तक के लिए नहीं जाने दिया, हसीना को भ्रम था कि उनके मन की बात पूरे बांग्ला देश के मन की बात है। फिर जनता का ये भ्रम टूट गया।शेख़ हसीना 5 बार पीएम रहीं, पर जब आप जनता के प्यार को तानाशाही का लाइसेंस समझ लेते हैं तो जनता आपको नाज़ से नासूर में बदलते देर नहीं लगाती । लोग नीतियाँ बनाने के लिए वोट देते हैं,विपक्ष मुक्त करने के लिये नहीं ?शेख़ हसीना ने प्रजातंत्र के सारे सिस्टम तहस- नहस कर डाले थे। वें नहीं जानती थीं कि विपक्ष को लेकर फैलाये गये झूठ, चुनाव आयोग के फ़रेब, अदालतों की बेहयाई से ऊब गई जनता के सब्र का बांध टूटेगा तो इस तरह भागना पड़ेगा। अब बांग्ला देश में अंतरिम सरकार बन चुकी है,और हसीना सुरक्षित ठिकाने की तलाश में है..?



### मोदी सरकार में बढा 236% कर्ज

2014 में जब कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार केंद्र में थी तब भारत पर सिर्फ 55 लाख करोड़ का कर्ज था, 2014 से अभी तक देश में नरेन्द्र मोदी नीत सरकार है,मोदी सरकार ने कड़े परिश्रम से 236त्न कर्ज बढ़ा दिया, मोदी सरकार ने भारत का कर्ज कैसे बढ़ाया !सन 2014 में 55 लाख करोड़ से 185 लाख करोड़ की यात्रा पर एक नजर.ज़2018 में 93 लाख करोड़ ज़ 2019में 105 लाख करो ड़ 2020 में 121 लाख करोड़ 20 21 में 138 लाख करोड़ 2022 में 156लाख करोड़ 2023 में 171लाखकरोड़ 2024 में अभी तक 185 लाख करोड़ रु !



### डीजीपी जुनेजा का कार्यकाल 6 माह बढ़ा

डीजीपी अशोक जुनेजा का सेवाकाल 6 माह बढ़ा दिया गया है। आइना ए छत्तीसगढ़ कॉलम में 12 जुलाई को ही कार्य काल 6 माह बढ़ाने का संकेत से दिया था, अब फरवरी 25 तक जुनेजा डीजीपी बने रहेंगे । कार्यकाल बढ़ाने की चर्चा राजनीतिक गलियारे में इसलिए भी हो रही थी, क्योंकि भाजपा की सरकार बनने के बाद नक्सल मोर्चे पर पुलिस जवानों को लगातार सफलता मिल रही है।पिछले 6/7 माह में150 से अधिक नक्सली मारे जा चुके हैं,तो करीब एक हजार आत्मसम र्पण / गिरफ्तार हो चुके हैं। रणनीति के पीछे राज्य सरकार,डीजीपी अशोक जुनेजा ही हैं । फिलहाल राज्य सरकार यह नहीं चाह ती थी कि नक्सल मोर्चे पर की जा रही कार्यवाही में कोई भी रुकावट हो।हालां कि केंद्र सरकार के आदेश पर राज्य सरकार ने प्रस्ताव भेजा था ? हाल ही में 2 आईपी एस का प्रमोशन हुआ है।अरूण देव गौतम और हिमांशु गुप्ता डीजी पदोन्नत हो गए हैं।अरुण देव गौतम 1992, हिमांशु गुप्ता 1994 बैच के अफ सर हैं।अशोक जुनेजा के रिटायर मेंट की चर्चा के बीच इन दो अफसरों के प्रमोशन के बाद सरकार के पास नए डीजीपी को लेकर रास्ते खुल गए थे, लोग इस बात कयास लगा रहे थे कि इन दोनों अफसरों में से ही कोई एक जुनेजा की जगह ले सकता है। अब तो 6 माह का इंतजार बढ़ गया है, इधर 1992 बैच के आईपी एस पवनदेव के विरुद्ध विभागीय जाँच लंबित होने पर फिलहाल डीजी पदोन्नत नहीं किया गया है।जाँच पूरी होने पर पदोन्नत किया जा सकेगा जुनेजा के बाद इन तीनों में से किसी को डीजी पी बनाया जाना चाहिये,पर सरकार किसी जूनियर को भी कार्यकारी डीजीपी बना सकती है, जुनेजा अगले 6 माह बाद रिटायर होंगे, वहीं अरुणदेव गौतम जुलाई 27 पवनदेव जुलाई 28,हिमांशु गुप्ता जून 29, एसआरपी कल्लूरी मई 31,प्रदीपगुप्ता जुलाई 31,विवेकानंदसिन्हा जनवरी 32, दीपांशु काबरा जुलाई 34 में रिटायर होंगे तो एडीजी गुप्तवार्ता अमित कुमार दिसंबर 35 में सेवा निवृत होंगे।






### और अब बस

- » केंद्र ने स्वास्थ्य और जीवन बीमा का प्रीमियम भरने वालों से जीएसटी लगा 24 हजार करोड़ वसूले हैं, इसे ही कहते हैं 'आपदा में अवसर'.?
- » बांग्लादेश का विमान माना में 2015 से खड़ा है और पार्किंग किराया 4 करोड़ से अधिक हो गया है।
- » छ्ग में डबल इंजन की सरकार है या बिना इंजन की
- » निवृतमान राज्यपाल के जाने से किस विधायक को दुख है?

# नगरीय निकायों में वार्डों का परिसीमन पूरा, अब मतदाता सूची बनाने की तैयारी

**रायपुर,11 अगस्त।** विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद अब इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारियां जोर पकड़ने लगी है। नगरीय निकायों में मतदाता सूची बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसे लेकर एक-दो दिन में राज्य निर्वाचन आयोग सभी जिलों के कलेक्टरों और जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी कर सकता है।

नगरीय निकायों की संख्या की बात करें तो प्रदेश में कुल 184 नगरीय निकाय है। इनमें 14 नगर पालिक निगम, 48 नगर पालिका परिषद, और 122 नगर पंचायत शामिल है। बताया जा रहा है कि अधिकांश नगरीय निकायों में वार्डों का परिसीमन पूरा हो चुका है। यही वजह है कि अब मतदाता सूची बनाने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर जल्द की नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा।



छत्तीसगढ़ में पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव एक साथ हो सकते हैं। सरकार की ओर से मंत्री अरुण साव ने कहा कि एक समिति बनाई गई है। ये समिति सभी पक्षों पर स्टडी करेगी। इसके बाद मिलने वाली रिपोर्ट के आधार पर सरकार दोनों चुनाव एक साथ करवाने पर फैसला लेगी। शुक्रवार को नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने मीडिया से कहा कि, वन नेशन वन इलेक्शन की चर्चा हो रही है।

## आशा इक़बाल महिला पत्रकार सम्मान-2024

# देश के 5 राज्यों की 9 महिला पत्रकार होंगी सम्मानित

**रायपुर 11 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के भिलाई-रायपुर में आशा इक़बाल महिला पत्रकार सम्मान की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह प्रतिष्ठासूचक सम्मान प्रदान करने का सिलसिला वर्ष 2013 से निरंतर जारी है और अब तक 25 महिला पत्रकारों को सम्मानित किया जा चुका है। इस सम्मान से वर्ष-2024 के 12वें वर्ष में छत्तीसगढ़ सहित देश के 5 राज्यों (छ्ग,असम,महाराष्ट्र,मध्यप्रदेश एवं ओडिशा)की 9 चुनिंदा महिला पत्रकारों को सम्मानित किया जावेगा। आशा इक़बाल महिला पत्रकार सम्मान-2024 में चयनित (1)राजश्री राव यादव(नागपुर-महाराष्ट्र),(2)सेमिम सुल्ताना अहमद(गुवाहाटी-असम),(3)किरण दिनेश जैन(सिवनी-म.प्र. ),(4)मंजुला पटनायक(कोरापुट-ओडिशा),(5)बिजयालक्ष्मी(गंजाम-ओडिशा),(6)मालिनी सुब्रमण्यम(जगदलपुर-छ्ग),(7)ममता लांजेवार(रायपुर-छ ग),(8)सिमरन पन्नारे(रायगढ़-छ्ग) एवं(9)डॉ.रत्ना पांडेय(रायपुर-छ्ग)को सम्मानित किया जावेगा।ये सभी 9 महिला पत्रकार प्रतिष्ठित अखबारों,इलेक्ट्रॉनिक एवं पोर्टल मीडिया में कई वर्षों से पत्रकारिता में सक्रियता से कार्यरत हैं। यह महिला पत्रकार संम्मान इस्पात नगरी भिलाई में वरिष्ठ पत्रकार बी.डी. निज़ामी एवं उनके कर्मठ साथियों की टीम से सुसज्जित मीडिया ग्रुप(भिलाई-दुर्ग) एवं एस आर जी(भिलाई इस्पात संयंत्र) की संयुक्त प्रस्तुति में बीते 22 वर्षों से आयोजित यादें मुकेश की सांगीतिक प्रस्तुति के पूर्व होता है। आशा इक़बाल महिला पत्रकार आत्मीय सम्मान समारोह का आयोजन गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में प्रतिवर्ष की तरह आगामी 27 अगस्त को भिलाई के सेक्टर-वन स्थित नेहरू कल्चरल हाउस सभागार में होने जा रहा है।






# सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने परिवार संग मनाया सावन झूला उत्सव



**रायपुर 11 अगस्त।** मानसून सत्र के बाद दिल्ली से लौटे सांसद बृजमोहन अग्रवाल के निज आवास पर प्रति वर्ष की भांति सावन झूले का आयोजन किया गया। जिसमे परिवार के सदस्यों के साथ ही उनके पुराने मित्र अपने परिवार के साथ उपस्थित रहे, और सावन के गीतों के साथ ही झूले का आनंद लिया।

इस अवसर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, सावन का महीना हिंदू धर्म में विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। यह माह भगवान शिव की उपासना का विशेष समय है। जो भक्ति, ध्यान, और प्रकृति के प्रति प्रेम का प्रतीक है। सावन का महीना वर्षा ऋतु का भी समय होता है, जो धरती की उर्वरता, हरियाली, और जीवन के पुनरुत्थान का प्रतीक है। यह पर्व सभी के जीवन मे खुशहाली लेकर आये। अच्छी बारिश हो,अन्नदाता किसानों के साथ ही सभी छत्तीसगढ़वासियों का जीवन खुशहाल हो यही भगवान भोले शंकर से प्रार्थना करते हैं।

# गांजा तस्करी करते युवती सहित चार गिरफ्तार

**रायपुर, 11 अगस्त ।** टिकरापारा और मंदिरहसौद पुलिस ने गांजा के साथ गांजा तस्करी करते अलग-अलग मामलों में युवती सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 56 किलो 372 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कुल कीमत करीब 8 लाख 69 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने भाठागांव बस स्टेण्ड के पास आरोपी रितेश भोथरे 23 वर्ष व राजाराम राजपूत 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 6 किलो 72 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कार क्रमांक सीजी 04 पीबी 4532 में सवार आरोपी सतीश अग्रवाल 42 वर्ष व कुमारी तामेश्वरी 18 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कार में रखे 50 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सरेआम शराब पीते 7 पकड़ाए

**रायपुर, 11 अगस्त ।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर रावाभाठा में सरेआम शराब पीते आरोपी संजय साहू 39 वर्ष व रामजी वर्मा 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी घनश्याम साहहू 34 वर्ष, प्रमोद सेन 30 वर्ष व योगेन्द्र साहू 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी चंद्रकांत बेनिया 29 वर्ष व तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी संजय कुमार साहू 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# बच्चों को अंडे और दूध के सेवन के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास

**रायपुर 11 अगस्त।** सनफीस्ट हमेशा से ही ग्राहकों को कुछ नया और खास अनुभव प्रदान करने के लिए मशहूर रहा है। इसी कड़ी में ITC सनफीस्ट ने आज मुर्गी और गायों के बीच अपनी अनोखी कॉन्फ्रेंस की अयोजना की है। इस कॉन्फ्रेंस में प्रतिनिधियों के बीच एक चर्चा हुई, जहां उन्होंने अच्छा पोषण प्रदान करने में उनके योगदान पर जोर देते हुए बच्चों के लिए दूध और अंडे को अधिक आकर्षक बनाने की चुनौतियों पर विनोदपूर्वक प्रकाश डाला।

सम्मेलन में साधारण बातचीत के बाद, एक बड़ी पैनल चर्चा आयोजित की गई। इस चर्चा में विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियां भी शामिल हुईं। यहां उपस्थिति मशहूर हस्तियों में श्री मदन मोहन मैती, चेयरमैन, नेशनल एग कोऑर्डिनेशन कमेटी पश्चिम बंगाल, डॉ. दुलाल चंद्र सेन, वाइस चेयरमैन, IDA पूर्वी क्षेत्र, डॉ. अनन्या भौमिक, क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट एवं लाइफस्टाइल कंसल्टेंट, सेलिब्रिटी मॉम कोनिका बनर्जी, अर्चना सिन्हा, को-फाउंडर एवं सीईओ, नरिशिंग स्कूल्स उपस्थित थी। पैनल ने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों के विकास के सालों में अंडा और दूध दोनों ही बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। ये दोनों विटामिन ए, डी, ई, आयरन आदि जैसे कई अन्य पोषक तत्वों के साथ प्रोटीन का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं। पैनल ने बच्चों के लिए दूध और अंडे के सेवन को और अधिक रोमांचक बनाने के नए तरीकों को विकसित के तरीकों पर भी चर्चा की।

## छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान की तिथि को बढ़ाने का किया अनुरोध

# चेम्बर ने वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर 11 अगस्त।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी के नेतृत्व में चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल ने माननीय श्री ओ.पी. चौधरी जी, वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान अधिनियम, 2023 (सरल समाधान योजना) की तिथि को 31.12.2024 तक बढ़ाने का अनुरोध किया ।



चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने पत्र के माध्यम से बताया कि बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान अधिनियम, 2023 (सरल समाधान योजना) के अतंर्गत बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति की निपटान हेतु अधिसूचना दिनांक 15.09.2023 को जारी किया गया है जिसकी अंतिम तिथि 31.03.2024 थी। श्री पारवानी ने माननीय वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री महोदय से अनुरोध किया है कि उक्त योजना में हजारों की संख्या में प्रकरण शामिल हो गये है तथा वर्त्तमान में बड़ी संख्या में और भी नए प्रकरण शामिल होने शेष हैं। मार्च माह में अत्यधिक अवकाश होने के कारण उक्त योजना में व्यवसायी भाग नही ले सके। अतः छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान अधिनियम, 2023 (सरल समाधान योजना) की तिथि को 31.12.2024 तक बढ़ाया जावे ताकि अधिक से अधिक व्यवसाइयों को इस योजना का लाभ मिले साथ ही प्रशासन को एकमुश्त राजस्व की प्राप्ति हो सके। फलस्वरूप प्रदेश के व्यापारिगण जीएसटी पर ध्यान केन्द्रित कर अपने व्यवसाय का सञ्चालन सरलता से कर सके। जिस पर प्रदेश वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी जी ने सकारात्मक दिखाते हुए उचित कदम उठाने की बात कही । इस अवसर पर चेंबर कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सातवें वेतनमान के आधार पर पेंशन देने की मांग

**रायपुर 11 अगस्त।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय कर्मचारी संघ के पूर्व सचिव प्रदीप कुमार मिश्र जी के साथ सेवानिवृत कर्मचारीयो की प्रतिनिधि मंडल में सर्व श्री शिरिष त्रिवेदी , कोमल प्रसाद राठौर ,तीर्थराम यादव , गणेश राम यादव, राकेश शुक्ला, सोनसाय ठाकुर, लक्ष्मीकांत तिवारी और भूपेंद्र कुमार जेठवा विष्णु राम वर्मा जी के साथ हमारे प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा जी को अपना पक्ष रखते हुए मांगपत्र दिये। प्रदीप कुमार मिश्र जी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी विश्व विद्यालय के समस्त सेवानिवृत शिक्षक, अधिकारी, और कर्मचारीगण जो विश्वविद्यालय में सेवारत रहते हुए सातवें वेतनमान के वेतन का लाभ लेते हुए सेवा निवृत होते हैं तब उन्हें सेवानिवृति उपरांत छठवे वेतनमान के आधार पर पेंशन दिया जाता है जबकि सेवानिवृत कर्मचारी सातवें वेतनमान के आधार पेंशन की पात्रता रखतें हैं। प्रदीप मिश्र जी ने बताया कि 31 दिसंबर 2015 के पूर्व किसी भी वर्ग का विश्वविद्यालयीन कर्मचारी सेवानिवृत होता है उसे सातवें वेतनमान के आधार पर पेशन देने के लिए शासन ने आदेश जारी किया है । जबकि ये कर्मचारीगण अपने सेवा काल में सातवें वेतन मान के आधार पर एक भी दिन का वेतन नहीं लिए हैं। इसी प्रकार 1 जनवरी 2016 से छत्तीसगढ़ शासन ने अपने प्रदेश के समस्त शासकीय कर्मचारीयों के लिए सातवें वेतनमान लागू करते हुए उसके समस्त लाभ देने हेतु आदेश जारी किया हुआ है ।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26